# हरिभूमि

नई दिल्ली

मंगलवार, 30 अप्रैल 2024

वैशाख मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 19

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



**मौसम**

अधि. 41

न्यून. 27

### श्रद्धालुओं की संख्या 16 लाख के पार

## चार धाम यात्रा के लिए समय सीमा तय



**नई दिल्ली।** 10 मई से शुरू होने वाली चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वाले भक्तों की संख्या 16 लाख से ज्यादा हो गई है। बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार ने श्रद्धालुओं की अधिकतम सीमा तय कर दी है। अब चारों तीर्थ स्थानों पर प्रतिदिन तय सीमा के अनुसार ही श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। तय सीमा के मुताबिक यमुनोत्री के लिए 9 हजार, गंगोत्री के लिए 11 हजार, केदारनाथ के लिए 18 हजार और बद्रीनाथ के लिए 20 हजार श्रद्धालु प्रतिदिन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे।






# मोदी के नाम, काम और मोदी की गारंटी, उससे भरोसा है कि जीतेंगे छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद

inh न्यूज विशेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल में जो काम किए हैं, उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उसी के साथ हमारी सरकार ने सौ दिनों में जिस तरह से मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया, उससे भरोसा है कि प्रदेश की जनता इस बार भाजपा को 11 की 11 सीटों पर आशीर्वाद देकर जीत दिलाने का काम करेगी। हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से चुनावी संवाद में हुई बातचीत के अंश प्रस्तुत हैं।



**ये भी बोले साय**

सामने वाले को कमजोर नहीं मान रहे हैं। लोग जब मोदी जी और भाजपा के पक्ष में विश्वास दिखाते हैं तो सारा तनाव और थकान मिट जाती है।

कांग्रेस की बड़ी दुर्गति है, कांग्रेस ने जनता का विश्वास खोया है। सरकार में आने से पहले कांग्रेस ने जो 36 वादे किए थे, वो पूरे ही नहीं किए।

### उनसे सीधी बात

**सवाल:** लोकसभा चुनाव में क्या लग रहा है?


**जवाब:** वातावरण बहुत अच्छा दिख रहा है, मोदी जी की लोकप्रियता लगातार बढ़ी है। उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की बात है, सभी लोग उत्साहित हैं। हम अभी तक 45 से ज्यादा विधानसभाओं में चुनावी सभाएं कर चुके हैं। मोदी जी के दस साल के कामों का असर जनता में है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने सौ दिनों में मोदी की गारंटी को पूरा करने का भी काम किया है, इसका भी असर दिख रहा है। दूसरे चरण के चुनाव में भी अच्छा मतदान हुआ है। भाजपा के प्रति अच्छा रूझान लोगों का है।

**सवाल:** पहली बार है जब मुख्यमंत्री के तौर पर चुनाव लड़वा रहे हैं, कितने दबाव में हैं आप?

**जवाब:** हमारे लिए पहला अवसर है, मुख्यमंत्री के नाते चुनाव प्रचार करना। 11 लोकसभा हैं, 90 विधानसभा हैं, लोगों का रूझान भाजपा और मोदी जी के पक्ष में है। लोगों से मिलकर अच्छा लग रहा है। तनाव थोड़ा तो रहता है, चुनाव को चुनाव की दृष्टि से ले रहे हैं। सामने वाले को कमजोर नहीं मान रहे हैं। लोग जब मोदी जी और भाजपा के पक्ष में विश्वास दिखाते हैं तो सारा तनाव और थकान मिट जाती है।

**सवाल:** बड़े लक्ष्य ले लिए हैं, चार सौ पार, छत्तीसगढ़ में सभी 11 सीटें जीतने का?

**जवाब:** देखिए 2014 में अकेले भाजपा को 282 सीटें मिली थीं। 2019 में जनता ने मोदी जी के काम को देखते हुए 303 सीटें भाजपा को दी थीं। जनता मोदी जी के दस साल के कामों को देख रही है। मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त किया है। पार्टी का लक्ष्य है अकेले भाजपा 370 से ज्यादा सीट जीतने और एनडीए 400 पार करेगी। जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है हमें भरोसा ▶▶ शेष पेज 5 पर






### खबर संक्षेप

#### अब 18 जून को होगी यूजीसी नेट परीक्षा



**नई दिल्ली।** यूजीसी नेट की एग्जाम डेट बदली है। यह फैसला लोक सेवा आयोग की प्रीलिम्स से डेट टकराने के चलते लिया गया। अब यह परीक्षा 18 जून को होगी। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी यूजीसी प्रमुख जगदेश कुमार ने दी है। विस्तृत डिटेल्स अभी नहीं जारी किया गया है।

#### जेईई एडवांस के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित जेईई मेन की परीक्षा में क्वालीफाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए जेईई एडवांस के आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यार्थी आगामी सात मई तक जेईई एडवांस के लिए आवेदन कर सकते हैं। एनटीए की वेबसाइट पर प्रारूप जारी किया है। 26 मई को परीक्षा होगी।

#### पिकअप व मिनी ट्रक की भिड़ंत से 9 की मौत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के कठिया गांव में पेट्रोल पंप के पास बीती रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक पिकअप और मिनी ट्रक की जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में पांच महिलाओं और तीन बच्चों सहित 9 की मौत हुई है। जबकि गाड़ी में सवार अन्य 23 लोग घायल हो गए है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया है।

### पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने ताजा इंटरव्यू में कहा-4 जून के बाद यह साफ है कि मुझे अगले 100 दिन और 2047 तक क्या करना है?

# घर की बिजली और ट्रांसपोर्ट पर होने वाला खर्च घटाकर जीरो पर ले आएंगे

◆ *पीएम मोदी ने कहा कि मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हम 11वीं पॉजिशन पर थे। हम काफी कोशिश के बाद इसे 5वें पायदान पर लाए। अब हम और कोशिश करेंगे और देश को तीसरे पायदान पर लाएंगे।*

#### नई सरकार का अगले 100 दिन का प्लान बताया

4 जून के बाद यह साफ है कि मुझे अगले 100 दिन और 2047 तक क्या करना है। 2047 तक विकसित भारत को लेकर मेरी सोच स्पष्ट है। यही वजह है कि मैं 2047 को 24 बाय 7 कहता हूं।

#### यह मेरे लिए प्रार्थना का समय

पीएम ने कहा कि यह मेरे लिए प्रार्थना का समय है, क्योंकि मैं 140 करोड़ देवताओं की पूजा कर रहा हूं। मैं इसी भावना के साथ आगे बढ़ता हूं, जो मुझे आगे बढ़ाती है। इसीलिए मैं कभी नहीं थकता क्योंकि मैं भगवान के दर्शन करके घर लौटता हूं।

#### भारत मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप हब भी बनेगा



दुनिया में इंडियन इकोनॉमी की स्थिति के बारे में बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हम 11वें पॉजिशन पर थे। हम काफी कोशिश के बाद इसे 5वें पायदान पर लाए। अब हम और कोशिश करेंगे और देश को तीसरे पायदान पर लाएंगे। इसलिए हम हर सेक्टर में अपनी पॉलिसी जारी रखना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार अगले पांच साल में इंडिया को स्टार्टअप हब, मैन्युफैक्चरिंग हब और इनोवेशन हब बनाने की भी कोशिश करेगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी कोशिश लोगों का बिजली और ट्रांसपोर्ट पर होने वाला खर्च घटाकर जीरो पर लाने की है। उन्होंने यह भी कहा कि तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर उनकी प्राथमिकता इंडिया को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना होगी। प्रधानमंत्री ने ये बातें एक ताजा इंटरव्यू में कहीं। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### पीएम मोदी ने तीन प्राथमिकताएं बताईं

पीएम मोदी ने कहा कि मैं तीन चीजें चाहता हूं। पहला, हर घर का बिजली पर होने वाला खर्च जीरो हो जाए। दूसरा, हम अतिरिक्त बिजली को बेचकर पैसे कमाएं। तीसरा, हम ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं, क्योंकि इलेक्ट्रिक व्हीकल का जमाना आएगा। उन्होंने कहा कि घर में रिन्यूएबल एनर्जी की सुविधा होने से आम आदमी पेट्रोल और डीजल पर पैसे खर्च करने की बजाए घर में स्कूटर ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### मैं तो अपने लिए नहीं जीता

मोदी ने कहा कि मेरे लिए दो भगवान हैं- एक जो हमें दिखाई नहीं देता और दूसरा भगवान है जनता। मैं जनता को भगवान का रूप मानता हूं। मुझे ऊपर वाले पर भरोसा है, जिसने मुझे इस काम के लिए भेजा है और जनता ने मुझे आशीर्वाद दिया है। मैं इतना काम कैसे कर पाता हूं, मैं अपने लिए नहीं जीता हूं। मैं हमेशा इस बात का ध्यान रखता हूं कि मेरे पास जितना भी समय हो, मैं हर पल अपने देश के लिए काम करूं। यह मेरे लिए प्रार्थना का समय है, क्योंकि मैं 140 करोड़ देवताओं की पूजा कर रहा हूं। मैं इसी भावना के साथ आगे बढ़ता हूं, जो मुझे आगे बढ़ाती है। इसीलिए मैं कभी नहीं थकता क्योंकि मैं भगवान के दर्शन करके घर लौटता हूं।

### शाह के फर्जी वीडियो केस में पहली कार्रवाई

## असम से 1 गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना सीएम को किया 'तलब'

गृह मंत्रालय ने शिकायत में लिखा था कि यह पाया गया है कि फेसबुक और ट्विटर के उपयोगकर्ताओं द्वारा कुछ छेड़छाड़ किए गए वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं।



#### फर्जी वीडियो के प्रसार के संबंध में एफआईआर दर्ज

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले में गृह मंत्रालय की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने जहां तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को नोटिस भेजा तो वहीं असम पुलिस भी एक्शन में है। इस सिलसिले में अब असम से रीतम सिंह नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इस बात की जानकारी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने अपने एक्स हैंडल पर दी है। दिल्ली पुलिस के अनुसार विशेष सेल ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर आरक्षण के मुद्दों के संबंध में केंद्रीय गृह ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### वीडियो के सोर्स का लगाया जा रहा पता

*दिल्ली पुलिस ने एक्स और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को पत्र लिखकर इस फर्जी वीडियो के स्रोत के बारे में जानकारी मांगी है, जिसे ऑनलाइन शेयर किया गया था। पुलिस की स्पेशल सेल ने गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर की शिकायत के बाद शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो के मामले में एफआईआर दर्ज की थी। स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस यूनिट ने अब वीडियो के स्रोत और इसे फैलाने वालों की पहचान करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संपर्क किया है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के डीसी सिंकू शरण सिंह द्वारा दायर शिकायत में कहा गया कि छेड़छाड़ किया गया वीडियो समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा करने के इरादे से सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जा रहा, जिससे सार्वजनिक शांति और सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी ने भी वीडियो* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सर्वे को रोकने के लिए लगी सभी आपत्तियां खारिज

## भोजशाला में सर्वे के लिए एएसआई को मिला और आठ सप्ताह का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

हाईकोर्ट ने सोमवार को धार के भोजशाला में सर्वे की समय सीमा बढ़ाने की मांग को मान लिया है। एएसआई को हाईकोर्ट ने सर्वे के लिए आठ सप्ताह का समय और दिया है। अब एएसआई सर्वे के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सकेगा। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों के तर्क सुने और फिर एएसआई को सर्वे के लिए 5 जुलाई तक



का समय दिया। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से सोमवार को हुई सुनवाई में सीनियर एडवोकेट विष्णुशंकर जैन (नई दिल्ली) और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कीटनाशक होने के चलते कार्रवाई की थी

## मसालों में टायफॉइड वाले बैक्टीरिया के चलते अमेरिका ने एंट्री को रोका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असली मसाले सच-सच, एमडीएच-एमडीएच! महाशियान दी हट्टी यानी एमडीएच की टैगलाइन भले ही असली मसाले बेचने की बात कहती हो, लेकिन फिलहाल ऐसा लग रहा है कि सच जैसा कुछ है नहीं। हाल ही में सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग ने भारतीय ब्रांड एवरेस्ट और एमडीएच पर मसालों में कीटनाशक होने



के चलते कार्रवाई की थी। और अब ऐसा लगता है कि मसाला संकट बढ़ता जा रहा है। अब यूनाइटेड स्टेट्स द्वारा भी एमडीएच मसालों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एस्ट्राजेनेका कोविड वैक्सीन से हो सकते हैं साइड इफेक्ट्स

## शरीर में खून के थक्के जमने से ब्रेन स्ट्रोक, कार्डियक अरेस्ट की आशंका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका कोविड वैक्सीन को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। इसे बनाने वाली एस्ट्राजेनेका ने यूके हाईकोर्ट में दिए गए अपने अदालती दस्तावेजों में पहली बार माना है कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन से थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) जैसे दुर्लभ साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। बता दें एस्ट्राजेनेका वैक्सीन को



कंपनी का यूके हाईकोर्ट में कबूलनामा

कई देशों में कोविशील्ड और वैक्सजेवरिया ब्रांड नामों के तहत बेचा गया था। टीटीएस शरीर में खून के में खून के थक्के जमने की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भाजपा नेता देवराज गौड़ा ने किया दावा

## पेनड्राइव में मिले 2976 अश्लील वीडियो, की जाती थी 'ब्लैकमेलिंग'

एजेंसी ▶▶ हासन

कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में भाजपा नेता ने एक बड़ा खुलासा किया है। भाजपा नेता ने दावा किया है कि उन्हें अश्लील वीडियो में भरी एक पेनड्राइव पहले मिली थी, जिसके बारे में प्रदेश अध्यक्ष को सूचित किया गया था।

इस पूरे विवाद में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और सांसद प्रज्वल रेवन्ना का नाम सामने आ रहा है, जिसने कर्नाटक की



सियासत में खलबली मचा दी है। जानकारी के मुताबिक साल 2024 में होलनरसीपुरा में भाजपा के उम्मीदवार रहे देवराज गौड़ा ने प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को पत्र लिखा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नामांकन वापसी पर भाजपा-कांग्रेस के बीच हुई झड़प

## नाम वापसी के अंतिम दिन : देश में सूरत के बाद इंदौर में फूटा एक और 'सियासी बम', कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम ने अचानक वापस ले लिया अपना 'नामांकन'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नाम वापसी के अंतिम दिन सोमवार को इंदौर में बड़ा राजनीतिक धमाका हो गया। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय बम ने अचानक कलेक्टर कार्यालय जाकर अपना नामांकन फार्म वापस ले लिया। उन्होंने भाजपा में शामिल होने की घोषणा भी कर दी। बम के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मैंदोला। योजना इंदौर में ▶▶ शेष पेज 5 पर



#### देर शाम को सदस्यता दिलाई मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने

इंदौर घटनाक्रम के कारण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम में कुछ परिवर्तन हुआ है। पहले वे झारखंड से सीधे भोपाल आने वाले थे लेकिन अब वे पहले इंदौर पहुंचे। इंदौर में अक्षय बम सहित अन्य नेताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इसके बाद इंदौर से भोपाल आए। यह जानकारी इंदौर भाजपा अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने मीडिया को दी। नामांकन वापसी के बाद कैलाश विजयवर्गीय ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम का भाजपा में स्वागत है।

#### कांग्रेस अध्यक्षों को दे देना चाहिए इस्तीफा

अक्षय बम द्वारा नामांकन वापस लेने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मैंने पहले ही कहा था, मध्यप्रदेश पूरा मोदी मय हुआ है, पूरे देश में प्रचंड आंधी चल रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जिस नगर में रहते हों, उस जिले का प्रत्याशी यदि अपनी लोकसभा की टिकट लौटा रहा है तो इसका मतलब है कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपना इस्तीफा दे देना चाहिए।

# प्रधानमंत्री मोदी को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने की मांग करने वाली याचिका खारिज

## हाईकोर्ट ने कहा-याचिका में कोई दम नहीं है और यह पूरी तरह से एक गलत धारणा पर थी आधारित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

याचिका में प्रधानमंत्री मोदी पर देवी-देवताओं के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ यह कार्रवाई की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है और यह पूरी तरह से एक गलत धारणा पर आधारित थी। याचिकाकर्ता एवं अधिवक्ता आनंद एस जोंधले ने अपनी याचिका में अदालत से देवी-देवताओं और पूजा स्थलों के नाम पर कथित तौर पर वोट मांगने के लिए मोदी के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया था। आनंद एस जोंधले ने तर्क दिया कि मोदी ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है और यह भारतीय दंड



संहिता तथा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अपराध है। देश में इस समय लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि याचिका कई कारणों से पूरी तरह से गलत है।

अदालत ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता ने 10 अप्रैल को भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को एक शिकायत प्रस्तुत की थी और आयोग द्वारा शिकायत का निपटारा किए जाने से पहले ही इस अदालत में याचिका दाखिल कर दी गई। हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता का मानना है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है। यह पूर्वधारणा पूर्णतः अनुचित है। इस अदालत को यह अनुमति नहीं है कि वह भारत निर्वाचन आयोग को याचिकाकर्ता की शिकायत या उस मामले की किसी अन्य शिकायत पर विशेष दृष्टिकोण अपनाने तथा याचिकाकर्ता द्वारा मांगे गए अनुदेशात्मक निर्देश जारी करने का आदेश दे। अदालत ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग याचिकाकर्ता की शिकायत पर स्वतंत्र दृष्टिकोण अपनाएगा और यदि वह (शिकायतकर्ता) इससे व्यथित है, तो वह कानून के तहत उपलब्ध उचित उपाय का सहारा लेने के लिए स्वतंत्र है। याचिका पर सुनवाई के दौरान, निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील सिद्धांत कुमार ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा की गई शिकायत पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी और उचित आदेश पारित किए जाएंगे। याचिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने नौ अप्रैल को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में एक भाषण दिया था। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि अपने भाषण के दौरान, प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से हिंदू देवी-देवताओं और हिंदू पूजा स्थलों के साथ-साथ सिख देवताओं और सिख पूजा स्थलों के नाम पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट देने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री को देवी-देवताओं और पूजा स्थलों के नाम पर वोट मांगने से रोकने की मांग भी की।

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल और आतिशी के खिलाफ मानहानि की शिकायत दायर

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्री आतिशी के खिलाफ सोमवार को यहां एक अदालत में आपराधिक शिकायत दायर कर उन पर भाजपा और पार्टी के सदस्यों की मानहानि का आरोप लगाया गया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट तान्या बामनियाल के समक्ष शिकायत दर्ज की। न्यायाधीश ने मामले को चार मई को समन-पूर्व साक्ष्य दर्ज करने के लिए सूचीबद्ध किया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आप के दोनों नेताओं ने भाजपा पर 'आप' विधायकों को खरीदने और राज्य सरकार को गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए 'झूठे और मनगढ़ंत बयान' दिए जिसका मकसद भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं की प्रतिष्ठा को आम जनता में कम करना था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इस प्रकार के दुर्भावनापूर्ण/निंदनीय बयानों के जरिए आप और उसके सहयोगी भाजपा और उसके सदस्यों को बदनाम करते हैं और प्रेस वार्ता के मंच का उपयोग करते हुए झूठे बयान देकर राजनीतिक लाभ हासिल करने की कोशिश करते हैं।

### 69 महिलाओं को 'बिना महरम' हज पर भेजने की तैयारी शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली हज समिति की अध्यक्ष कौसर जहां ने सोमवार को कहा कि 69 मुस्लिम महिलाओं को बिना महरम (ऐसे पुरुष साथी जिससे महिला की शादी नहीं हो सकती हो) के हज यात्रा पर भेजने की तैयारी शुरू हो गई है। जहां ने कहा कि महिलाओं को हज समिति के कार्यालय में प्रशिक्षण दिया गया और यात्रा के दौरान किसी भी मुश्किल से निपटने में काम आने वाली जानकारियां उपलब्ध कराई गईं। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार में हज सुविधाओं को नियमित रूप से बढ़ाया गया है। हज सुविधा ऐप जारी किया है जिसका इस्तेमाल मदद प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है।

## नगर निगम स्कूलों के मामले में एनजीओ की जनहित याचिका पर सुनवाई

# मुख्यमंत्री लंबे समय तक अनुपस्थित नहीं रह सकते, यह राष्ट्रहित के खिलाफ : हाईकोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल का गिरफ्तारी के बावजूद मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का फैसला 'निजी' है; लेकिन इसका अभिप्राय यह नहीं है कि स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों के मौलिक अधिकारों को रौंद दिया जाए। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि केजरीवाल की अनुपस्थिति एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकों, लेखन सामग्री और वर्दी के बिना पहला सत्र पूरा करने की अनुमति नहीं देती।

### सातों दिन और 24 घंटे उपलब्ध रहना जरूरी

अदालत ने कहा कि दिल्ली जैसी व्यस्त राजधानी ही नहीं किसी भी राज्य में मुख्यमंत्री का पद कोई औपचारिक पद नहीं है। उसने कहा कि यह एक ऐसा पद है जहां पदधारक को बाढ़, आग और बीमारी जैसी प्राकृतिक आपदा या संकट से निपटने के लिए सातों दिन 24 घंटे उपलब्ध रहना पड़ता है। कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति पी.एस.अरोड़ा की पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय हित और सार्वजनिक हित की मांग है कि इस पद पर रहने वाला कोई भी व्यक्ति लंबे समय तक या अनिश्चित समय के लिए संपर्क से दूर या अनुपस्थित न रहे। यह कहना कि आदर्श आचार संहिता के दौरान कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लिया जा सकता अनपुयक्त है। केजरीवाल को 21 मार्च को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार किया गया था और वह सात मई तक न्यायिक हिरासत में हैं। अदालत गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सोशल जूरिस्ट' की एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



### एमसीडी आयुक्त को 14 मई तक नई स्थिति रिपोर्ट भी दाखिल करने का निर्देश

हाईकोर्ट ने कहा कि चूंकि एमसीडी स्कूलों के छात्र संवैधानिक और वैधानिक अधिकारों के तहत मुफ्त पाठ्यपुस्तकें, लेखन सामग्री और वर्दी पाने के हकदार हैं। स्कूल जल्द ही गर्मियों की छुट्टियों के लिए बंद होने वाले हैं, इसलिए एमसीडी आयुक्त को निर्देश दिया जाता है कि पांच करोड़ रुपये की व्यय सीमा से बाधित हुए बिना दायित्वों को तुरंत पूरा करने के लिए आवश्यक खर्च उठाए। अदालत ने कहा कि हालांकि, एमसीडी आयुक्त द्वारा किया गया व्यय वैधानिक ऑडिट के अधीन होगा। एमसीडी आयुक्त को 14 मई तक एक नई स्थिति रिपोर्ट भी दाखिल करने के लिए कहा गया है। अदालत ने कहा कि दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज के इस बयान में काफी हद तक सच्चाई है कि एमसीडी आयुक्त की वित्तीय शक्ति में किसी भी वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री की मंजूरी की आवश्यकता होगी और यह एक स्वीकारोक्ति के समान है कि दिल्ली सरकार का काम मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति के कारण रुका हुआ है। अदालत ने कहा कि निस्संदेह, कोई नया नीतिगत निर्णय नहीं लिया जा सकता है, लेकिन संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को हर दिन महत्वपूर्ण और तत्काल निर्णय लेने पड़ते हैं। उदाहरण के लिए, एमसीडी के विद्यालयों में मौजूदा नीतियों के अनुसार मुफ्त पाठ्यपुस्तकें, लेखन सामग्री और वर्दी बांटना और साथ ही टूटी कुर्सियों और मेजों को बदलना एक जरूरी और तत्काल लिया जाने वाला निर्णय है जिसमें कोई देरी नहीं होती है और जो आदर्श आचार संहिता के दौरान निषिद्ध नहीं है। पीठ ने कहा कि मुख्यमंत्री की अनुपलब्धता या स्थायी समिति का गठन न होना या दिल्ली नगर निगम अधिनियम के कुछ प्रावधानों का अनुपालन न करना स्कूल जाने वाले बच्चों को उनकी मुफ्त पाठ्यपुस्तकें, लेखन सामग्री और वर्दी तुरंत प्राप्त करने में रोड़ा नहीं बन सकता।

### शैक्षिक सामग्री अब तक नहीं मिली

एनजीओ का पक्ष अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने रखा। याचिका में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के बाद भी एमसीडी के विद्यालयों में विद्यार्थियों को शैक्षिक सामग्री और अन्य वैधानिक लाभों की आपूर्ति न होने का मुद्दा उठाया गया है। एमसीडी के आयुक्त ने इससे पहले अदालत को बताया था कि स्थायी समिति गठित नहीं होने की वजह से यह सुविधाएं नहीं दी गई क्योंकि उसी के पास पांच करोड़ रुपये से अधिक के ठेकों देने का अधिकार प्राप्त है।

## टिप्पणी दिल्ली के इतिहास का काला दिन : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट की सोमवार को की गई टिप्पणी दिल्ली सरकार के लिए शर्मनाक है और यह दिन दिल्ली के इतिहास का काला दिन है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली हाई कोर्ट के निर्णय के बाद सोमवार को दिल्ली सरकार को लेकर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम स्कूलों में अव्यवस्था से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही दिल्ली हाईकोर्ट की खंडपीठ ने तीन दिन में दूसरी बार



ना सिर्फ दिल्ली सरकार एवं दिल्ली नगर निगम को फटकार लगाई बल्कि नगर निगम के स्कूलों में अव्यवस्था के लिए सीधे तौर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं मंत्री सौरभ भारद्वाज को दोषी मानते हुए उनके व्यवहार पर कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट की खंडपीठ का कहना है कि दिल्ली जैसी व्यस्त राजधानी में मुख्यमंत्री का पद कोई औपचारिक पद नहीं है, यह ऐसा पद है जहां कार्यालय धारक को 24×7 उपलब्ध रहना होता है।सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणी की राष्ट्रीय हित और सार्वजनिक हित की मांग है कि मुख्यमंत्री पद पर रहने वाला कोई भी व्यक्ति लंबे समय तक या अनिश्चित अवधि के लिए अनुपस्थित ना रहे, दिल्ली के मुख्यमंत्री को न्यायपालिका का संदेश है कि वह जनहित में इस्तीफा दें। सचदेवा ने कहा है कि अब यह स्पष्ट है कि अरविंद केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी की हठधर्मी के कारण दिल्ली नगर निगम के विकास एवं रखरखाव कार्य ठप हो गये हैं या तो आप दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति का चुनाव करवाये या जनविरोध का सामना करने को तैयार रहे। हाईकोर्ट की सोमवार की टिप्पणियों के बाद अरविंद केजरीवाल एवं सौरभ भारद्वाज को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं बचा है।

## एमसीडी में कार्य बाधित होने के लिए केवल भाजपा व एलजी जिम्मेदार : संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति का गठन नहीं होने या कार्य बाधित होने के लिए केवल भाजपा और उसके एलजी जिम्मेदार हैं। एलजी ने न केवल मनमाने ढंग से भाजपा के नेताओं को एल्डरमैन नामित किया, बल्कि उन्हें वोट का भी अधिकार दे दिया। यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो कोर्ट ने एल्डरमैन को मिले वोट के अधिकार पर रोक लगा दी, जबकि उनके मनोनीत का मामला विचाराधीन है।



स्थायी समिति गठित न होने से प्रभावित हो रहे काम लेकर सोमवार को आए दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने पार्टी का पक्ष रखते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक के लिए निगम ने सदन को विकास संबंधित फैसला लेने का अधिकार दिया था, लेकिन अधिकारी इसे नहीं मान रहे हैं। जहां तक इस्तीफे की बात है, तो अरविंद केजरीवाल को किसी पद का लालच नहीं है। हमने पूरी दिल्ली में सर्वेक्षण कराकर राय मांगी थी और जनता ने एकमत में कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री थे, हैं और रहेंगे।

### केजरीवाल मुख्यमंत्री थे, हैं और रहेंगे

संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल को इस्तीफा न देने का निर्णय केंद्र की तानाशाह भाजपा सरकार के खिलाफ लोकतांत्रिक ढंग से अपने अधिकारों का इस्तेमाल करना है। हमने पूरी दिल्ली में सर्वेक्षण कराकर राय मांगी थी और जनता ने एकमत में कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री थे, हैं और रहेंगे। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा लेने के लिए तीन बार याचिका दाखिल हुई और हर बार कोर्ट ने कहा, केजरीवाल को इस्तीफा देने की जरूरत नहीं। दिल्ली की जनता का काम न पहले बाधित था, न है और न आगे बाधित होगा, सरकार के सभी मंत्री अच्छा काम कर रहे हैं। एमसीडी में स्थायी समिति न होने से बाधित हो रहे काम को लेकर सोमवार को आए दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को लेकर आम आदमी पार्टी पार्टी ने अपना पक्ष रखा। सांसद संजय सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के प्रति पूरा सम्मान व्यक्त करते हुए हम यह मानते हैं कि अरविंद केजरीवाल एक सच्चे देशभक्त हैं। उनकी देशभक्ति, निष्ठा और उनकी ईमानदारी पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। उनके विरुद्ध एक राजनीतिक षड़यंत्र किया गया है। मोदी सरकार ने तानाशाही के तहत उन्हें जबरन जेल में डाला है, ये अब किसी से छिपा नहीं है।

### तानाशाही के खिलाफ लड़ने का सवाल है

संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल को किसी पद का लालच नहीं है। अरविंद केजरीवाल वो व्यक्ति हैं, जिन्होंने जब सिद्धांतों की बात आई तो 49 दिन की सरकार में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। अरविंद केजरीवाल ने आईआरएस की नौकरी को लात मार कर देश की सेवा का संकल्प लिया। यह किसी पद के लालच का सवाल नहीं है। बल्कि यह तानाशाही के खिलाफ लड़ने का सवाल है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा न देने का निर्णय केंद्र की भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ लोकतांत्रिक ढंग से अपने अधिकारों का इस्तेमाल करने का निर्णय है।

## अधीनस्थ अदालत में जमानत अर्जी क्यों नहीं दायर की : सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किये गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सोमवार को पूछा कि उन्होंने अधीनस्थ अदालत में जमानत याचिका दायर क्यों नहीं की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली आम आदमी पार्टी (आप) नेता की याचिका पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने केजरीवाल की ओर से उपस्थित हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि आपने जमानत के लिए कोई अर्जी अधीनस्थ अदालत में दायर नहीं की थी? सिंघवी ने जवाब दिया कि नहीं। न्यायालय ने पूछा कि आपने जमानत के लिए कोई अर्जी क्यों नहीं दायर की? केजरीवाल के वकील ने कहा कि इसके कई कारण हैं जिनमें मुख्यमंत्री की 'गैरकानूनी' गिरफ्तारी भी शामिल है। विषय की सुनवाई जारी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। इससे पहले, दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें धन शोधन रोधी एजेंसी की दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इनकार कर दिया था। मुख्यमंत्री वर्तमान में यहां तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को ईडी को एक नोटिस जारी किया था और केजरीवाल की याचिका पर उसका जवाब मांगा था।



## किरोड़ीमल कॉलेज में विदेश मंत्री का संबोधन

# भारत के विभाजन से पूर्वोत्तर का प्राकृतिक संपर्क टूट गया, विकास पर पड़ा असर: एस. जयशंकर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत के विभाजन से कई मायने में पूर्वोत्तर राज्यों का प्राकृतिक संपर्क टूट गया और राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों के कारण क्षेत्र के विकास पर असर पड़ा।

जयशंकर दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज में 'दक्षिण पूर्व एशिया और जापान के साथ पूर्वोत्तर भारत का एकीकरण : आर्थिक संबंधों और पारिस्थितिक संरक्षण का संतुलन' विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। छात्रों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत के विभाजन ने कई मायनों में उस प्राकृतिक संपर्क को तोड़ दिया जो पूर्वोत्तर के पास था। इसके परिणामस्वरूप, पूर्वोत्तर में जिस स्तर पर विकास होना चाहिए था, वह धीमा पड़ गया। विभाजन के बाद पहले कुछ दशकों में राजनीतिक बाधाओं और प्रशासनिक मुद्दों के कारण पूर्वोत्तर को वह लाभ नहीं मिला जो देश के अन्य हिस्सों को मिल सका। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर में मौजूदा आर्थिक स्थिरता मजबूत मोर्चे की ओर बढ़ रही है।



## इंडियन मुजाहिदीन के तीन सदस्यों को जमानत देने से किया इनकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने सितंबर 2008 में राष्ट्रीय राजधानी में हुए सिलसिलेवार धमाकों में कथित संलिप्तता के लिए मुकदमे का सामना कर रहे इंडियन मुजाहिदीन के तीन संदिग्ध कार्यकर्ताओं को सोमवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। इन सिलसिलेवार धमाकों में 26 लोगों की मौत हुई थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने संबंधित निचली अदालत को सप्ताह में कम से कम दो बार सुनवाई करके मामले की सुनवाई पूरी करने का निर्देश दिया।

इस मामले में आरोपी 2008 से सलाखों के पीछे हैं। हाईकोर्ट ने तीन अलग-अलग फैसलों में मुबीन कादर शेख, साकिब निसार और मंसूर असगर पीरभॉय की ओर से दायर अपीलों को खारिज कर दिया, जिसमें निचली अदालत द्वारा उन्हें जमानत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ ने निसार को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि अपीलकर्ता के खिलाफ आरोप और उसकी भूमिका इस अदालत को अपीलकर्ता को जमानत पर रिहा करने के लिए राजी नहीं करती है। उसके पास से कथित तौर पर धमाकों से जुड़ी काफी सामग्री बरामद की गई थी। दिल्ली में 13 सितंबर 2008 को अलग-अलग जगहों - करोल बाग, कनॉट प्लेस और ग्रेटर कैलाश में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इसके अलावा, तीन बम का भी पता लगाया गया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, इन सिलसिलेवार धमाकों में 26 लोगों की मौत हो गई और 135 लोग घायल हो गए थे। इसके अलावा संपत्ति भी नष्ट हुई थी। उसी दिन, इंडियन मुजाहिदीन ने विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया को ई-मेल भेजकर सिलसिलेवार धमाकों की जिम्मेदारी ली थी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि पुत्र राम भरोसे निवासी झुग्गी नं. 738, नेहरू कैम्प, हैदरपुर, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **1/2020, अन्तर्गत धारा 33 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम के तहत् थाना शालीमार बाग, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **1/2020, अन्तर्गत धारा 33 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम के तहत् थाना शालीमार बाग, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रवि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.05.2024** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री ऋतिका कंसल**
एलडी मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (उ.-प.)
कमरा नं. 208, दूसरा तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/4461/NW/2024**
**(Court Matter)**

**पहचान की अपील**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, **पुत्र** अज्ञात **पता** अज्ञात जिसकी **उम्र** 43 वर्ष, **कदः** 5', **रंगः** गेहुँआ, जिसने मेरून रंग की टी-शर्ट और लाल रंग का पजामा पहने हैं। जो कि 19.04.2024 को सुबह 09:02 बजे ए-1, सी-32, लॉरेंस रोड, केशव पुरम फुटपाथ पर मृत अवस्था में मिला।



इस संदर्भ में **DD No.31A, दिनांकः 19.04.2024** थाना केशव पुरम, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थानाः केशव पुरम, दिल्ली**
फोन नं. 011-27181325, 27151723
मो.: 8750870223

दि.पु./4743/उत्तर पश्चिम/2024

# उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी चंदोलिया ने दाखिल किया नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर-पश्चिम लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया ने सोमवार को डीएम कार्यालय, कंझावला में अपना नामांकन दाखिल किया। उन्हें समर्थन देने के लिए राजस्थान के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, दिल्ली लोकसभा चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़, सह प्रभारी अलका गुर्जर, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी गणमान्य नेताओं ने कार्यकर्ताओं के उत्साह की सराहना करते हुए उनसे चुनाव के दिन अंतिम मतदाता का मतदान करवाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मंगोलपुरी के रामलीला मैदान में कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के लिए मंच सजाया गया था। जहां तीन लोकसभा क्षेत्रों की क्लस्टर सह इंचार्ज रेखा गुप्ता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, लोकसभा संयोजक जयभगवान यादव, लोकसभा प्रभारी राजकुमार भाटिया, सह प्रभारी राजन तिवारी, पूर्व विधायक मनोज शौकीन, प्रदेश प्रवक्ता शुभेनदू शेखर अवस्थी सहित सभी पूर्व विधायक प्रत्याशी, पूर्व जिलाध्यक्ष, कई प्रदेश पदाधिकारी, सभी पार्षद और प्रत्याशी, मंडल अध्यक्ष, जिले और शक्ति केंद्रों व बूथों के कार्यकर्ता मौजूद थे। यहां इस कार्यक्रम में गांवों से टैक्टरों में बैठकर अपनी पारंपरिक पोशाक और वाद्ययंत्रों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष नाचते - गाते हुए आए। अनधिकृत कॉलोनियों, सेवा बस्तियों, री सेटलमेंट कालोनियों, फ्लैटों और पॉश कालोनियों से भी समर्थक निराली पोशाकों और वाहनों से सुसज्जित होकर पूरे उत्साह के साथ नजर आए। युवाओं ने झूमकर नृत्य किया और जमकर नारेबाजी की। रामलीला मैदान में यूपी की तर्ज पर जेसीबी मशीन भी सजकर आई थी जिसमें चढ़कर समर्थकों ने योगी - मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। युवाओं की बाईकों में बंधे झंडे और गाड़ियों की रूफ खोलकर सिर बाहर निकाले विजयी मुद्रा में हाथ हिलाते समर्थकों को देखकर जनभावनाओं का अंदाजा लगाया जा सकता था। प्रत्याशी के साथ सभी मंचीय मेहमान मेटाडोर में बनाए रथ पर चढ़ कर जुलूस में शामिल हुए। बताया जाता है कि रोड़ शो के लिए काफिला निकला तो कुछ घंटों के लिए मंगोलपुरी और सुल्तानपुरी मानों थम गई। स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने रास्ते में प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया और कार्यकर्ताओं पर खूब फूल बरसाए। जनता में चर्चा थी कि चंदोलिया के साथ इतना जनसमूह है कि आज ही भविष्य की प्रचंड जीत दिखाई दे रही है।

जुलूस को कंझावला के पास स्थगित कर दिया गया। रथ से उतरकर योगेंद्र चंदोलिया अपने निजी वाहन से बड़ी सादगी के साथ कंझावला एसडीएम कार्यालय पहुंचे। वहां उनके प्रस्तावकों सहित जिलाध्यक्ष रामसिया शरण और सत्यनारायण गौतम उपस्थित थे।

### संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दूंगा और सदैव जनता के बीच उपस्थित रहूंगा : चंदोलिया

यहां योगेंद्र चंदोलिया ने मंच पर उपस्थित सभी नेताओं और सामने खड़े कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने मंडल के मंत्री के रूप में पार्टी में कार्य करना शुरू किया था। करीब चालीस वर्षों के सामाजिक और राजनीतिक सफर के बाद लोकसभा प्रत्याशी बनने के लिए नामांकन करने जा रहा हूं। मैं कार्यकर्ता हूं और सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करूंगा। अपने संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दूंगा और सदैव जनता के बीच उपस्थिति रहूंगा।

■ मंगोलपुरी के रामलीला मैदान में कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के लिए सजाया गया मंच

## खबर संक्षेप

### परियोजना को समय सीमा पर पूरा करने के लिए कार्य कर रहा डीडीए

**नई दिल्ली।** द्वारका गोल्फ व्यू अपार्टमेंट से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिलने के बाद, डीडीए अब जून 2024 के अंत तक परियोजना को समय सीमा पर पूरा करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। परियोजना के लिए कार्यबल में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि की जानी है और कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की बारीकी से निगरानी करने हेतु प्रत्येक टावर के लिए सहायक अभियंता रैंक के एक नोडल अधिकारी को भी नियुक्त कर दिया गया है। डीडीए प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि डीडीए के उपाध्यक्ष सुभाशीष पन्डा व्यक्तिगत रूप से प्रतिदिन परियोजना को मॉनीटर कर रहे हैं और उन्होंने विकास कार्य का जायजा लेने के लिए 25 अप्रैल 2024 को परियोजना स्थल का दौरा भी किया।

### कई दलों सहित सामाजिक संस्थाओं से भाजपा में शामिल हुए लोग

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की उपस्थिति में सोमवार को एक प्रेसवार्ता में दिल्ली कांग्रेस से निगम पार्षद रहीं पूनम बागड़ी, बसपा से निगम प्रत्याशी अश्वनी बागड़ी सहित आम आदमी पार्टी एवं सामाजिक संस्थानों के कई गणमान्य सोमवार को भाजपा में शामिल हुए। भाजपा में शामिल होने वालों में महिला विकास मंच की राष्ट्रीय अध्यक्षा अरुनिमा एवं दिल्ली अध्यक्ष रितु शर्मा सहित प्रदीप मिश्रा, 2022 में निगम निर्दलीय प्रत्याशी रहे सुशील शर्मा ऋतुराज, रेनू अजय फौर, मूलचंद आसीवाल, परमानंद कुम्हार, एडवोकेट राजेश गुप्ता, नरेन्द्र गर्ग, विनोद तोमर, अरुण कुमार, पूनम चौधरी एवं सविता खत्री सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हैं जिन्हें पार्टी का पटका पहनाकर वीरेन्द्र सचदेवा ने पार्टी में शामिल कराया। दिल्ली की पूर्व महापौर आरती मेहरा एवं दिल्ली भाजपा प्रवक्ता शुभेनदू शेखर अवस्थी भी प्रेसवार्ता में उपस्थित थे। सचदेवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का परिवार दिल्ली ही नहीं देश भर में लगातार बढ़ रहा है।

## सुनीता और आतिशी ने तिहाड़ जेल में केजरीवाल से की मुलाकात

# सीएम ने दिया पर्याप्त जलापूर्ति का निर्देश, गर्मियों में दिल्लीवासियों को न करना पड़े पानी की कमी का सामना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने सोमवार को तिहाड़ जेल में उनसे मुलाकात की। मुलाकात के बाद आतिशी ने बताया कि केजरीवाल ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि गर्मियों के मौसम में शहर वासियों को पानी की कमी का सामना नहीं करना पड़े। आम आदमी पार्टी (आप) के अनुसार, सुनीता केजरीवाल को सोमवार को अपने पति से मिलने की अनुमति दे दी गई। पार्टी ने दावा किया कि पहले तिहाड़ जेल प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी। जेल में केजरीवाल से मुलाकात के बाद आतिशी ने संवाददाताओं से कहा कि जब मुख्यमंत्री से कुशलक्षेम पूछी गयी तो उन्होंने कहा कि उनकी चिंता करने की जरूरत नहीं है।



### सीएम ने शिक्षा को लेकर मंत्री से मांगी जानकारी

आतिशी ने कहा कि मैंने उनसे पूछा कि वह कैसे हैं और उनकी सेहत कैसी है। उन्होंने मुझसे कहा कि उनके बारे में और उनकी सेहत के बारे में फिक्र करने की जरूरत नहीं है। आतिशी ने कहा कि इसके बजाय मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि क्या स्कूली बच्चों को किताबें मिल रही हैं। आतिशी ने कहा कि सीएम केजरीवाल ने मुझसे पूछा कि बच्चों को पढ़ाई में कोई समस्या तो नहीं आ रही और क्या मोहल्ला क्लीनिक में दवाओं की समस्याओं को सुलझा लिया गया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने उनसे पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने को भी कहा ताकि लोगों को गर्मियों के मौसम में संकट का सामना नहीं करना पड़े। दिल्ली सरकार में शिक्षा और जल विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहीं आतिशी ने कहा कि उन्होंने इस बात पर विशेष ध्यान देने को कहा है। उन्होंने महिलाओं के लिए भी संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि वह जल्द ही बाहर आएंगे और वादा किया है कि जल्द ही महिलाओं को 1,000 रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। उनके द्वारा योजना का खाका तैयार किया जा रहा है। दिल्ली सरकार ने मार्च में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश करते हुए 18 साल से अधिक आयु की महिलाओं के लिए 1,000 रुपये की मासिक सम्मान राशि योजना की घोषणा की थी।

### केंद्र को केजरीवाल से इतनी नफरत, बना रहे हैं नए नियम : आतिशी

आतिशी से तिहाड़ जेल के अधिकारियों द्वारा सुनीता केजरीवाल को उनके पति से मिलने की अनुमति नहीं देने के आम आदमी पार्टी के दावे के बारे में भी पूछा गया। इस पर वरिष्ठ 'आप' नेता ने कहा कि यह भाजपा की तानाशाही है। आप नये नियम बनाते हैं। दो लोगों को एक बार में मिलने की अनुमति दी जाती है। हमें उनसे मिलने की अनुमति मिल गई थी लेकिन अचानक उन्होंने मना कर दिया। यह कैसी साजिश है। आप उन्हें परेशान करना चाहते हैं। ऐसी तानाशाही अंग्रेजों के शासन में भी नहीं हुई। राजनीतिक कैदियों को सम्मान से देखा जाता था। आतिशी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार को केजरीवाल से इतनी नफरत है कि वे नए नियम बना रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि जब हमारे वकीलों ने यह मुद्दा उठाया तो तानाशाह सरकार को कदम वापस लेना पड़ा और अनुमति देनी पड़ी। 'आप' ने रविवार को कहा था कि जेल अधिकारियों ने सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री से मिलने की अनुमति नहीं दी है। तिहाड़ के अधिकारियों ने इस आरोप को खारिज कर दिया था। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान मंगलवार को अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करेंगे। यह जेल में केजरीवाल से उनकी दूसरी मुलाकात होगी। इससे पहले मान ने 15 अप्रैल को पार्टी के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के साथ केजरीवाल से मुलाकात की थी। केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। वह सात मई तक न्यायिक हिरासत में हैं। आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था।

# ट्रांसजेंडर समाज भी अब केजरीवाल के साथ : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में रह रहा ट्रांसजेंडर समाज भी अब सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ खड़ा हो गया है। सोमवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे और पार्षद बॉबी किन्नर के नेतृत्व ट्रांसजेंडर समाज ने सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ लोगों से 'जेल का जवाब वोट से' देने की अपील करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली भर में रहे ट्रांसजेंडर समाज के लोग दिल्ली गेट पर एकत्र हुए और आप की टोपी और 'जेल का जवाब वोट से' लिखी टी-शर्ट पहकर लोगों को भाजपा की तानाशाही और गुंडागर्दी का जवाब अपने वोट से देने के लिए जागरूक किया। इस दौरान विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए अब तक हुए दो चरणों के मतदान से साफ हो गया है कि भाजपा हार रही है। दिल्ली और देश के लोग भाजपा की 'जेल भेजो' नीति के खिलाफ खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर बाबा साहब के लिखे संविधान के मुताबिक 5 साल में एक साल दलित समाज के बेटे-बेटियों को एमसीडी में महापौर बनने का मौका मिलता है। लेकिन भाजपा ने दलित समाज के बेटे को महापौर बनने से रोक दिया।



■ दिल्ली गेट पर 'जेल का जवाब वोट से' कैंपेन का किया आयोजन

# संजय सिंह ने कहा, आप-कांग्रेस गठजोड़ का श्रेय जाता है लवली को भी, कांग्रेस नेता ने किया पलटवार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने कांग्रेस की दिल्ली इकाई प्रमुख पद से अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे के एक दिन बाद, लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय राजधानी में दोनों दलों के बीच हुए गठजोड़ का श्रेय उन्हें दिया और उनकी सराहना की। लवली ने कांग्रेस और आप के बीच हुए गठजोड़ की आलोचना करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रमुख पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया था। सिंह की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुये लवली ने कहा कि जब 'इंडिया' गठबंधन का गठन हुआ था, वह कांग्रेस की दिल्ली इकाई के प्रमुख नहीं थे। उन्होंने कहा कि जेल से बाहर आने के बाद से आप नेता 'सदमे' में हैं। आप के राज्यसभा सदस्य सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस के साथ उनकी पार्टी के गठजोड़ का श्रेय लवली को भी जाता है। कांग्रेस नेता लवली के अध्यक्ष पद से इस्तीफे के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, मैं यह जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि लवली ने कांग्रेस के साथ हमारे गठजोड़ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुझे अब उनके विपरित विचारों के कारणों की जानकारी नहीं है।



### मुझे लगता है सिंह अब भी सदमे में हैं : लवली

उनकी टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लवली ने कहा कि संजय सिंह एक अच्छे व्यक्ति हैं लेकिन मुझे लगता है कि वह अब भी सदमे में हैं। जेल से बाहर आने के बाद वह सामान्य नहीं हो पाए हैं। लवली ने कहा कि जब अप्रैल में इंडिया गठबंधन का गठन हुआ था मैं (कांग्रेस की दिल्ली इकाई का) प्रमुख नहीं था। मैं उस वक्त भी इस पद पर नहीं था जब बेंगलुरु में इसकी दूसरी बैठक हुई थी। मुंबई में तीसरी बैठक होने के दौरान भी मैं इस पद पर नहीं था। उन्होंने कहा कि जब मैं (प्रदेश कांग्रेस) अध्यक्ष बना, दुर्भाग्य से सिंह जेल चले गए थे। उन्हें कैसे पता चला कि मैंने (कांग्रेस-आप गठजोड़) में मुख्य भूमिका निभाई थी। इसका मतलब है कि जेल में कोई होगा जो उन्हें बाहर निकाला करता होगा। सिंह को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। वह अभी जमानत पर जेल से बाहर हैं। आप नेता ने लवली को इस बात के लिए भी धन्यवाद दिया कि जब प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था तब वह उनके आवास पर पहुंचने वाले कांग्रेस के पहले नेता थे। हालांकि, सिंह ने इस बारे में और कुछ कहने से इनकार करते हुए कहा कि लवली का इस्तीफा कांग्रेस का आंतरिक मामला है। लवली की टिप्पणी पर सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि मैं व्यक्तिगत टिप्पणियां नहीं करता। उनकी पार्टी उनपर निर्णय करेगी। मैंने पहले भी उन्हें काफी सम्मान दिया है, और अब भी भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि लवली कह रहे हैं कि जब इंडिया गठबंधन का गठन हुआ था, वह प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नहीं थे। मैंने गठजोड़ में उनकी भूमिका के बारे में बोला था। मैं उनकी सराहना कर रहा हूं लेकिन वह मेरी याददाश्त पर सवाल उठा रहे हैं। यहां तक कि प्रधानमंत्री भी मेरी याददाश्त पर संदेह नहीं जताते। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के प्रमुख पद से इस्तीफे के फैसले के बारे में पूछे जाने पर लवली ने कहा कि उन्हें पार्टी से कोई शिकायत नहीं है और उन्होंने इसलिए इस्तीफा दिया कि वह संगठन के अंदर मुद्दों को सुलझा नहीं पा रहे थे।

## कांग्रेस द्वारा पिछड़ी जातियों का हक छीनकर मुस्लिम समुदाय को देने का मामला

# भाजपा नेताओं ने कांग्रेस मुख्यालय के बाहर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय के बाहर कांग्रेस द्वारा पिछड़ी जातियों का हक छीनकर मुस्लिम समुदाय को देने की चर्चा शुरू करने के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में भाजपा के उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा, वरिष्ठ नेता सुमित भसीन, युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी, मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल, ओबीसी मोर्चा महामंत्री राम खिलाड़ी यादव, मनीष चौधरी एवं डॉक्टर यू के चौधरी, युवा मोर्चा महामंत्री अरुण दराल एवं गौरव जोरसिया सहित ओबीसी मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। मान सिंह रोड से वीरेंद्र सचदेवा और सुनील यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ हाथों तख्ती पोस्टर लेकर कांग्रेस मुख्यालय तक पैदल मार्च किया जहां उन्होंने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरीगेट्ड को तोड़ा जिसके बाद पुलिस ने उन्हें डिटेन किया। विरोध प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी के पुतला जलाकर अपनी नाराजगी जताई।



■ विरोध प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी का पुतला जलाकर जताई नाराजगी

### अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए सड़क पर आना पड़ेगा

सचदेवा ने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि जिस देश में बहुसंख्यकों की आबादी 80 फीसदी से ज्यादा हो उनको अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए सड़क पर आना पड़ेगा। इस देश में जब जब कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई है तब तब देश को बांटने का काम किया है। ओबीसी समाज एवं एससी, एसटी समाज उस आरक्षण को जो उन्हें संविधान द्वारा दिया गया है अगर उसे काग्रेस पार्टी छिनने का काम करेगी तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में 27 फीसदी आरक्षण ओबीसी समाज को है लेकिन रातो रात उसमें मुस्लिम शब्द जोड़ दिया जाता है।

सरकारी नौकरी से लेकर हर तरह की सुविधाओं में कांग्रेस ने मुस्लिम समुदाय को बढ़ावा दिया है और वही काम केरल और तेलांगना में किए जा रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि एक कांग्रेस नेता का कहा है कि दक्षिण भारत को भारत से अलग कर देना चाहिए। इस मानसिकता के साथ अगर कांग्रेस आगे बढ़ रही है तो यह स्थिति देश की एकता के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि हम पूरी जिंदगी एक एक रुपए जुटाकर उसे जमा करते हैं लेकिन कांग्रेस का कहना है कि वह संपत्ति का बंटवारा करेगी और उसका 55 फीसदी उन घुसपैठियों को देने की बात कर रहे हैं जिनका इस देश के साथ कोई लेना देना नहीं हैं।

### देश को तोड़ने के लिए आज विदेशी ताकतें भी बैठी हैं निगाह लगाकर : सचदेवा

सचदेवा ने कहा कि आज देश को तोड़ने के लिए विदेशी ताकतें भी निगाह लगाकर बैठी है इसलिए हमें इस बार के चुनाव में घर घर जाना है और हर दरवाजे को खटखटाकर उससे मोदी सरकार की नीतियों और कार्यों का जिक्र करेंगे। हर वह आदमी जो अल्पसंख्यक के साथ मिलकर देश के विरुद्ध काम कर रहा है यह सही समय है जब हम उन्हें वोट के माध्यम से समझाए। वहीं, सुनील यादव ने कहा कि अल्पसंख्यकों के आरक्षण के साथ कांग्रेस द्वारा छेड़छाड़ की जा रही है जिसे ओबीसी हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। कांग्रेस हमारे संविधान को बदलने की कोशिश कर रही हैं। इसके साथ ही कर्नाटक के साथ साथ तेलांगना में भी मुस्लिम समुदाय को हिन्दू ओबीसी समाज के अधिकारों को बांटने का काम किया गया है।

### आज दक्षिणी दिल्ली के प्रत्याशी सहीराम पहलवान दाखिल करेंगे पहला नामांकन पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को बताया कि आज, मंगलवार को इंडिया गठबंधन से दक्षिणी दिल्ली के प्रत्याशी सहीराम पहलवान पहला नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। सहीराम पहलवान अपने पैतृक गांव तेहखंड से नामांकन के लिए सुबह 9:30 बजे निकलेंगे। इस दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। सबसे पहले वो गांव के मंदिर में जाकर भगवान से आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद तेहखंड से कालकाजी, रविदास मार्ग होते हुए महरौली बदरपुर तक 8 किमी की बाइक-कार जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में आने वाली विधानसभाओं के 'आप' विधायक उनको भव्य स्वागत करेंगे और नामांकन में शामिल होंगे।

### अज्ञात लोगों ने सफाई कर्मी से की मारपीट

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के एक बुजुर्ग सफाई कर्मी के साथ अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। मामला दिल्ली नगर निगम के करोल बाग जोन से बताया जा रहा है। अखिल भारतीय मजदूर एकता यूनियन के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह प्रधान ने सोमवार को घटना की यह जानकारी देते हुए बताया कि पटेल नगर थाना पहुंचे कई सफाई कर्मचारी संगठनों ने भी कर्मचारी के साथ न्याय की मांग उठाई है। उन्होंने वीडियो जारी कर बताया कि सफाई कर्मचारी भूप सिंह से इन अज्ञात लोगों ने पहले श्री राम और हनुमान के बाप का नाम पूछा फिर हनुमान चालीसा सुनाने की बात कही और इसके बाद कर्मचारी से मारपीट की गई। वीडियो में पीड़ित कर्मचारी आपबीती सुनाते हुए रो रहा है। इसके बाद पटेल नगर थाना से पुलिस पीड़ित को जांच अस्पताल ले जा रही है। वहीं, दिल्ली नगर निगम के जन संपर्क विभाग ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और कहा कि इन आपराधिक तत्वों के खिलाफ पुलिस से कड़ी कार्यवाही की अपेक्षा की जाती है। आशा है कि हमेशा की तरह पुलिस हमारे निगम कर्मी को पूर्ण न्याय दिलाएगी और सभी की सुरक्षा के लिए मुस्तैद खड़ी रहेगी।

# फरीदाबाद लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी, नामांकन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर 10 फरीदाबाद लोकसभा के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के अधिसूचना जारी करने के साथ ही आम चुनाव के लिए नामांकन का कार्य भी शुरू हो गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत के अनुसार हरियाणा प्रदेश की 10 फरीदाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 29 मई 2024 को अधिसूचना जारी की गई। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार जारी की गई अधिसूचना के प्रारूप-1 में निर्वाचन की सूचना की एक-एक प्रति हिंदी व अंग्रेजी में आम जनता को सूचना के लिए व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए हैं।

**जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत के अनुसार हरियाणा प्रदेश की 10 फरीदाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए आज 29 मई 2024 को अधिसूचना जारी की जा रही है।**

### खास बातें

- निर्वाचन की सूचना की प्रति हिंदी व अंग्रेजी में व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए हैं
- अवकाश का दिन छोड़कर शेष दिनों में होगा नामांकन
- 29 से 6 मई तक प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकेंगे

**25 मई को होगा मतदान**



### 7 मई को होगी नामांकन पत्र की समीक्षा

अधिसूचना के अनुसार फरीदाबाद-10 लोकसभा क्षेत्र का सदस्य निर्वाचित होना है। इसके तहत प्रत्याशी निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी.सहायक रिटर्निंग अधिकारी को 29 अप्रैल 2024 से छह मई 2024 तक अवकाश के दिन को छोड़कर कमरा नंबर 108 प्रथम तल उपायुक्त न्यायालय कक्ष, लघु सचिवालय सेक्टर-12 फरीदाबाद में दिए जा सकते हैं। नामांकन पत्र समीक्षा 7 मई 2024 को होगी। नामांकन वापस लेने की सूचना या तो अभ्यार्थी द्वारा या उसके किसी प्रस्तावक द्वारा या उसके निर्वाचन अभ्यार्थी द्वारा जो भी अभ्यार्थी द्वारा लिखित में प्राधिकृत किया गया है वह रिटर्निंग अधिकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी उसके कार्यालय में 9 मई 2024 को दोपहर 3 बजे दे सकते हैं। निर्वाचन के मतदान 25 मई 2024 को प्रातः7 बजे से सांयं 6 बजे के बीच मतदान होगा।

### नामांकन प्रक्रिया के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोक सभा उम्मीदवारों के नामांकन प्रक्रिया के लिए दो ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जिलाधीश विक्रम सिंह ने लोकसभा चुनाव 2024 नामांकन प्रक्रिया के समय कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा अधिसूचना जारी होने के उपरांत भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 22 (1) तथा 23 (2) की अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तहसीलदार फरीदाबाद कुमारी पायल यादव और नायब तहसीलदार सागरमल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि सोमवार को नामांकन के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने कोई नामांकन दाखिल नहीं किया। उन्होंने बताया कि पहले दिन तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र का प्रारूप प्राप्त किया है।

## खबर संक्षेप

### गैर कानूनी गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर



**गुरुग्राम।** लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशानुसार पुलिस की गैर-कानूनी गतिविधियों पर पैनी नजर है। चुनावों के मद्देनजर अवैध रूप से मादक पदार्थ रखने/बेचने वाले, अवैध शराब का व्यापार / सप्लाई/ बेचने वाले तथा अवैध हथियार रखने/ सप्लाई करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध रूप से फ्लेवर्ड हुक्का पिलाने पर मामला दर्ज



**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-1 में स्थित एक कैफे में ग्राहकों को अवैध रुप से फ्लेवर्ड हुक्का पिलाए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान फरीदाबाद गुरुग्राम रोड पर ग्वाल पहाड़ी के निकट खुले कैफे में लोगों को बिना लाइसेंस/परमिट के हुक्का पिलाया जा रहा है।

### क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर युवक से 38 हजार 378 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। दीपक भारद्वाज ने कहा कि उसके पास फोन आया। जिसमें उसने दीपक से उसके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाए जाने की बात कही।

### चोरों ने की ताला तोड़कर मकान से 1.80 लाख चोरी



**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर एरिया में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर घर में मौजूद 1 लाख 80 हजार रुपए पर हाथ साफ कर लिया। वारदात के दौरान युवक अपनी मां की तीमारदारी में अस्पताल में मौजूद था। पड़ोसियों से शिकायत मिलने पर युवक घर पहुंचा और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। विक्रम सिंह ने कहा कि वह अस्पताल में था।

### शिक्षा विभाग ने नेशनल कॉन्फ्रेंस में 25 पर्चे पढ़े



**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस में 'भविष्य के लिए तैयार शिक्षा' विषय पर दूरदराज से आए 25 विद्वानों ने पर्चे पढ़े। इन पर्चों में बताया गया कि भविष्य निर्माण के लिए कैसे व किस प्रकार की शिक्षा की तैयारी करनी चाहिए।

### जनसंवाद कार्यक्रम में प्रबुद्ध नागरिकों ने मोदी सरकार के कार्यकलापों पर जताई सहमति

# अगले ढाई दशक के विकास का रोडमैप है भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र

**जनसंवाद कार्यक्रम में प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लिया और केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा दस वर्षों के दौरान किए गए विकास कार्यों पर अपनी-अपनी राय रखी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा के लोकसभा संयोजक अजय गौड़ के संयोजन में सेक्टर-17 स्थित मॉडर्न स्कूल ऑडिटोरियम में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र का विशिष्ट जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समूचे क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लिया और केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा दस वर्षो के दौरान किए गए विकास कार्यों पर अपनी-अपनी राय रखी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने शिरकत की।

### खास बातें

- रिकार्ड मतदान करने के लिए लोगों को जागरुक किया
- युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब व किसान को सशक्त करने वाला है संकल्प पत्र



### संकल्प पत्र पर नागरिकों ने गहन चर्चा की

प्रबुद्ध नागरिकों ने कृष्णपाल गुर्जर का अभिवादन किया। विशिष्टजनों की संगोष्ठी में मोदी की गारंटी के साथ 24-7 फॉर 2047 के मंत्र के आधार पर निर्मित मोदी सरकार के संकल्प पत्र पर गहन चर्चा की और मतदान का प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर प्रशासन के साथ मिलकर जन.जागरुकता अभियान चलाने व फरीदाबाद में रिकार्ड मतदान करने के लिए लोगों को जागरुक करने का भी संकल्प लिया। भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दस सालों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की साख को विश्व पटल पर बढ़ाने का काम किया है, जो देश पहले भारत को कमजोर समझते थे, आज वही भारत को सर्व शक्तिमान मानते है और संबंध बनाने के लिए उत्साहित नजर आते है। भाजपा के संकल्प पत्र पर बोलते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित है और अगले 25 साल यानि ढाई दशक के विकास का रोडमैप दिखाता है।

### पीएम मोदी ने कड़े फैसले लेकर देश का गौरव बढ़ाया

प्रबुद्ध नागरिकों ने पीएम मोदी व फरीदाबाद में पिछले दस सालों में हुए विकास कार्यो पर अपनी संतुष्टि जताते हुए कहा कि मोदी ने देश को सर्वोपरि माना। ऐसे कड़े फैसले लेकर इस देश का गौरव बढ़ाया है, न केवल देश से बाहर बल्कि देश अंदर भी विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं इसलिए फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। इसके लिए फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को भारी मतों से विजयी बनाकर संसद में भेजेंगे और मोदी जी के हाथों को मजबूत करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक अजय गौड़ ने अभिवादन करते हुए कहा कि भारत ही नहीं अपितु पूरा विश्व चाहता है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के पीएम बने और भारत को विश्व गुरु बनाने का गौरव दिलवाए। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र गुप्ता, मोतीलाल गुप्ता, आरके चिलाना, सुरेंद्र दत्ता, एसपीएस डागर, सीपी जैन, निवर्तमान पार्षद छत्रपाल, सुभाष आहुजा, विनोद भाटी, पंकज रामपाल, शोभित अरोड़ा, विमल खण्डेलवाल सहित अनेकों प्रबुद्ध नागरिक एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

### दलाल का कांग्रेस आलाकमान को अल्टीमेटम

# टिकट न बदला गया तो भविष्य की राजनीति पर करेंगे विचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

लोकसभा टिकट कटने के बाद बागी तेवर अपनाने वाले हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समधी करण सिंह दलाल ने दबाव की राजनीति शुरू कर दी है। दलाल ने जाट लैंड के अहम गांव झाड़सेंतली में छत्तीस बिरादरी की महापंचायत कर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस आलाकमान को अल्टीमेटम दे दिया है। दलाल बतौर निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावी समर में उतर सकते हैं।

गौरतलब है कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनावी समर में उतरने के लिए पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल पिछले दो साल से मशक्कत कर रहे हैं। दलाल को टिकट का प्रबल दावेदार इसलिए भी माना जा रहा था कि प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा उनकी मजबूती से दावेदारी पेश कर रहे थे।

कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने अंदरूनी सर्वे करवाया था। पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह को कांग्रेस प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में टिकट देने के लिए लोगों ने अपनी राय दी थी। सर्वे के बाद कांग्रेस आला कमान ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नजर अंदाज करते हुए महेंद्र प्रताप सिंह को लोकसभा चुनाव के लिए टिकट थमा दिया।

### छत्तीस बिरादरी की महापंचायत का आयोजन

कांग्रेस द्वारा महेंद्र प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद से ही पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल बगावती तेवर अपनाए हुए थे। दलाल ने जाट लैंड के महत्वपूर्ण गांव झाड़सेंतली में लोगों की राय जानने के लिए छत्तीस बिरादरी की एक महापंचायत का आयोजन किया। महापंचायत में मौजूद लोगों ने दलाल को आश्वासन दिया कि क्षेत्र के सम्मान के लिए वह उनके साथ रहेंगे। लोगों की राय जानने के बाद दलाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के सम्मान के साथ वह नाइंसाफी नहीं होने देंगे। जिन लोगों ने घर पर बैठकर लोकसभा चुनाव न लड़ने के संदर्भ में कांग्रेस आलाकमान को अवगत करवा दिया था, कांग्रेस आलाकमान ने उन्हीं लोगों को टिकट दे दिया। उनका कहना था कि क्षेत्र के सम्मान को बचाए रखने के लिए वह पूर्व में पूर्व मुख्यमंत्री से भी भिड़ गए थे तथा अपने लोगों के हर वाजिब काम को करवाने के लिए वह हमेशा तत्पर रहते है।

# भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ धरना देने पहुंचे राकेश टिकैत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वर्ष 2022 से पार्सपोर्ट नवीनीकरण न किए जाने से नाराज भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत गाजियाबाद स्थित रीज़नल पासपोर्ट कार्यालय पहुंचे। उनके साथ भाकियू कार्यकर्ता भी थे । पासपोर्ट अधिकारियों के एक सप्ताह के भीतर मामले का निस्तारण करने के आश्वासन के बाद वे वापस चले गए। साथ ही धरना



भी स्थगित कर दिया गया। टिकैत का आरोप था कि कोर्ट का आदेश और सभी दतावेज पूर्ण होने के बावजूद पासपोर्ट नवीनीकरण नहीं किया जा रहा है।

**टूर्नामेंट में अकादमी के 400 खिलाड़ियों ने लिया भाग**

# खेलों से होता है तन व मन के साथ जीवन का विकास : विधायक नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर-77 स्थित नवआरम्भ स्पोर्ट्स अकादमी ने द्वितीय बास्केटबॉल एवं फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक राजेश नागर ने शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और खेलों को जीवन का प्रमुख अंग बनाने पर बधाई दी। विधायक नागर ने कहा कि खेल हमारे जीवन



का प्रमुख अंग होना चाहिए। इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं और व्यक्ति का जीवन भी निखरता है। एक खिलाड़ी का जीवन संयमित होता है और उसे जीवन में आने वाली चुनौतियों से भलीभांति निपटना आता है। हरियाणा की सरकार इनाम की राशियों और नौकरियों के सहारे अनेक खिलाड़ियों के जीवन में सुधार लाया है। कार्यक्रम में फरीदाबाद के विभिन्न स्कूलों एवं स्पोर्ट्स अकादमियों से 400 से अधिक खिलाड़ियों ने सहभागिता की। विजेताओं को विधायक राजेश नागर ने इनाम और सर्टिफिकेट प्रदान किए।

### पुलिस ने भेजा था आईटी एक्ट के तहत नोटिस


# पुलिस के नोटिस पर संज्ञान लेते हुए गूगल ने किए दो एप निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर ठगी पर रोक लगाने के लिए पुलिस के नोटिस पर संज्ञान लेते हुए गूगल ने प्ले स्टोर से दो ऐप्स निरस्त कर दिए हैं। गुरुग्राम पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत गूगल को नोटिस भेजा था। जिसके बाद गूगल ने प्ले स्टोर से निवेश बेस्ड एप एफएचटी और एसएस-एक्आट्रेड को हटा दिया।

दरअसल, गूगल प्ले स्टोर पर मौजूद निवेश पर आधारित एप एफएचटी और एसएस-एक्आट्रेड एप को माध्यम बनाकर साइबर ठगों को अच्छे रिटर्न का प्रलोभन देकर रुपए निवेश करवाकर उनके साथ ठगी करने की वारदातों को अंजाम देते थे। जांच के दौरान यह भी पाया गया है कि एफएचटी एप को करीब 1 लाख 55 हजार लोगों द्वारा डाऊनलोड किया गया था।

**एप के माध्यम से ठग अच्छे रिटर्न का प्रलोभन देकर रुपए निवेश करवाकर उनके साथ ठगी करने की वारदातों को अंजाम देते थे**



एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान के निर्देशानुसार कार्य करते हुए साइबर क्राइम वेस्ट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार की पुलिस टीम ने साईबर अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गूगल के नोडल अधिकारी को धारा 79(3)(बी) आईटी एक्ट के तहत नोटिस भेजकर उपरोक्त एप के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए लिखा गया।

गुरुग्राम पुलिस द्वारा दिए गए नोटिस पर संज्ञान लेते हुए गूगल द्वारा दोनों एप को प्ले स्टोर से हटा दिया।

### बिना जानकारी के पैसे ट्रांसफर न करें

गुरुग्राम पुलिस द्वारा साइबर ठगी की वारदातों को रोकने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसके तहत गुरुग्राम पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। गुरुग्राम पुलिस आमजन से मीडिया के माध्यम से अपील करती है की निवेश के नाम पर बिना पूर्ण जानकारी हासिल किए पैसे ट्रांसफर न करें अन्यथा आप धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं।

**प्रियांशु दीवान**, एसीपी साइबर क्राइम


## पहचान की अपील



एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयुः** 50 वर्ष, **रंगः** गेंहुआ, **कदः** 5'5", **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, जिसने नीले व सफेद रंग की पूरी बाजू वाली कमीज और हल्के भूरे रंग की पैंट पहनी थी, जो मेट्रो पिलर नं. 373, रोहतक रोड के फ्लाईओवर के नीचे, नांगलोई, दिल्ली में मिला। इस संदर्भ में **डीडी सं. 36ए, दिनांक 24.03.2024 को थाना नांगलोई, दिल्ली** में दर्ज है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना नांगलोई, दिल्ली**
**DP/4828/OD/2024 फोनः 011-25949470, 9968184186**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री विकास तिवारी पुत्र श्री राजेन्द्र तिवारी निवासी 6/2ए, चेतराम गली, मौजपुर, दिल्ली व ए–12/3, चेतराम गली, ब्लॉक–ए, भजनपुरा, दिल्ली व ए–37/137, मेन माता मन्दिर, मौजपुर, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **748/2017 अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री विकास तिवारी** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री विकास तिवारी** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **748/2017 अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट थाना जाफराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्री विकास तिवारी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.05.2024** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**अखिल मलिक**
महानगर दण्डाधिकारी–02
कमरा नं. 38, शाहदरा
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/3282/NE/2024**
**(Court Matter)**

## लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी

# यूपी में 14 और झारखंड में 4 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू 25 मई को होगी वोटिंग, 3.49 करोड़ मतदाता करेंगे भाग्य का फैसला

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही यूपी और झारखंड में सोमवार से नामांकन दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई। यूपी में छठे चरण में सुल्तानपुर, आजमगढ़, इलाहाबाद समेत यूपी की 14 लोकसभा सीटों और झारखंड की 4 लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों द्वारा सोमवार (29 अप्रैल) से पर्चा दाखिल करना शुरू हो गया है। यूपी में लोकसभा चुनाव के साथ बलरामपुर जिले की गैंसणी विधानसभा की रिक्त सीट पर उपचुनाव के लिए भी पर्चे भरे जाएंगे।

जिन लोकसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है उनमें- सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (सु.), आज़मगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (सु.),भदोही के लिए चुनाव संपन्न किया जाना है। इस तरह से प्रदेश में अब चुनाव अवध और पूर्वांचल में बढ़ रहा है।

### खास बातें

- ययूपी की 12 सीटें सामान्य तथा 2 सीटें सुरक्षित हैं
- 7 मई तक नामांकन पत्रों की जांच होगी
- 9 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे




### नामांकन की अंतिम तिथि 6 मई

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इन सभी 14 लोकसभा सीटों व गैंसड़ी विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 6 मई है। नामांकन पत्रों की जांच 7 मई मंगलवार को होगी। 9 मई गुरुवार को दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी होगी। छठे चरण का मतदान 25 मई (शनिवार) को होगा।

### गैंसणी उपचुनाव में 3.62 लाख मतदाता

रिणवा ने बताया कि छठवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.69 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.42 करोड़ पुरुष मतदाता, 1.27 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 17,113 मतदान केंद्र और 28,171 पोलिंग बूथ हैं। इसी प्रकार 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में कुल 3.62 लाख मतदाता है, जिसमें 1.93 लाख पुरुष मतदाता और 1.69 लाख महिला मतदाता है।

### एनडीए और इंडिया गठबंधन होगा आमने-सामने

रांची। झारखंड की 4 लोकसभा सीटों गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर पर 25 मई को मतदान होगा। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन 4 सीट के लिए विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपने-अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में शामिल आजसू पार्टी ने गिरिडीह लोकसभा सीट से अपने मौजूदा सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा ने बाघमारा से अपने विधायक दुलु महतो को धनबाद लोकसभा सीट से, मौजूदा सांसद संजय सेठ को रांची लोकसभा सीट से और मौजूदा सांसद विद्युत बरन महतो को जमशेदपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' से, झामुमो ने टुंडी से अपने विधायक मथुरा महतो को गिरिडीह सीट से और बहरागोड़ा से विधायक समीर कुमार मोहंती को जमशेदपुर सीट से मैदान में उतारा है। वहीं, कांग्रेस ने बेरमो से विधायक जय मंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को धनबाद से और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को रांची लोकसभा सीट से टिकट दिया है। राज्य में लोकसभा की कुल 14 सीट हैं। इन चारों सीटों पर कुल 80,98,556 मतदाता हैं जिनमें से 4150178 पुरुष, 3948097 महिला मतदाता हैं।

## खबर संक्षेप

### 150 घर जले, 2 मौत और 5 लोग झुलसे

बेतिया। बिहार के बेतिया में आग लगने मे एक सौ पचास घर जलकर राख हो गए, जबकि इसकी



चपेट में आने से पांच लोग झुलस गए। इस घटना में दो लोगों की जलने से मौत हो गई है। साथ ही कई मवेशियों की भी जलने से मौत हो गई। घटना पश्चिमी चंपारण के बगहा पुलिस जिले के ठकराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत जगीरहा पंचायत स्थित हरिजन बस्ती की है। मृतकों की पहचान राजेंद्र राम और दीपक के रूप में हुई है। अन्य लोगों का इलाज पीएचसी ठकराहा में चल रहा है। बगहा एसडीएम डॉ. अनुपमा सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

### सड़क हादसे में प्रो. की पत्नी और बेटी की मौत

रांची। झारखंड के रानीश्वर इलाके में भीषण सड़क हादसे में विश्व भारती के सिल्पा सदाना के प्रोफेसर




शांतनु जेना गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, वहीं उनकी पत्नी और बेटी की मौत हो गई। प्रोफेसर कार में सवार होकर झारखंड के दुमका से पश्चिम बंगाल के बोलपुर लौट रहे थे। हादसे के समय प्रोफेसर खुद कार चला रहे थे हालांकि यह साफ नहीं है कि दुर्घटना कैसे हुई। स्थानीय लोगों ने तीनों को बचाकर रानीस्वर के नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां से बाद में उन्हें सूरी सदर अस्पताल में ट्रांसफर कर दिया गया, जहां प्रोफेसर की पत्नी और बेटी की मौत हो गई।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा

# 'एक्सीडेंटल हिंदू' मुगल सम्राटों के अत्याचारों पर भी करें बात, इतिहास-भूगोल का ज्ञान नहीं

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल भारतीय इतिहास और संस्कृति के बारे में 'निराधार' टिप्पणियां करते हैं। राहुल को यह बात करनी चाहिए थी कि अयोध्या, काशी और मथुरा में मंदिरों को नष्ट करने के लिए कौन जिम्मेदार था।

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि खुद को 'एक्सीडेंटल हिंदू' बताने वाले नेता को देश के निर्माण में योगदान देने वाले हिंदू राजाओं और अयोध्या, काशी तथा मथुरा में मंदिरों को नष्ट करने के जिम्मेदार मुगल बादशाहों के बारे में भी बात करनी चाहिए।

सीएम ने संवाददाताओं से बातचीत में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पर कांग्रेस की आपत्ति के बारे में कहा कि यह मानवता का मुद्दा है और कांग्रेस कट्टरपंथियों के दबाव के चलते इसका विरोध कर रही है।

### खास बातें

- देश के निर्माण में योगदान देने वाले हिंदू राजाओं के बारे में बात करें
- सीएए मानवता का मुद्दा, कांग्रेस कट्टरपंथियों के दबाव में कर रही विरोध
- नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालयों के विनाश के बारे में दें संदर्भ



### कांग्रेस ने सबसे अधिक बार संविधान में संशोधन किया

वहीं दलितों और अन्य वंचित हिंदू समूहों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ गुमराह करने का आरोप लगाते हुए भाजपा ने सोमवार को दावा किया कांग्रेस और उसके सहयोगी दल मुसलमानों को धार्मिक आधार पर आरक्षण देने के लिए संविधान को बदलना चाहते हैं। भाजपा सांसद बृजलाल ने कहा कि पीएम मोदी ने बार-बार दोहराया है कि भीमराव आंबेडकर द्वारा परिकल्पित संविधान को कोई भी बदल नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस ही है जिसने सबसे अधिक बार संविधान में संशोधन किया और 1975 में आपातकाल लगाने के लिए इसके प्रावधानों को भी निलंबित कर दिया। बृजलाल ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल, खासकर दलितों को गुमराह करने के लिए यह विमर्श फैला रहे हैं कि भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी। मौजूदा लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सत्ताधारी और विपक्षी गठबंधन इस मुद्दे पर एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं।

### राहुल निराधार टिप्पणियां करते हैं

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राहुल गांधी 'निराधार' टिप्पणियां करते हैं क्योंकि उन्हें भारतीय इतिहास और भूगोल का उचित ज्ञान नहीं है। जो लोग खुद को एक्सीडेंटल हिंदू कहते थे, अगर वे भारतीय इतिहास और संस्कृति के बारे में बात करेंगे तो यह हास्यास्पद लगेगा। सीएम योगी ने कहा कि राहुल को भाषण देते समय भारत के निर्माण में योगदान देने वाले चंद्रगुप्त मौर्य, महान अशोक, महाराजा भोज, पृथ्वीराज चौहान, छत्रपति शिवाजी और झांसी की रानी जैसे महान हिंदू शासकों पर भी कुछ टिप्पणियां करनी चाहिए।

### कांग्रेस को मुगलों के अत्याचार याद नहीं आते हैं

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस नेता को मध्यकाल में मुगल सम्राटों द्वारा किए गए 'अत्याचार' याद नहीं हैं। उन्हें (राहुल को) यह बात करनी चाहिए थी कि अयोध्या, काशी और मथुरा में मंदिरों को नष्ट करने के लिए कौन जिम्मेदार था। उन्होंने कहा कि राहुल को अतीत में नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालयों में विनाश के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों का भी संदर्भ देना चाहिए।

### भारत की समृद्ध परंपरा रही है

सीएम योगी ने कहा कि भारत की एक समृद्ध परंपरा रही है। मुझे आश्चर्य इस बात का होता है कि राहुल गांधी बोलते समय उन राजाओं के योगदान को क्यों भूल गए, जिन्होंने भारत को बनाने में योगदान दिया। जिन्होंने हिंदुस्तान का इस्लामीकरण करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी, जिन लोगों ने अत्याचार की सभी सीमाओं को लांघ डाला था, राहुल गांधी को इसके बारे में भी चर्चा करनी चाहिए।

## अखिलेश ने एटा और आगरा की रैली में कहा

# ये चुनाव आने वाली पीढ़ी के भविष्य का करेगा फैसला

एजेंसी ▸▸ एटा

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एटा और आगरा में चुनाव रैलियों को संबोधित किया। यूपी के एटा में सपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि ये चुनाव आने वाली पीढ़ी के भविष्य का फैसला करेगा। वो लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं। हम लोग संविधान की रक्षा करना चाहते हैं।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने लोगों को बहुत धोखा दिया है। यह बात सब लोग जान गए हैं कि भाजपा का हर वादा झूठा निकला है। यह वही भाजपा के लोग हैं जिन्होंने कभी कहा था कि हम किसानों की आय दोगुनी कर देंगे,



किसानों को उनकी पैदावार की कीमत देंगे और उन्हें खुशहाल बनाएंगे। मगर इनमें से एक भी काम नहीं हुआ। तीन काले कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन में करीब एक हजार किसान शहीद हो गए। 10 साल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या की है। भाजपा ने उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया मगर किसानों का कर्ज नहीं माफ किया। केंद्र में अगर 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है तो किसानों का पूरा का पूरा कर्ज माफ किया जाएगा।

### नौजवानों का भविष्य खत्म

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने कहा था कि दो करोड़ नौकरी देंगे। लेकिन नौकरी नहीं दी। इस सरकार ने नौजवानों का भविष्य खत्म कर दिया गया है। हर परीक्षा का पेपर लीक हो रहा है। भाजपा सरकार की कोई परीक्षा ऐसी नहीं रही, जिसमें पेपर लीक नहीं हुआ। कोई एक पेपर लीक नहीं हुआ, 10 से ज्यादा पेपर लीक हो गए हैं।

### चंदा वसूलने वालों का हिसाब-किताब होगा

अखिलेश ने आगरा के जीआईसी मैदान में कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी सुरेशचंद्र कर्दम और कांग्रेस के फतेहपुर सीकरी के प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार के लिए समर्थन जुटाया। उन्होंने बसपा नेता शब्बीर अब्बास को पार्टी की सदस्यता दिलाई। यादव ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की हिमायत करते हुए कहा कि दिल्ली के सीएम को झूठे मुकदमे दर्ज कर जेल भेज दिया, क्या यह अन्याय नहीं है? उन्होंने कहा कि चुनावी बॉण्ड को लेकर भाजपा की पोल खुल गई है। भाजपा ने कंपनियों को डराया-धमकाया और झूठे मुकदमे दर्ज करने की धमकी दी। अखिलेश ने कहा कि ईडी, सीबीआई और आयकर की टीम भेज-भेजकर जबरन चंदा वसूला गया है इसलिए इस बार इन चंदा वसूलने वालों का हिसाब-किताब होगा, इनको हटाने का काम 'इंडिया' गठबंधन करेगा।

## पेज एक का शेष

### उनसे सीधी बात...

है कि यहां भी भाजपा सभी सीटें जीतेगी। पिछले विधानसभा चुनाव में सरकार से आऊट होने के बाद 11 में से 9 सीटें जीती थीं, इस बार पूरी सीटें जीतेंगे। हमारी सरकार ने तीन माह में जो काम किया है, इसी के साथ कांग्रेस में जिस तरह का बिखराव है, उससे भरोसा है कि जनता भाजपा को सभी सीटों पर आशीर्वाद देगी।

**सवालः** कांग्रेस ने बड़े-बड़े दिग्गज मैदान में उतारे हैं, भाजपा ने अपने सासंदों की टिकट काट दी, क्या कहते हैं?

**जवाबः** कांग्रेस की बड़ी दुर्गति है, कांग्रेस ने जनता का विश्वास खोया है। सरकार में आने से पहले कांग्रेस ने जो 36 वादे किए थे, वो पूरे ही नहीं किए। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। लोकसभा के चुनाव में प्रत्याशी नहीं मिल रहे थे, इसलिए इन नेताओं को मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस में इस समय बहुत ज्यादा बिखराव है, कुछ ही समय में 25 हजार से ज्यादा कांग्रेसी भाजपा में आए हैं।

**सवालः** पुराने कार्यकर्ता सवाल नहीं करते हैं कि क्यों कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल किया जा रहा है?

**जवाबः** हमारे कार्यकर्ता ऐसे नहीं हैं। जो प्रवेश कर रहे हैं, उनसे हमारे कार्यकर्ता घुल मिल जाते हैं। जो आ रहे हैं, वो देश की सेवा करने और मोदी जी के कामों से प्रभावित होकर ही आ रहे हैं। आने वाले समय में इनका भी काम दिखेगा।

**सवालः** राजनांदगांव से भूपेश बघेल के मैदान में रहने से कितनी परेशानी हुई?

**जवाबः** कोई परेशानी नहीं हुई है। हम तो कहते हैं कि कांग्रेस ने भूपेश बघेल को मैदान में उतारकर हमारे युद्ध को और आसान कर दिया। भूपेश बघेल से अपने पांच साल के कार्यकाल में जनता का भरोसा खोने का ही काम किया है। उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बनाने के साथ भ्रष्टाचार का भी गढ़ बनाने का काम किया। घोटाले भी लगातार हुए हैं। इसकी वजह से कई अधिकारी भी जेल में हैं। अपराध का सरगना अगर आज राजनांदगांव से चुनाव मैदान में है तो इससे हमें चुनाव में आसानी ही हुई है।

**सवालः** भूपेश बघेल दुर्ग और रायपुर से क्यों नहीं लड़े, आपको क्या लगता है?

**जवाबः** उनको अपना गृह नगर सुरक्षित नहीं लगा होगा। भाजपा के सांसद विजय बघेल पिछला चुनाव चार लाख से ज्यादा मतों से जीते थे, इसलिए उनको हार का खतरा रहा होगा। इस बार भी विजय बघेल रिकार्ड मतों से जीतेंगे।

**सवालः** भूपेश बघेल का भविष्य क्या लगता है?

**जवाबः** पूरे देश में जिस तरह के कांग्रेस पार्टी जनता का विश्वास खो चुकी है। भूपेश बघेल ने जिस तरह से छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अपने शासनकाल में धोखा किया है, उससे इनका भविष्य अच्छा नहीं लगता है।

**सवालः** बस्तर की सीट पिछली बार हार गए थे, इस बार क्या लग रहा है?

**जवाबः** इस बार विश्वास है बस्तर की सीट हम जीत रहे हैं। दीपक बैज को कांग्रेस ने तो टिकट देने की भी हिम्मत नहीं की है। दीपक बैज को विधानसभा में हमारे एक छोटे कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष ने हरा दिया था।

**सवालः** जब सब कुछ अच्छा चल रहा है तो फिर इतने दौरे करने की जरूरत क्यों है?

**जवाबः** वातावरण भाजपा के पक्ष में है, यह बात ठीक है, पर विपक्ष को कभी कमजोर मानकर नहीं चलना चाहिए। हम लोग को विश्वास है लेकिन अतिविश्वास में नहीं है। जहां तक कोरबा की बात है यहां से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय हमारी प्रत्याशी हैं। इनको बड़ा अनुभव है। सामने कांग्रेस की प्रत्याशी ज्योतना महंत हैं, पांच साल सांसद रही हैं, इन पर निष्क्रियता का आरोप है। इनको क्षेत्र में लोग पहचानते तक नहीं हैं। इसका लाभ भी भाजपा को मिल रहा है। इस बार कोरबा का चुनाव हमारे लिए आसान है।

**सवालः** आपकी सरकार के कामों से चुनाव में कितनी मदद मिलेगी?

**जवाबः** मोदी जी का आशीर्वाद तो है ही, लेकिन हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के जो वादे चाहे वो प्रधानमंत्री आवास की बात हो, किसानों को दो साल बोनस देने की बात हो, किसानों से 31 सौ रुपए में 21 क्विंटल धान खरीदी की बात हो, महतारी वंदन योजना में विवाहित महिलाओं को दो माह की किश्त दे चुके हैं। पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच की बात हो। हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने का जो काम किया है। इसका लाभ भी लोकसभा चुनाव में मिलेगा। ।

**सवालः** आपको सरल और सहज कहा जाता है, सवाल यह कि साय की सरकार सरलता से चल रही है या अफसरों से चल रही है?

**जवाबः** स्वभाव से हम जरूर विनम्र है लेकिन जहां जनहित और प्रदेश की बात आएगी तो कठोर से कठोर निर्णय लेने में भी परहेज नहीं होगा।

**सवालः** साय अधिकारियों के मुताबिक काम कर रहे हैं या अधिकारी आपके मुताबिक काम कर रहे हैं?

**जवाबः** हमारे अनुसार अधिकारी काम कर रहे हैं। हमको भी 30 साल का अनुभव है, चार बार सांसद रहे हैं, दो बार विधायक रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। मोदी जी के शासन में राज्यमंत्री के रूप में भी कम कर चुके हैं। हमको लंबा अनुभव है। हम अपने हिसाब से जनहित में जो अच्छा लगता है, काम करते हैं।

**सवालः** भूपेश बघेल और विष्णुदेव साय के काम को लेकर अधिकारी क्या अंतर बताते हैं?

**जवाबः** भाजपा और कांग्रेस के कामकाज के तरीके में बहुत अंतर है। उनकी जैसी संस्कृति हम लोग नहीं ला सकते हैं। जनहित में कठोर निर्णय लेने की भी क्षमता हम लोगों में है।

**सवालः** आप कहते हैं काम सांय-सांय हो रहा है, भूपेश बघेल कहते हैं सट्टा सांय-सांय चल रहा है?

**जवाबः** कांग्रेस के लोग झूठ बोलने में बहुत माहिर हैं। आज महादेव सट्टा एप का आरोप किस पर है, किस पर एफआईआर है। आज भूपेश बघेल पर 508 करोड़ रुपए लेने का आरोप है।

**सवालः** रायगढ़ लोकसभा को लेकर क्या कहते हैं, नया चेहरा है वहां?

**जवाबः** चेहरा नया है, राधेश्याम राठिया ने सरपंच से काम शुरू किया था। जनपद अध्यक्ष भी रहे। संगठन में भी रहे। उनको लंबा जनसेवा करने का अनुभव है। पूरे क्षेत्र में उनकी पहचान है। बहुत सरल और मिलनसार है। सब उनको चाहते हैं। रायगढ़ से मैं चार बार सांसद रहा हूं। जनता का हमेशा भाजपा के साथ रहा है। इस बार भी जनता का आशीर्वाद भाजपा को मिलेगा।

**सवालः** दूसरे राज्यों में भी जा रहे हैं चुनाव प्रचार क्या अनुभव रहा है?

**जवाबः** पार्टी के आदेश पर दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। मप्र तीन बार जा चुके हैं। झारखंड, तेलंगाना जा चुके हैं। आगे और भी राज्यों में जाना होगा। जहां भी गए हैं, वहां भाजपा के पक्ष में अच्छा वातावरण है।

**सवालः** जिंदगी कितनी बदल गई मुख्यमंत्री बनने के बाद आपकी?

**जवाबः** हम तीस साल से विधायक और सांसद के रूप में काम कर रहे हैं। उस समय कार्यक्षेत्र छोटा रहने के कारण क्षेत्र के लोगों के बीच रहते थे, अब मुख्यमंत्री होने के नाते पूरे प्रदेश के लोगों के बीच रहते हैं। एक आदत हो गई है लोगों के बीच में रहने की। परिवार के लोगों से अब मिलना-जुलना कम हो गया है।

**सवालः** आप अपना मोबाइल हमेशा अपने पास रखते हैं, क्या स्टाफ ठीक नहीं मिला है?

**जवाबः** प्रदेश के लोगों और हमारे कार्यकर्ताओं में विश्वास है मैं अगर फोन नहीं उठा पाऊंगा तो देर सवेर काल बैक जरूर करूंगा। आज भी हमारे क्षेत्र के लोग मुझे मुख्यमंत्री नहीं अपना साथी मानते हैं। आज भी कहीं ट्रांसफार्मर फेल हो जाता है, कहीं हेंड पंप खराब हो जाता है तो मेरे पास फोन आता है। मैं फोन उठाता भी हूं। आज भी मेरे पास बीएसएनएल का बरसों पुराना नंबर है जो सबके पास है।

### घर की बिजली...

कहा कि वह चाहते हैं कि हर घर की छत पर सोलर पैनल्स लगाए जाएं। इससे घरों को बिजली मिलेगी, जिससे इलेक्ट्रिसिटी पर आने वाला उनका खर्च घटकर शून्य पर आ जाएगा।

### पीएम मोदी ने तीन...

और कार को चार्ज कर सकेगा। रिन्यूएबल एनर्जी के फायदों के बारे में बताते हुए पीएम ने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रिसिटी व्हीकल्स के इस्तेमाल से वातावरण स्वच्छ होगा। इससे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के आयात पर अरबों डॉलर की बचत होगी।

### असम से 1 गिरफ्तार...

मंत्री अमित शाह के भाषण के एक फर्जी वीडियो के प्रसार के संबंध में एक एफआईआर दर्ज की है। गृह मंत्रालय ने शिकायत में लिखा था कि यह पाया गया है कि फेसबुक और ट्विटर के उपयोगकर्ताओं द्वारा कुछ छेड़छाड़ किए गए वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं। केस दर्ज होने के बाद अब स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस यूनिट ने जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करने के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को एक मई को जांच में शामिल होने के लिए समन भेजा है। पुलिस ने तेलंगाना सीएम को समन के साथ-साथ यह भी कहा है जिस फोन से उन्होंने गृह मंत्री के वीडियो को शेयर किया था, वो भी साथ लेकर आएं। इस फेक वीडियो में अमित शाह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ों के लिए आरक्षण कोटा खत्म करने की वकालत करते नजर आ रहे हैं।

### वीडियो के सोर्स का...

की प्रामाणिकता पर आपत्ति जताई और स्पष्ट रूप से इसकी निंदा करते हुए कहा कि एक चुनावी रैली के दौरान दिए गए शाह के मूल बयानों को विकृत करने के लिए वीडियो में हेरफेर किया गया है।

### भोजशाला में ...

विनय जोशी ने हाईकोर्ट में तर्क रखे। एएसआई का कहना है कि वर्तमान ढांचे को सुरक्षित रखते हुए सर्वे करने में अधिक समय लग रहा है। इसलिए, हमने अतिरिक्त समय मांगा है। अभी एएसआई की टीम वहां लगातार सर्वे कर रही है। सर्वे के दौरान दोनों पक्ष के लोग मौजूद रहते हैं। साथ ही एएसआई टीम को सर्वे में कई अहम सबूत मिले हैं। इन्हीं सबूतों के आधार पर यह तय होगा कि भोजशाला मंदिर है या मस्जिद। सर्वे पूरा होने के बाद एएसआई की टीम चार जुलाई को फाइनल रिपोर्ट कोर्ट में सौंपेगी।

अब जीपीआर मशीन का होगा इस्तेमालः एएसआई के मुताबिक सर्वे में अब जीपीआर मशीन इस्तेमाल किया जाएगा। इस मशीन के लिए नेशनल ज्योग्राफिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट आफ इंडिया (एनजीआरआई) से संपर्क किया है। वहां से अनुमति मिलते ही मशीन से सर्वे शुरू हो जाएगा। यह अत्यंत धीमी प्रक्रिया है। इसलिए उसने आठ सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा है।

### मसालों में टायफॉइड...

पर कार्रवाई का मामला सामने आया है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) से मिली जानकारी से खुलासा हुआ है कि अमेरिका ने अब तक एमडीएच एक्सपोर्ट का करीब एक तिहाई हिस्सा खारिज कर दिया। जबकि अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच इनकार की दर 15 फीसदी थी। संयुक्त राज्य अमेरिका के सीमा शुल्क अधिकारियों ने पिछले छह महीनों में साल्मोनेला मिले होने के चलते महाशियान दी हट्टी (एमडीएच) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्यात किए गए सभी मसाला शिपमेंट में से 31 प्रतिशत को अस्वीकार कर दिया। इसके अलावा डेटा से खुलासा हुआ है कि अक्टूबर 2020 से अब तक साल्मोनेला मिश्रण के चलते एमडीएच के सभी एक्सपोर्ट खारिज किए थे। अक्टूबर 2023 के बाद से खारिज किए गए शिपमेंट की दर 15 प्रतिशत से बढ़कर दोगुना हो गई है।

### शरीर में खून के...

वजह बनती है। बॉडी में ब्लड क्लॉट बनने के चलते व्यक्ति को ब्रेन स्ट्रोक, कार्डियक अरेस्ट होने की आशंकाएं बढ़ जाती है। इसके अलावा यह सिंड्रोम बॉडी में प्लेटलेट्स गिरने का एक कारण भी बन सकती है।

**वैक्सीन को लेकर दायर हुआ था मुकदमाः** बता दें कि एस्ट्राजेनेका कंपनी को क्लास-एक्शन मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। इस मुकदमे को जेमी स्कॉट नाम के शख्स ने ने दायर किया, जो अप्रैल 2021 में यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के साथ मिलकर बनाई गई एस्ट्राजेनेका वैक्सीन लेने के बाद ब्रेन डैमेज का शिकार हुए थे। इसके अलावा कई अन्य परिवारों ने भी अदालत में इसको लेकर शिकायत की थी कि वैक्सीन लेने के बाद उन्हें इसके साइड इफेक्ट्स का सामना करना पड़ा। अब ये परिवार इसको लेकर वैक्सीन को लेकर हुई परेशानियों को लेकर मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### पेनड्राइव में मिले 2976 ...

था। देवराज का कहना था कि पेनड्राइव में कुल 2976 वीडियो हैं और इनमें से नजर आ रहीं कुछ महिलाएं सरकारी अधिकारी हैं। इन वीडियोज का इस्तेमाल यौन गतिविधियों को जारी रखने और ब्लैकमेलिंग के लिए किया जाता है। और पेनड्राइव में ऐसे वीडियोज और फोटोज थे, जो कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के पास भी पहुंचे थे।

जेडीएस से गठबंधन न करने की दी थी सलाहःगौड़ा ने अपने पत्र में लिखा था कि अगर हम हासन लोकसभा सीट से जेडीएस उम्मीदवार को नॉमिनेट करते हैं तो यह वीडियोज ब्रह्मास्त्र हो सकते हैं। इतना ही नहीं अपने पत्र में उन्होंने कहा था कि गठबंधन होने के स्थिति में हमारी पार्टी पर बलात्कारियों का समर्थन करने का आरोप लग सकता है। गौड़ा ने जेडीएस के साथ गठबंधन न करने की सलाह भी दी थी। गौड़ा का कहना है कि ऐसा लगता है कि वीडियो में प्रज्वल रेवन्ना है क्योंकि वह वीडियो के कुछ हिस्सों में नजर आया है। ऐसा लगता है कि वह अपराधी है, इसलिए मैं उसे तत्काल पार्टी से बाहर करने की मांग कर रहा हूं। वहीं इस मामले में कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने कहा कि एसआईटी ने अपनी जांच शुरू कर दी है और टीम को बहुत कुशल अधिकारी मिले हैं। इसलिए मेरी चिंता पीड़ितों के लिए हैं।

### नाम वापसी के अंतिम...

'आपरेशन सूरत-2' सफल करने की थी। इसके तहत कांग्रेस के अक्षय के साथ सभी प्रत्याशियों के नामांकन वापस कराए जाना थे। इसके लिए खुद कैलाश विजयवर्गीय अपनी टीम के साथ अंतिम समय अपरान्ह 3 बजे तक मोर्चे पर डटे रहे, लेकिन ऑपरेशन पूरा नहीं हो सका। अक्षय बम सहित 9 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। इसके बाद भी भाजपा के शंकर लालवानी सहित 14 उम्मीदवार मैदान में शेष हैं। अब इनके बीच चुनाव होगा। हालांकि दो प्रत्याशियों धर्मेंद्र झाला और दिलीप ठक्कर ने कहा है कि उन्होंने नामांकन वापस नहीं लिए हैं, फिर भी उनका नाम नामांकन वापस लेने वालों की सूची में शामिल हैं। बता दें, सूरत में कांग्रेस सहित सभी प्रत्याशियों के या तो नामांकन निरस्त हो गए थे, यह नामांकन वापस ले लिए गए थे। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध विजयी घोषित कर दिए गए थे।

**उधर, जीतू पटवारी का आरोप...अक्षय के खिलाफ धारा बढ़ाई, धमकाया गयाः** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि अक्षय कांति बम पर तीन दिन पहले एक पुराने मामले में 307 की धारा बढ़वाई गई। उन्हें रात भर डराया, धमकाया गया और अलग-अलग प्रकार की यातना दी गई। इसके बाद उन्हें साथ ले जाकर नामांकन फॉर्म वापस निकलवा लिया गया। पटवारी ने कहा, 'इंदौरवासियों, ये मैसेज है कि आपको वोट के अधिकार का इस्तेमाल नहीं करना है। मैं प्रार्थना करता हूं कि आपको अगर लोकतंत्र में विश्वास है तो इस तानाशाही के खिलाफ खड़ा होना पड़ेगा।

**भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्कीः** एक समय ऐसा भी आया जब इंदौर कलेक्टर कार्यालय में नाम वापसी को लेकर कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। कलेक्टर कार्यालय में मौजूद दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने आपस में धक्का-मुक्की की। दरअसल, इस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए गए अक्षय कांति बम के नामांकन वापस लेने के बाद भाजपा निर्विरोध निर्वाचन कराने की कोशिश में थी। इसे देखते हुए बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता भी कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंच गए। कांग्रेस नेताओं ने आशंका जताई कि अधिकारी गड़बड़ी कर सकते हैं।

हरिभूमि सहेली
नई दिल्ली, मंगलवार
30 अप्रैल 2024









स्पेशल
वर्ल्ड लाफ्टर-डे, 5 मई

हंसी हमारे भीतर बैठे तनाव को खत्म ही नहीं करती, हमें कई तरह की बीमारियों से बचाकर स्वस्थ भी रखती है। अच्छी बात यह है कि हंसने के मामले में महिलाएं कुदरती तौर पर पुरुषों से कहीं आगे होती हैं, खुलकर हंसना उनके स्वभाव में होता है। इस बात की पुष्टि कई शोधों से मिलती है। महिलाओं पर हुए ये शोध किन बातों को आधार बनाकर हुए, यह जानते हुए हम भी यह मानें कि हंसी हजार नियामत है।

कवर स्टोरी / विमला रस्तोगी

# पुरुषों से कहीं ज्यादा हंसती हैं महिलाएं

किसी विद्वान ने कहा है, 'अगर तुम्हारे होंठों पर मुस्कान है और हृदय में एक कोई अच्छा गीत तो निश्चित रूप से तुम ऊंची आवाज में गाओ।' देखा जाए तो आज यही मुस्कान-हंसी बहुत दुर्लभ हो गई है। जिंदगी की आपा-धापी और तमाम तरह के तनावों के बीच आदमी हंसना भूलता जा रहा है।

### हंसी-खुशी के बदल गए हैं मायने

आज इंसान के लिए हंसी-खुशी के मायने बदल चुके हैं। धनी और अधिक पैसा कमाने की, मध्य वर्ग सीमित आमदनी में ढंग से रहने की और गरीब निर्धनता से मुक्ति पाने, जीने की कशमकश में लगा रहता है। धनी वर्ग क्लबों, पार्टियों और होटलों में हंसी खोजने जाता है। गरीब के लिए अपने बच्चों के पेट भरने पर ली जाने वाली चैन की सांस ही उसके होंठों की मुस्कान बन जाती है। आजकल चिंताएं बिना किसी रुकावट के बिन मांगे ही मिल जाती हैं, लेकिन हंसी दुर्लभ है।

### हंसी पर क्या कहते हैं शोध

व्यक्ति कब हंसता है? कितना हंसता है? आदमी ज्यादा हंसते हैं या महिलाएं? विदेशों में शोधकर्ता हंसी से संबंधित इन्हीं सब बातों पर शोध करने में लगे हैं। हंसने पर शोध करने वाले वर्जीनिया विश्वविद्यालय के वेड.सी. मैकी का कहना है कि अनेक स्थितियों में महिलाएं पुरुषों से जल्दी और अधिक हंसती हैं। लुइसियाना स्टेट विश्वविद्यालय के शोधकर्ता भी हंसी पर अनुसंधान कर रहे हैं। अपने शोध के दौरान इन शोधकर्ताओं ने ढाई मिनट तक दो पुरुषों की मनोरंजक बातचीत टेप की और उसे कुछ अकेले बैठे पुरुषों को सुनाया। इसी टेप को शोधकर्ताओं ने बाद में महिलाओं को सुनाया, जो अकेली बैठी थीं तो उन्होंने पाया कि अकेली बैठी महिलाएं उस टेप को सुनकर अकेले बैठे पुरुषों की अपेक्षा अधिक खुल कर हंसीं। शोध से यह भी निष्कर्ष सामने आया है कि महिलाएं अन्य महिलाओं के साथ मिलकर ज्यादा हंसती हैं, जबकि पुरुष अपने वर्ग में बैठ कर सामान्य स्तर तक ही हंसते हैं। अब आप ही बताएं, कहीं चार महिलाएं बैठी ठहाके लगा रही हों तो लोग क्यों जलते हैं? महिलाओं पर 'खाली बैठे ठठ्ठे मारने' का इल्जाम क्यों लगाया जाता है? ऐसा इल्जाम या हंसी के मामले में महिलाओं से जलन गलत है। क्या खुशमिजाज होना गलत है?



### एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है

अमेरिका में लुइसियाना के ग्रामीण क्षेत्रों में और वर्जीनिया के शहरी क्षेत्रों में किए गए एक अध्ययन के अनुसार एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है। वैसे हंसने में महिलाएं ज्यादा सक्रिय देखी जाती हैं। शोधकर्ताओं ने एक सड़क पर कुछ नियत शब्दों में वयस्कों का स्वागत किया। कभी हंस कर, कभी बिना हंसे। आमतौर पर हंसी का उत्तर हंसी में मिला, लेकिन महिलाएं पुरुषों से ज्यादा हंसीं। शोध में एक और निष्कर्ष निकला कि पुरुष यदि पुरुष को देखकर मुस्कराता है तो अच्छा रेस्पांस मिलता है। लेकिन पुरुष महिला को देखकर मुस्कराए तो प्रत्येक महिला हंसकर रेस्पांस नहीं देती, इसका कारण हमारे बनाए सामाजिक दायरे हैं। महिलाओं को देखना होता है कि वह कहां और किसके साथ हैं? कहीं कोई उन पर अंगुली ना उठा दे। लेकिन यह तय है कि हंसना महिलाओं के स्वभाव में है। इसलिए उन्हें टोकना नहीं चाहिए।

### सर्वत्र लागू होती है ज्यादा हंसने वाली बात

कोई कुछ भी कहे, महिलाएं कई मामलों में पुरुषों से बाजी मार ही लेती हैं। मसलन, पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं बोलती ज्यादा हैं, लड़ती ज्यादा हैं, सहती ज्यादा हैं, रोती ज्यादा हैं, इसी तरह हंसती भी ज्यादा हैं। यह बात पूर्व-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण सर्वत्र समान रूप से लागू होती है। अधिक हंसने की आदत के कारण कुछ महिलाओं के 'हंसमुखी' या 'फुलझड़ी' जैसे नाम पड़ जाते हैं।

### हंसी हजार नियामत

हंसने पर शोध की बात पर याद आती है अपनी एक परिचिता, जो हर बात पर हंसती है। हंसने वाली बात पर हंसे तो मुनासिब है, लेकिन वह दुख की बात पर भी हंस पड़ती है। उसका मानना है, दुख भी हंस कर सहो। अरे भई, हंस कर दुख सहने का यह मतलब तो नहीं कि हर समय बत्तीसी दिखाते रहो। क्या कहें उसे जो किसी को गिरता देख ले तो उसे हंसी आ जाए। गिरने वाला चाहे उसका भाई हो या पड़ोसी, जवान हो या बच्चा, किसी को बुरा लगे या भला, उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसका कहना होता है, 'मैं क्या करूं, किसी को गिरता देख सबसे पहले मेरी हंसी ही छूटती है।' है न इस महिला की हंसी गजब की। काश! शोधकर्ता इस महिला पर शोध करते तो उन्हें खासे आंकड़े बदलने पड़ते। लेकिन जो भी कहा जाए, हंसी हजार नियामत है, हम खुद तो हंसें ही, दूसरों को भी हंसाकर उसे खुशी के पल दें।

# जब करें मजाक रखें इन बातों का ध्यान



अपनों के साथ हम मजाक करते ही हैं, यह हंसने-हंसाने का एक प्यारा-सा जरिया है। लेकिन मजाक कभी ऐसा ना करें कि सामने वाला हंसने के बजाय आहत हो। ऐसे मजाक बिल्कुल ना करें, जिसे आप स्वयं भी ना सह पाएं। मजाक एक सीमा में रहकर करें।

बिहेवियर / विवेक कुमार

बड़े-बुजुर्ग सही कहते हैं कि हंसी-मजाक एक सीमा तक ही अच्छे लगते हैं। अगर आपने इसकी हद पार कर दी तो यह हंसी-मजाक संबंधों के लिए घातक भी हो सकता है। आपने भी कई बार महसूस किया होगा कि किसी-किसी का मजाक आपके दिल में चुभकर रह गया। ऐसे तमाम किस्से भी सुने होंगे कि किसी ने, किसी दूसरे का इतना मजाक उड़ाया कि मजाक से पीड़ित व्यक्ति ने गुस्से में मजाक बनाने वाले से मारपीट तक कर ली। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

**सीमा पार ना करें :** मजाक हमेशा एक सीमा तक ही अच्छा लगता है। जैसे ही आपने किसी का मजाक बनाते हुए सीमाएं, मर्यादाएं पार कीं तो मजाक बनाए जाने वाला व्यक्ति बहुत अपमानित महसूस करता है। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, उसका सम्मान करते हुए महज मनोरंजन की सीमा तक ही यह करें। खास करके ऐसे व्यक्ति का तो मजाक कभी नहीं उड़ाना चाहिए, जो मजबूर हो और पलटकर आपको जवाब ना दे सके। इसी तरह किसी शख्स में अगर कोई जन्मजात कमी है, मसलन वह अंधा है, लंगड़ा है या वह बोल नहीं पाता, मोटा है, काला है, कद बहुत छोटा है, ऐसी शारीरिक स्थितियों का तो कभी भी मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। क्योंकि ऐसे व्यक्तियों का जब कोई मजाक उड़ाता है तो वह मजाक उन्हें गुदगुदाता नहीं है, अपमानित महसूस कराता है।

**वही मजाक करें, जो आप भी सहन कर सकें :** किसी भी व्यक्ति का उन्हीं बातों और संदर्भों को लेकर मजाक उड़ाना चाहिए, जिन बातों और संदर्भों को लेकर किए गए मजाक को आप खुद भी सहन कर सकें। किसी का ऐसी किसी बात के लिए मजाक ना उड़ाएं जैसी बात के लिए आप खुद मजाक सहन नहीं कर सकतीं। हम यह ना भूलें, जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो इसका हमारे संबंधों पर असर पड़ता है। जब हम जिसका मजाक उड़ाते हैं, अगर उसके मन में यह भावना आती है कि आप उसका अपमान कर रही हैं, तो चाहे वह कितना अच्छा दोस्त हो, उससे आपके रिश्ते सलामत नहीं रहेंगे। मजाक से विश्वास और दोस्ती दोनों के टूटने का खतरा रहता है। भले कुछ लोग कहते हों कि मजाक करके वह माहौल को हल्का-फुल्का और तनावमुक्त बनाना चाहते हैं, लेकिन यह एक बड़ा झूठ है। जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो माहौल हल्का नहीं होता, उस व्यक्ति के लिए तो बहुत ही तनावभरा हो जाता है।

### क्या कहता है मनोविज्ञान



मनोविज्ञान के मुताबिक कोई स्वस्थ व्यक्ति किसी का मजाक नहीं उड़ा सकता। हां, अगर कोई ऐसा व्यक्ति जो वाकई मनोरंजन के लिए या माहौल को हल्का-फुल्का करने के लिए मजाक का सहारा लेता है, तो वह दूसरों की बजाय सबसे ज्यादा खुद का ही मजाक उड़ाता है। मनोविज्ञान यह भी स्पष्ट करता है कि दूसरो का मजाक उड़ाकर हम अपने आपको महत्वपूर्ण बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन ऐसी कोई कोशिश कभी सफल नहीं होती।

**लोगों को मौका ना दें :** जब कोई व्यक्ति पहली बार आपका मजाक उड़ाने की कोशिश करे और आपको लगे कि आप उससे आहत हो रही हैं तो तुरंत उसे टोक दें। अगर पहली बार में ही टोक देंगी तो वो भविष्य में ना सिर्फ आगे बढ़ने से रुक जाएगा बल्कि यहां से भी पीछे लौट जाएगा। अगर आपने उसे आगे बढ़ने दिया तो वह भविष्य में अगर पीछे लौटने का हौसला भी दिखाएगा तो बार-बार इससे पीछे भी हट जाएगा। किसी से दबकर तो अपना मजाक कभी भी नहीं उड़वाना चाहिए। क्योंकि अगर सामने वाले को लग गया कि आप उससे दबे हुए हैं, इसलिए उसकी मजाक को सहन कर रहे हैं तो वह फिर और दबाता जाएगा। यह कभी नहीं भूलें, मजाक हंसने-हंसाने के लिए होते हैं, दिल को दुखाने के लिए नहीं।

एडवाइस / विनीता

# अपने आप से क्यों रखें शिकायत

हर इंसान से जीवन में कोई ना कोई गलती हो जाती है। ऐसी गलती भी हो जाती है, जिसमें अपना ही नहीं, अपने किसी प्रिय का नुकसान हो जाता है। यह गलती जानबूझ कर नहीं, अनजाने में हो जाती है फिर भी हम अपने आपको दोषी मानते हैं। एक तरह से अपराधबोध से ग्रस्त हो जाते हैं। लंबे समय तक ऐसी मनःस्थिति मेंटल हेल्थ के लिए ठीक नहीं है, इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। लेकिन उबरें कैसे, जानिए-

**हमेशा खुद को दोषी ना समझें:** कुछ लोग किसी भी काम में कोई गलती होने पर खुद को दोषी मान लेते हैं, इन्हें अपने आपसे शिकायत हो जाती है। ऐसे लोग अपने आपको कोसने लगते हैं। ऐसी स्थिति में उनके व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ जाता है। इसलिए अगर आपसे कभी कोई गलती हो भी जाए तो लगातार उसके बारे में सोचकर उदास-निराश होने के बजाय उसे सुधार कर आगे बढ़ जाएं।

**हीनभावना से बचें :** किसी गलती के लिए खुद को लंबे समय तक दोषी समझने या अपराधबोध से ग्रस्त होने के कारण मन में हीनभावना जन्म ले लेती है। इससे व्यक्ति को ऐसा लगता है कि वह दिमागी रूप से बहुत कमजोर है, इसी कारण अकसर उसी से ही गलतियां होती हैं। वह असक्षम है।



अपने बारे में ऐसी बातें ना सोचें। यह तभी संभव होगा, जब आप अपने लिए कुछ अच्छा सोचेंगी। अपनी सोच सकारात्मक रखेंगी।

**स्वयं रखें अपना ध्यान:** आज की इस भागम-भाग वाली जिंदगी में लोगों के पास दूसरों के लिए समय नहीं है। अधिकांश लोग सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं, इसलिए आपको अपना ध्यान खुद ही रखना होगा, तभी आप खुश रहेंगी, जीवन में कामयाब होंगी। इसके लिए आपको अपनी कमियों और गलतियों के प्रति सचेत रहना होगा, अपनी आदतों को निरंतर सुधारने की कोशिश करनी होगी।

**खुद को दें शाबासी:** हमेशा कुछ नया सीखने और करने का प्रयास करें। अपना आत्मविश्वास और आत्मबल बढ़ाएं। इसके लिए जब भी किसी कार्य में आपको सफलता मिले तो उसके बारे में सोचकर खुद पर गर्व महसूस करें। अपने आप को शाबासी भी दें। जब आप खुश होकर अपने बारे में सकारात्मक नजरिया रखेंगी तो आपके मन में खुद के प्रति कोई शिकायत नहीं रहेगी। **(मनोवैज्ञानिक विचित्रा दर्गन आनंद से हुई बातचीत पर आधारित)**

सीजनल टिप्स / संध्या सिंह

# जब समर सीजन के लिए सेलेक्ट करें ड्रेस-एक्सेसरीज

गर्मी के मौसम में हर कोई ऐसी ड्रेसेस और एक्सेसरीज सेलेक्ट करना चाहता है, जिससे सुकून मिले। इसलिए इन पर ध्यान देना जरूरी है।

**सुकून देने वाले कलर्स :** अपनी ड्रेस कलर च्वाइस से भी आप गर्मी को मात दे सकती हैं। गर्मियों में डिजाइन कैसी भी हो, मैटेरियल कैसा भी हो लेकिन अगर कलर सुटेबल नहीं हो तो सुकून नहीं मिलता है, परेशान करने वाली बेचैनी बनी रहती है। इसलिए बेहतर है कि व्हाइट कलर ड्रेसेस को प्रेफरेंस दें। यह कलर गर्मी को सोखता नहीं है, उसे रिफ्लेक्ट कर देता है इसलिए गर्मियों में इस कलर की ड्रेसेस ही चुनें। डार्क और ब्लैक कलर ड्रेसेस को अवॉयड ही करें। ब्लू कलर भी ज्यादा यूवी किरणों को सोखता है, इसलिए इस मौसम में गहरे रंगों से दूर रहें। लाइट ग्रीन, ऑरेंज, यलो और स्काई ब्लू कलर ही इन दिनों सुकून पहुंचाते हैं।

**ऑफ शोल्डर टॉप-हाफ पैंट्स :** इस मौसम में बहुत चुस्त और फिटेड ड्रेसेस ना अच्छे लगते हैं और ना ही आरामदायक होते हैं। इस लिहाज से कॉटन मेड ऑफ शोल्डर टॉप और हाफ पैंट्स, उन टीनएज गर्ल्स और यंग वूमेन के लिए परफेक्ट ड्रेस है, जो गर्मियों में आउटिंग पर जा रही हों। हालांकि इसे फ्रेंड्स के साथ गेट-टू-गेदर में भी कैरी कर सकती हैं, क्योंकि इस ड्रेस में यंग वूमेन खूब फबती हैं। यह ड्रेस कॉम्बिनेशन मॉडर्न लुक तो देती ही है, इससे सुकून भी मिलता है। इसके अलावा लॉन्ग कुर्ती, प्लीटेड स्कर्ट, व्हाइट शर्ट, लिनेन जैकेट और कॉटन टी-शर्ट विद पलाजो, गर्मियों के लिए अच्छी च्वाइस हैं।



**हील्स को कहें बाय-बाय:** शॉर्ट ड्रेसेस की तरह गर्मी के मौसम में फुटवियर भी कंफर्टेबल ही पहनें। इस मौसम में हाई हील्स को बाय-बाय कहने में ही समझदारी है। दरअसल, गर्मी के मौसम में देर तक हील्स पहनने से पैर की अंगुलियों पर बहुत दबाव महसूस होता है। इसलिए हील्स पहनने से बचें। फुटवियर हमारे पैरों को राहत ही नहीं देते, ये हमें स्टाइलिश भी बनाते हैं। इसलिए स्नीकर्स पहनते समय जमीन से सटी सैंडिल या हाई हील्स ना पहनें। डिसाइड कर लें, जो कुछ पहनेंगी कंफर्टेबल ही पहनेंगी।

हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

हर महिला के जीवन में मेनोपॉज स्टेज के दौरान और उसके बाद कई फिजिकल-मेंटल चेंज होते हैं। इससे कई प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसके लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस आपके लिए यूजफुल हो सकते हैं।

# मेनोपॉज के बाद ऐसे करें सेल्फ केयर

आमतौर पर मेनोपॉज को हड्डियों की कमजोरी और ब्रेस्ट कैंसर की बड़ी वजह माना जाता रहा है, लेकिन सच यह है कि अगर ध्यान न दिया जाए तो मेनोपॉज महिलाओं के लिए कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सबब भी बन सकती है।

**गम्स प्रॉब्लम:** नॉर्थ अमेरिकन मेनोपॉज सोसायटी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जोएन वी. पिंकर्टन कहती हैं, 'मेनोपॉज की स्थिति में जब महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है तो उनमें दांत ढीले होने और गम्स प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। कुछ महिलाएं ड्राइ माउथ, मसूढ़ों में जलन और दर्द भी महसूस करती हैं। ऐसे में उन्हें ओरल हाइजीन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।'



**स्लीप एप्निया:** विस्कोंसिन स्लीप कोहर्ट स्टडी के आधार पर पिंकर्टन बताती हैं कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल भी कम हो जाता है, जिससे ब्रीदिंग डिस्टर्ब होती है और स्लीप एप्निया की समस्या हो जाती है। कई महिलाओं में दिन में नींद ज्यादा आने, सिरदर्द और एंग्जायटी की समस्या होने लगती है।

**डायबिटीज:** अमेरिका की नेशनल हेल्थ स्टडी में वूमेंस हेल्थ इनीशिएटिव के मुताबिक जिन महिलाओं में 46 साल की उम्र से पहले या 55 साल के बाद मेनोपॉज होता है, उनमें टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क बढ़ जाता है। गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. किरण कोएलो कहती हैं, 'एस्ट्रोजन हार्मोन ग्लूकोज लेवल को स्थिर रखता है। इस हार्मोन का स्तर कम होने पर शरीर में ग्लूकोज का संतुलन बिगड़ जाता है। साथ ही फैट भी ज्यादा जमा होने लगती है। इसके अलावा इससे पोलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम, हाई बीपी और जेस्टेशनल डायबिटीज का रिस्क भी बढ़ जाता है। इसलिए रेग्युलर चेक-अप करवाना चाहिए और ओवरवेट होने से भी बचें।'



**हार्ट डिजीज:** मेनोपॉज से पहले, एस्ट्रोजन हार्मोन से शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ती है, खराब कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है और हाई बीपी कंट्रोल होता है। लेकिन जब मेनोपॉज के कारण एस्ट्रोजन का लेवल कम होने लगता है तो हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में नियमित 30 मिनट की एक्सरसाइज, प्लांट बेस्ड डाइट लेना और स्मोकिंग से बचना जरूरी है।

**ईटिंग डिसऑर्डर:** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ईटिंग डिसऑर्डर्स में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, मेनोपॉज के बाद महिलाओं में जो शारीरिक परिवर्तन आते हैं, उनसे ईटिंग डिसऑर्डर और नेगेटिव बॉडी इमेज की समस्या भी होती है। दरअसल, यह स्थिति सिर्फ शारीरिक ना होकर मानसिक और सामाजिक भी हो जाती है। महिलाओं के दिमाग में बेचैनी और उथल-पुथल होने लगती है। खुद को फिट और खूबसूरत दिखाने के लिए महिलाएं हेल्दी ईटिंग नहीं करतीं और डाइटिंग करने लगती हैं।

**यूरीनरी प्रॉब्लम्स:** स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्मिता गुटगुटिया के अनुसार, 'मेनोपॉज के बाद यूरीनेशन पर कंट्रोल कम होने की समस्या कई महिलाओं को होती है। ऐसा एस्ट्रोजन का लेवल कम होने से यूरेथ्रा के पतले होने के कारण होता है। साथ ही एजिंग, नॉर्मल डिलीवरी आदि के कारण पेल्विक फ्लोर मसल्स कमजोर होने से भी ऐसा होता है। साथ ही इस उम्र में बार-बार यूरीनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन भी होता है। इस समस्या से राहत के लिए कीगल एक्सरसाइज, पर्याप्त पानी पीना और गायनेकोलॉजिस्ट की सलाह से सावधानियां बरतना हेल्पफुल हो सकता है।'




अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## चाय पे चर्चा

▸▸ पटवा टी-स्टॉल पर लोस चुनाव की सीटों पर चर्चा

# किसी का 400 पार का दावा किसी को 250 के आसार

चुनाव की तारीख नजदीक आते ही चाय पर चर्चाएं गर्मी के साथ और भी गर्म होने लगी हैं। होटल पलाश के पास पटवा टी-स्टॉल पर तीन दोस्त रविवार सुबह चाय की चुस्की का आनंद ले रहे थे। इसी बीच चुनाव को लेकर चर्चा करने लगे। चाय पी रहे ब्रज किशोर वर्मा कहने लगे कि इस बार 400 पार वाली बात फीकी होती नजर आ रही है। 250 पार हो जाए तो बड़ी बात है।

प्रकाश सराठे ने कहा कि देखते जाइए, आगे-आगे क्या होगा। वैसे तो 400 के आसपास ही सीट आनी हैं। ब्रज किशोर और प्रकाश के साथ बैठे देवेंद्र पटवा कहने लगे कि सीट के पीछे क्यों पड़े हो, आप तो यह बताओ कि प्रधानमंत्री तो दोबारा ही आएंगे और तेजी से चल रहे विकास में और तेजी आएगी।



## फर्स्ट टाइम वोटर

### स्टार्टअप और रोजगार के मुद्दे पर मतदान करूंगा...



लोकसभा चुनाव को लेकर पिछले दो चरणों में देश व प्रदेश में कम मतदान चिंता का विषय है, लेकिन अब आने वाले चरणों में अधिक मतदान होने की उम्मीद है। युवाओं में मतदान को लेकर चर्चा चल रही है। खासतौर पर फर्स्ट टाइम वोटर आपस में चर्चा कर रहे हैं। चुनावी मुद्दों पर बातचीत हो रही है। इसमें अधिकांश युवा स्टार्टअप व रोजगार के मुद्दों पर वोट करने की बात कर रहे हैं। मैं पहली बार चुनाव में मतदान कर अपने नेता को चुनने को लेकर उत्साहित हूं। भोपाल में लोकसभा चुनाव में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

**नीतीश कुमार**, युवा मतदाता

### आस्था अपनी जगह, लेकिन रोजगार भी मुद्दों में रहेगा अहम



इस लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं का कहना है कि हम उम्मीदवार की काबिलियत को देख कर अपना वोट देंगे। इस बार राम मंदिर के मुद्दे को लेकर पक्ष-विपक्ष अपने-अपने तर्क पेश कर रहे हैं। मेरे हिसाब से आस्था अपनी जगह सही है, लेकिन युवाओं के बीच रोजगार सबसे बड़ा मुद्दा है। शिक्षा एक बड़ा मुद्दा है, इसलिए सरकार जिस पार्टी की बनेंगी, वह विकास काम करेगी या नहीं। युवाओं के लिए रोजगार सृजन कर सकेगी या नहीं। यह सब सोच-समझकर मैं वोट करूंगा। युवा वर्ग ही देश का भविष्य है।यु,वाओं के बेहतर भविष्य के लिए राजनैतिक दलों की घोषणाओं का अध्ययन कर मै अपना मत दूंगा।

**शुभम खरे**, युवा मतदाता

## बुजुर्ग मतदाताओं की यादें...

### पहले उम्मीदवारों में अपनापन झलकता था, अब इसकी कमी



कमल सिंह विश्वकर्मा

शहर के भानपुर इलाके में रासलाखेड़ी निवासी 65 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग कमल सिंह विश्वकर्मा बताते हैं कि अब चुनाव से पहले या बाद में एक बहुत बड़ी कमी दिखती है, तो वह है अपनेपन की। अब उम्मीदवारों को लोगों से मिलने तक का समय कम रहता है। सबकुछ तकनीक को दे दिया है। बस फोन पर ही बातें होती हैं, लेकिन पहले चुनाव के समय उम्मीदवार घर में अपनी उपस्थिति देते थे। चुनाव से पहले या फिर जीतने के बाद उनका व्यवहार नहीं बदलता था। आज हारे तो गायब, जीते तो दर्शन दुर्लभ होने वाली बात होती है। खैर, जो भी है, समय के साथ बदलाव जरूरी है, इसलिए पहले भी सब अच्छा था और आज भी वक्त के हिसाब से सब ठीक ही है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने आलोक के लिए जनता से मांगा आशीर्वाद

# कोलार 'मोदीमय', मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्वागत के लिए रोड-शो में उमड़ा जनसैलाब

### सीएम डॉ. यादव और विधायक रामेश्वर ने जनता का किया अभिवादन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्थानीय विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ रविवार की शाम भोपाल के कोलार में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में रोड शो किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोलार के सर्वधर्म शादी हॉल से सर्वधर्म पुल तक खुले रथ पर सवार होकर जनता का अभिवादन किया और आशीर्वाद मांगा।





### मुख्यमंत्री के रोड-शो में गूंजे मोदी-मोदी के नारे, जनता ने की फूलों की बारिश

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रोड शो के दौरान यात्रा मार्ग की दोनों तरफ की सड़कें भगवामय हो गईं। जनता ने सड़क के दोनों ओर खड़े होकर पुष्पवर्षा कर मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया। रोड-शो के दौरान मुख्यमंत्री का स्वागत करने समूचे कोलार की जनता उमड़ पड़ी। समाज के हर वर्ग के पुरुष, महिलाएं, युवा, बच्चे और बुजुर्ग मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए मौजूद रहे।*



### विपक्ष के मनोबल को गिराएगा जनता का उत्साह

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रोड शो के समापन के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भोपाल में जनता का उत्साह देखकर समझ में आ रहा है कि यह उत्साह विपक्ष के मनोबल को गिराएगा। आज भोपाल में ऐसा लग रहा है कि पूरा शहर सड़क पर आ गया है। यह हमारे लोकतंत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गौरवान्वित करने वाला क्षण है। इस बार सभी को भारत को नंबर वन देश बनाने के लिए अपने घरों से निकलकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट करना है। देश कह रहा है कि 'फिर एक बार, मोदी सरकार'।*

### सीएम के साथ रथ पर सवार रहे रामेश्वर

*रथ पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा एवं विधायक रामेश्वर शर्मा भी सवार थे और जनता का अभिवादन कर रहे थे। रोड-शो में पार्टी के प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी भी शामिल रहे।*

## शिवराज ने कहा- विरासत टैक्स लगाना चाहती है कांग्रेस

# कांग्रेस-इंडी बताएं, उनका प्रधानमंत्री कौन सैम पित्रोदा और राहुल गांधी गुरु-चेले हैं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को 2 लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम राजनीति में इसलिए हैं कि देश और जनता की सेवा कर सकें। विधायक था तो विधायक के रूप में जनता की सेवा की। फिर सांसद बना तो सांसद के रूप में सेवा की और मुख्यमंत्री बना तो मुख्यंमत्री के तौर पर जनता की जिंदगी बेहतर बनाने का काम किया। मैं जनता का सेवक हूं, मैं मानता हूं कि जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है।

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि चुनाव में तीन चीज़ों पर विचार किया जाता है। सबसे पहले तो ये देखा जाता है कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा। भाजपा में तो तय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं और मोदी ही बनेंगे, लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन बताएं कि उनका प्रधानमंत्री कौन है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि गर्मी के दिन हैं, यदि हम बाजार में मटका भी खरीदने जाते हैं तो ठोक-बजा कर देखते हैं कि कहीं से रिस तो नहीं रहा है। हम कोई भी चीज देख-परख कर लेते हैं, इसलिए कांग्रेस और इंडी गठबंधन ये तो बताएं कि मोदी के मुकाबले कौन हैं। दूसरी चीज़ देखी जाती है पार्टी, तो भाजपा नंबर वन पार्टी है और तीसरी चीज़ है कि हमारा उम्मीदवार कैसा है तो भाजपा के उम्मीदवार विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### कांग्रेस के असली इरादे क्या हैं?

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ओवरसीज़ कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा कह रहे हैं कि भारत में भी अमेरिका की तरह विरासत कानून लागू किया जाना चाहिए। राहुल गांधी और सैम पित्रोदा गुरू और चेले हैं। पित्रोदा राजीव गांधी के भी सलाहकार रह चुके हैं। पित्रोदा जैसे लोग ही कांग्रेस को विचार देते हैं, जिनको कांग्रेस क्रियान्वित करती है। अमेरिका में विरासत कानून के तहत माता-पिता की मृत्यु के बाद सम्पत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार रख लेती है और बच्चों को 45 प्रतिशत हिस्सा ही दिया जाता है। पूर्व सीएम ने कहा कि ये कहां कि सोच है, ये भारत है अमेरिका नहीं। भारत अपनी सनातन परंपराओं से ही चलेगा। यहां गरीब मां-बाप अपना पेट काट-काटकर थोड़े पैसे इसलिए बचाते हैं कि उनकी मृत्यु के बाद बच्चों को कुछ देकर जा सके और कांग्रेस उनसे ये भी छीन लेना चाहती है। कांग्रेस आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण की बात करती है, वो देश को कितने टुकड़ों में बांटना चाहते हैं। सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ये स्पष्ट करना पड़ेगा कि उनके असली इरादे क्या हैं।



## कांग्रेस ने नहीं दिया पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा

# दलित, आदिवासी व पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डालना चाहती है कांग्रेस: पटेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन का हिडन एजेंडा है, एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर अपने चहेतों को देना। कांग्रेस दलित, आदिवासी और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का हिस्सा मुस्लिमों को देना चाहती है। मंत्री पटेल रविवार को भाजपा के स्टेट मीडिया सेंटर में पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे।



### कांग्रेस की मंशा सामने आई

पटेल ने कहा कि कांग्रेस ने देश की आजादी के बाद से दो रास्ते चुने थे। इनमें से एक था अल्पसंख्यकों का तुष्टिकरण और दूसरा बहुसंख्यकों के प्रति दुराव। एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों पर डाका डालने की कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। यहां तक कि बाबा साहेब आंबेडकर ने भी 27 अक्टूबर 1951 को यह कहा था कि पं. नेहरू हमेशा मुसलमानों के पक्ष में रहते हैं। कांग्रेस ने अभी जो मुस्लिम आरक्षण की बात की है, उससे बहुसंख्यक समाज के खिलाफ कांग्रेस की मंशा भी देश के सामने आ गई है।

## जोबट में नाबालिग के साथ हुई दुष्कर्म की घटना की निंदा की

# शौचालय बनाने की योजना सिर्फ कागजी रह गई: नायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने जोबट में नाबालिग बच्ची के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना को बेहद निंदनीय और प्रदेश को शर्मसार कर देने वाली घटना बताया है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी लोगों के संरक्षण में घटित हो रही इस तरह की घटनाएं प्रदेश में व्याप्त लचर कानून-व्यवस्था की स्थिति बयां करती है।

भाजपा राज में सत्ता से जुड़े लोगों को कानून-व्यवस्था में जहां एक ओर विशेषाधिकार प्राप्त हैं तो वहीं गरीब, वंचित वर्ग के लोगों के लिए अलग कानून का उपयोग भाजपा कर रही है।

### शौचालय योजना को लग गया पलीता

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, विधायक ओमकार मरकाम, मप्र कांग्रेस के प्रवक्ता और पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ बलात्कार, सामूहिक बलात्कार और बलात्कार के बाद उसकी हत्या में मप्र देश में नंबर एक पर है। भारत सरकार की शौचालय योजना को लेकर उन्होंने कहा कि आज इस योजना को पलीता लग रहा है। शहरी क्षेत्रों में भी कई स्थानों पर महिलाओं को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है।

## सिंधिया ने शाढ़ौरा में ली जनसभा

# हर मुश्किल समय में मैं गुना-शिवपुरी क्षेत्र की जनता के साथ रहता हूं खड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

केंद्रीय मंत्री व गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर विधानसभा के शाढ़ौरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र के लोगों के साथ हर समय खड़ा रहता हूं।

क्षेत्र की जनता की हर मुश्किल में साथ रहता हूं, कोरोना संक्रमण काल हो या ओलावृष्टि या अन्य कोई आपदा, क्षेत्र की जनता की हरसंभव मदद को तत्पर रहता हूं। सिंधिया ने कहा कि इस क्षेत्र में कोई गलत कार्य नहीं होने दूंगा, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी अगर कहीं होती है तो उसे भी मिटाकर रहूंगा।



### गांवों में किया लोगों से संपर्क

*सिंधिया ने कई गांवों में जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभाओं को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को मैं आश्वासन देता हूं कि क्षेत्र के विकास और क्षेत्र की जनता के कल्याण और कार्यों को लेकर हमेशा सबसे आगे रहूंगा। दुख की घड़ी जब भी आई है, तब सिंधिया परिवार आपके साथ खड़ा रहा है। कोरोना काल की मुश्किल घड़ी से लेकर बाढ़ और ओलावृष्टि तक हर समय मैं आपके साथ रहा हूं।*

## शराब के नशे में घर पर हुआ था विवाद

# पति ने कुल्हाड़ी से पत्नी की कर दी हत्या, बोला-चरित्रहीन थी

### पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोरबा

दीपका थाना क्षेत्र के राजीव नगर बस्ती में एक पति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पत्नी ग्लेरिया बाई (48) रविवार शाम को घर में अकेली थी। पति फुलसाय (50) शराब के नशे में घर आया। दोनों में विवाद हुआ, इसके बाद फुलसाय ने कुल्हाड़ी से वार कर पत्नी ग्लेरिया बाई की हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया।

मृतका के बेटे अर्पित ने बताया कि वो और उसका छोटा भाई पास स्थित मैदान में दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने गया हुआ था। जब उसे सूचना मिली तब मौके पर पहुंचा। इस दौरान उसकी मां कमरे में खून से लथपथ पड़ी थी, जिसे एक एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल



लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है।

आरोपी फुलसाय ने बताया कि उसकी पत्नी चरित्रहीन थी। वह इससे कई मर्दों के साथ घूमते हुए देखा था। इसकी शिकायत दीपिका थाने में की थी। उसके बाद भी वह अपने हरकतों से बाज नहीं आ रही थी। इसलिए उसने एक क्वार्टर शराब पी और उसके बाद उसे मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद उसे कोई पश्चाताप नहीं है।

## रविवार देर रात कठिया गांव के पास हुआ हादसा

# सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसी पिकअप, 9 लोगों की मौत, 23 अन्य घायल, अस्पताल में चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। एक पिकअप वाहन और ट्रक की टक्कर हो गई। दर्दनाक हादसे में पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत नौ की मौत हो गई, जबकि 23 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसे पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुख जताया है। वहीं दूसरी ओर घटना स्थल का सोमवार सुबह दुर्ग आईजी, दुर्ग संभाग कमिश्नर, बेमेतरा एसपी व कलेक्टर ने निरीक्षण किया है।

सीएम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि बेमेतरा-सिमगा सीमा क्षेत्र के पास कठिया गांव में हुई सड़क दुर्घटना में बेमेतरा के पथर्रा गांव के 9 लोगों के निधन एवं 23 लोगों के घायल होने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। घायलों के बेहतर इलाज के आवश्यक निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए हैं। मृतकों के परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।



### पारिवारिक समारोह में शामिल होकर लौट रहा था परिवार

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार देर रात कठिया गांव के पास हुई, पीड़ित एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। हादसे का शिकार सभी लोग पथर्रा गांव के निवासी थे, तिरैया गांव में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे।

### मृतकों की हुई पहचान, एक की बाकी

अधिकारी ने बताया कि पिकअप वाहन सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। मृतकों की पहचान भूरी निषाद (50), नीरा साहू (55), गीता साहू (60), अगनिया साहू (60), खुशबू साहू (39), मधु साहू (5), रिकेश निषाद (6) और ट्विंकल निषाद (6) के रूप में हुई है। एक की पहचान बाकी है। अधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल 23 लोगों को दो अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बाद में गंभीर रूप से घायल चार लोगों को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर ले जाया गया। बाकी घायलों का इलाज जिला अस्पताल बेमेतरा में चल रहा है। बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा ने बताया कि बेमेतरा हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है और 23 घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ: (i) निविदा सूचना संख्या 81 / 2023–2024 दिनांक 05.01.2024 क्रमांक 13**
**(ii) निविदा संख्या 07235090 07.05.2024 को देय है।**

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किए गए हैं।
"संभावित बोलीदाताओं द्वारा उठाए गए प्रश्नों का उत्तर (12 से 18 अप्रैल–24 तक प्राप्त)"
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

1272/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तुलसी उर्फ शिल्पा** पत्नी **स्व. श्री इरप्पा** निवासी **कोठा नं. 57, प्रथम तल, जी.बी. रोड, दिल्ली, स्थायी पता: गांव बोम्मनहल्ली, बेंगलुरु** ने case **FIR No. 45/2013 U/s 344/366A/372/373/376/109/34 IPC & 4/5/6 OF ITP Act & 4/6/10/17 of POCSO Act, थाना क्राईम ब्रांच, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **तुलसी उर्फ शिल्पा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **तुलसी उर्फ शिल्पा** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 45/2013 U/s 344/366A/372/373/376/109/34 IPC & 4/5/6 OF ITP Act & 4/6/10/17 of POCSO Act, थाना क्राईम ब्रांच, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **तुलसी उर्फ शिल्पा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 03.06.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री बलविन्दर सिंह**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.एस.सी.), (पोक्सो एक्ट)–01**
**केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 27, भूतल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5034/Crime/2024(Court Matter)**

## चिंतन

# स्मार्टफोन की 'लत' से युवाओं को बचाना जरूरी

तो क्या स्मार्टफोन ने दुनिया भर में चिंतित पीढ़ी पैदा कर दी है? सामाजिक मनोवैज्ञानिक जोनाथन हैडट ने अपनी नई शोधपरक किताब 'द एनक्सियस जेनरेशन' में कहा है कि इस बात के पर्याप्त सुबूत हैं कि स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य संकट पैदा कर रहा है। स्मार्टफोन के खतरे एक किताब का विषय जरूर है, लेकिन इसके दुष्प्रभाव व्यापक व विश्वव्यापी हैं। अब यह साबित हो चुका है कि स्मार्टफोन सभी उम्र के लोगों को बीमार बना रहा है। स्मार्टफोन का अत्यधिक इस्तेमाल आंखों की रोशनी छिन रहा है, शारीरिक गतिविधि कम कर रहा है, मानसिक विकार पैदा कर रहा है और अब करीब दो दशक में ही इसने एक चिंतित पीढ़ी पैदा कर दी है। स्मार्टफोन के सबसे अधिक शिकार किशोर हो रहे हैं। बच्चों व किशोरों तक स्मार्टफोन पहुंच को सीमित करने के लिए आज व्यक्तिगत, सामूहिक और विधायी कार्रवाई की आवश्यकता आन पड़ी है। दुनिया के साथ साथ भारत को भी जागने की जरूरत है। टेक सेवी होना प्रगतिशीलता की निशानी है, लेकिन टेक एडिक्ट होना मानसिक बीमारी है। स्मार्टफोन की लत के चलते मानसिक विकार के मामले बढ़ रहे हैं, हालांकि किसी भी स्मार्टफोन एडिक्ट को कभी नहीं आभास होता है कि उसको इसकी लत है, वे खुद को सामान्य मानकर चल रहे होते हैं। जो बच्चे स्मार्टफोन के साथ बड़े हुए हैं वे परेशानी में हैं। नए शोध के मुताबिक 2010 से 2015 की अवधि 'रीवायरिंग' की है, यह वह समय था जब किशोरों का तंत्रिका तंत्र स्मार्टफोन के व्यापक दैनिक उपयोग के कारण चिंता और अवसाद से ग्रस्त हो गया था। जेन ज़ेड (जेड पीढ़ी) स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग के चलते बड़ी मानसिक महामारी से पीड़ित हैं। खुद को नुकसान पहुंचाना, आत्महत्या दर, मानसिक विकारों और मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में भर्ती होने पर उपलब्ध आंकड़े खतरे के संकेत देते हैं। स्मार्टफोन की लत एक समाजव्यापी महामारी का रूप ले रही है। आज दुनिया पहले से ही अनियंत्रित ग्लोबल वार्मिंग, प्रणालीगत अन्याय, असुरक्षित कार्य भविष्य, भूराजनीतिक तनाव, अखाद्य खाद्यान्न के उत्पन्न विकार, युद्धगत भय, डर का व्यापार आदि का सामना कर रही है, ऐसे में स्मार्टफोन की लत से पैदा हो रही चिंतित पीढ़ी दुनिया को और कंप्लिकेटेड बना रही है। विश्व की सरकारों को नई पीढ़ी को बचाने के लिए इस दिशा में काम करना चाहिए। चूंकि स्मार्टफोन की दुनिया नित नए आविष्कारों से बदल रही है। एआई के बाद मेटावर्स के रूप में वर्चुअल तकनीक आ रही है, इससे स्मार्टफोन का एडिक्शन और बढ़ेगा। स्मार्टफ़ोन ने समस्याएं 2010 के आसपास शुरू कीं, जब वे सोशल मीडिया, हाई-स्पीड इंटरनेट, एक बैकवर्ड-फेसिंग कैमरा (सेल्फी को प्रोत्साहित करने वाला), नशे की लत वाले गेम, अश्लील साहित्य और मुफ्त ऐप्स के साथ जुड़ गईं। इस जहरीले तकनीकी मिश्रण ने स्मार्टफोन को बच्चों के जीवन पर कब्ज़ा करने की अनुमति दी। स्मार्टफोन के चलते किशोरों व युवाओं में नींद की कमी, ध्यान विखंडन, एडिक्शन, भावनात्मक अस्थिरता, इग्नोरेंस, एकाकीपन, क्रोध, चिड़चिड़ापन, मानसिक प्रदूषण, शारीरिक विकार, अंगूठे और कलाई की कमजोरी आदि पैदा हो रहे हैं। आज 51 फीसदी से अधिक लोग नोमोफोबिया (सेल फोन अलगाव चिंता) से पीड़ित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) स्मार्टफोन की लत के खतरे के प्रति चेता चुका है। अब जागने की जरूरत है।



## अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अब विकास मॉडल में सुधार जरूरी

निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहाँ देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं ही रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कुराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए।

इन दिनों पूरे देश में ही नहीं, पूरी दुनिया में अर्थ विशेषज्ञ एकमत से टिप्पणी कर रहे हैं कि यदि भारत अपने विकास मॉडल में तेज विकास के साथ समावेशी विकास तथा रोजगार एवं साझी समृद्धि की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ेगा तो भारत वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के सपने को साकार कर सकेगा। इस समय दुनिया में कोई 40 ही देश विकसित हैं, जिनमें प्रमुख रूप से विकसित यूरोपीय देश हैं। भारत इस समय विकासशील देश है। अब भारत के विकसित राष्ट्र बनने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होने की संभावनाओं के कई आधार हैं। भारत दुनिया में वैश्विक सुस्ती की चुनौतियों के बीच आर्थिक विकास की डगर पर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 अप्रैल को प्रकाशित वैश्विक परामर्श एजेंसी डेलॉयट इंडिया की नई रिपोर्ट के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.6 से 7.8 प्रतिशत कर दिया है। कहा गया है कि भारत में मध्यम आय वर्ग के लोगों की संख्या में तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 2 साल से वृद्धि के मजबूत आंकड़ों ने अर्थव्यवस्था को कोविड के पहले के स्तर में आने में मदद की है। बुनियादी ढांचे पर सरकार के व्यय में तेजी से निवेश को समर्थन मिला है। इससे भारत को वृद्धि की रफ्तार तेज रखने में मदद मिली है। निसंदेह यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मजबूत घरेलू मांग और कामकाज करने वाली आबादी को देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने भी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान 6.4% से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है।

निश्चित रूप से विकसित भारत बनने के लिए भारत की मुठ्ठियों में कई महत्वपूर्ण संभावनाएँ हैं। भारत में पिछले वर्ष 2023 में आयोजित जी-20 के शानदार सफल आयोजन से भारत के पास विकास के नए सूत्र आए हैं। भारत के पास पिछले 10 वर्षों की शानदार विरासत है। यह भारत का ऐसा समय है जब हमारी आर्थिक वृद्धि लगातार बढ़ रही है। भारत में स्थिति मैन्युफैक्चरिंग, निवेश और निर्यात के मद्देनजर उपयुक्त हैं। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश तेजी से आगे बढ़ा है। वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से बढ़ा है। वैश्विक सुस्ती के बीच भारत का शेयर बाजार नई ऊँचाइयों पर है। पिछले एक दशक में हुए रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म देश के विकास के लिए गेमचेंजर रहे हैं। भारत में अहम आर्थिक सुधार हुए और इन सुधारों में जन धन, आधार और मोबाइल आधारित सब्सिडी सुधार (जेएएम), वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) प्रमुख हैं।

निसंदेह इस समय भारत के पास टिकाऊ विकास के



अभूतपूर्व अवसर हैं। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत दी जा रही है। भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थाई सदस्य देश बनाने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का समर्थन रेखांकित हो रहा है और भारत वैश्विक मंच पर बड़ी भूमिका के लिए तैयार है। भारत के तेजी से बढ़े कृषि क्षेत्र से दुनिया की उम्मीदें बढ़ गई हैं। तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) बढ़ रहे हैं। प्रवासी भारतीयों के द्वारा लगातार भारत की ओर अधिक रेमिटेंस भेजा जा रहा है।

इस समय वैज्ञानिकों के द्वारा अंतरिक्ष, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा तथा नए तकनीकी विकास के कारण आर्थिक विकास को गति मिल रही है चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरकर सामने आया है। अब भारत में लॉजिस्टिक लागत में कमी आने लगी है। इतना ही नहीं भारत दुनिया के 85 देशों को हथियार व सैन्य सामग्रियों का निर्यात भी कर रहा है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षों में किए गए आर्थिक और वित्तीय सुधारों के साथ-साथ कठोर प्रशासनिक निर्णयों से देश में आर्थिक विकास की रफ्तार बढ़ी है। इसके साथ-साथ दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, स्टार्टअप का दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ना, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के लिए बढ़ते हुए नए दौर के कौशल निर्माण कार्यक्रम, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैरजरूरी आयात में कटौती, खेलों के क्षेत्र में भारत की लंबी छलांगों से लाभांवित होती भारतीय अर्थव्यवस्था और बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता देश के टिकाऊ विकास की बुनियाद बन गई हैं।

निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहाँ देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं ही रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कुराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए। देश में 19 करोड़ से अधिक महिलाओं को पेड वर्कफोर्स में शामिल करने की रणनीति को अमलीजामा पहनाना होगा। हमें विकास के लिए चीन की कम कौशल वाले विनिर्माण की नीति को अपनाने की बजाय हमारे शक्तिशाली सर्विस सेक्टर के जरिए विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ना होगा। कई अहम सुधारों को वैधानिक बनाते हुए उनका तेजी से क्रियान्वयन करना होगा। कृषि, श्रमिक, भूमि भ्रष्टाचार के उन्मूलन और अन्य सुधारों की डगर पर तेजी से बढना होगा। यद्यपि केंद्र सरकार 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में तब्दील करने की महत्वाकांक्षी योजना को आकार देने में सफल रही है, लेकिन ये अब तक लागू नहीं हुई है। अब एक ऐसे समय में जब कई देशों की कंपनियाँ चीन से बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार स्थानांतरित करते हुए दिखाई दे रही हैं तब हम अच्छे श्रम कानूनों से इसका लाभ उठा सकते हैं। देश के तेज विकास के लिए उभरते क्षेत्रों में शोध एवं विकास क्षेत्र में जरूरी निवेश पर्याप्त नहीं है। शोध एवं विकास के क्षेत्र में भारत का प्रति व्यक्ति व्यय दुनिया में विभिन्न तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सियासत
बाल मुकुन्द ओझा



# फिर बोतल से बाहर आया आरक्षण का 'जिन्न'

आरक्षण के पक्ष और विपक्ष में सियासी बयानबाजी से देश एक बार फिर सुलगने लगा है। जैसे ही चुनाव आते हैं आरक्षण को लेकर नेताओं के स्वर तेज हो जाते हैं। देश भर में चल रहे चुनावी माहौल के बीच भाजपा और कांग्रेस में आरक्षण को लेकर बयानबाजियां चल रही हैं। वोटों की फसल काटने का यह दुधारू और भोथरा हथियार बन गया है। आरक्षण की गंगा में नहाने के लिए सभी लोग प्रयासरत है। लोकसभा चुनाव के दो चरण बीत चुके हैं, लेकिन इसी बीच आरक्षण का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है तो भाजपा ने उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस ने दलितों और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी संविधान प्रदत आरक्षण का समर्थन किया है। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने कहा कि संगठन भेदभाव व्याप्त रहने तक आरक्षण लागू रखने की वकालत करता है।
मोदी के 400 पार के नारे के जवाब में विपक्ष ने इसे आरक्षण से जोड़ दिया है। हालांकि विपक्ष की इस मंशा को भांपकर भाजपा और संघ सतर्क हो गया है। यही वजह है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि जब तक जरूरत होगी आरक्षण जारी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने भी रविवार को अपनी चुनावी सभाओं के दौरान साफ कर दिया कि आरक्षण खत्म नहीं होने जा रहा है। सियासत में आरक्षण, ध्रुवीकरण और जातिवाद बेहद संवेदनशील मुद्दा है। चुनाव के दौरान राजनीतिक दल इसे जमकर भुनाते हैं।

संविधान निर्माताओं ने दलितों-पिछड़ों को समाज में बराबरी का दर्जा देने की मंशा से आरक्षण लागू किया था। मगर संविधान की भावना पर सियासत भारी पड़ी। आरक्षण को लेकर देश में शुरू से ही दुविधा की स्थिति हो रही है। कोई सर्व मान्य हल नहीं निकलने के कारण आरक्षण को लेकर देश भ्रमजाल से नहीं निकल पा रहा है। संविधान की भावना कभी भी जाति आधारित आरक्षण की नहीं थी बल्कि सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों को बराबरी पर लाने की थी। जब संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी ने स्वयं से पिछड़ा वर्ग शब्द जोड़ा था तो सवाल उठे थे। उस समय डॉ. आंबेडकर ने सदस्यों को यह कह कर संतुष्ट कर दिया था कि ये भविष्य में सरकार के विवेकाधिकार पर छोड़ दिया जाना चाहिए। सामाजिक-आर्थिक बराबरी का लक्ष्य हासिल करने के लिए संविधान में जिस आरक्षण की व्यवस्था की गई थी, वह लक्ष्य पूरा हुआ या नहीं, यह आज भी बहस का मुद्दा है। यह सही है आरक्षण ने कमजोर वर्ग में एक मलाईदार तबका भी पैदा किया है, जिसके कारण इसका पूरा लाभ जरूरतमंदों को नहीं मिल पाता, पर इसका मतलब यह नहीं कि आरक्षण की व्यवस्था ही खत्म कर दी जाए। दरअसल आरक्षण में व्याप्त विसंगतियां राजनीतिक पार्टियों की सोच का नतीजा हैं, जिनके लिए आरक्षण अपनी सत्ता बचाए रखने का औजार है। हमारे देश में आरक्षण पर राजनीति और दुष्प्रचार कब तक होता रहेगा। यह एक ज्वलन्त विषय है, जो अभी तक भी आम जनता की समझ से परे नजर आ रहा है। हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने जो फैसला दिया है। उसे लेकर भी राजनीतिक दल भ्रम फैला रहे हैं। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले भी यह फैसला दिया था कि सरकारी नौकरी में प्रमोशन के अवसर पर आरक्षण देने के लिए बाध्यता नहीं है। मगर इस फैसले की आड़ में यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि सर्वोच्च न्यायालय आरक्षण को ही खत्म करने जा रहा है। न्यायालय के फैसले के साथ साथ यह भी प्रचारित किया जा रहा है कि केंद्र सरकार भी इसके लिए जिम्मेदार है। अनेक प्रमुख राजनेता व राजनैतिक दल न्यायालय के इस फैसले को तीन तलाक, धारा 370 तथा नागरिकता संशोधन कानून से जोड़ रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान निर्माताओं की उस व्यवस्था व भावना को उल्लेखित किया है, जिसके अंतर्गत आरक्षण को मूलभूत अधिकार नहीं माना गया है। यह भी सच है कि सामाजिक न्याय के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत के संविधान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था दी हुई है। साथ ही सच्चाई यह भी है कि स्वयं संविधान निर्माता इस व्यवस्था को लंबे काल तक चलाने के लिए पक्ष में नहीं थे। लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक न्याय बराबरी की बेसिक चीजें हैं। आरक्षण उस तक पहुंचने का एक तरीका भर है, मगर कोई मौलिक अधिकार नहीं है। आरक्षण को तब तक ही लागू रखा जाना आवश्यक प्रतीत होता है, जब तक जरूरत लगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मन की कड़वाहट मिटाने से संबंधों में समरसता आएगी



संकलित
**दर्शन**

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

## महिला के शुभ कदम



संकलित
**प्रेरणा**

एक आदमी ने दुकानदार से पूछाः केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदारः केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहाः ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े देदूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोलाः यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मसाला कंपनियों की साख पर आंच न आए

हमारे देश की मसालों की दो मुख्य कंपनियों की इनके उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर जो हांगकांग और सिंगापुर ने सवाल खड़े किए हैं, वो गले नहीं उतर रहे, क्योंकि ये दोनों कंपनियां अपने उत्पादों की उचित जांच खुद करके और संबंधित सरकारी विभाग से भी जांच करवाने के बाद ही अपने उत्पादों को बेचने के लिए बाजार में उतारती हैं और विदेशों को भेजती हैं। दूसरी चीज, ये कंपनियां पिछले लंबे अरसे से अपने उत्पादों को बेच रही हैं। एमडीएच को तो मसालों का कारोबार करते हुए 75 वर्ष से ऊपर का समय हो चुका है। ऐसे में भारत सरकार को, इन कंपनियों पर हांगकांग और सिंगापुर ने जो आरोप लगाए हैं, उनकी उचित और निष्पक्ष जांच करवानी चाहिए। *–दिलीप तिवारी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### इसमें कोई सवाल नहीं



राहुल गांधी और कांग्रेस आरक्षण को लेकर देशवासियों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में अल्पसंख्यकों को आरक्षण देकर एवं जामिया और एएमयू जैसी संस्थाओं में एसी, एसटी और ओबीसी को वंचित रखकर आरक्षण खत्म करने का प्रयास किया है।
**-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री**

### कांग्रेस चट्टान की तरह



भाजपा नेताओं का उद्देश्य है, संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना। लेकिन कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### पेपर लीक हो गया



मात्र 17 महीनों में हमने 5 लाख नौकरियां दी। सभी विभागों की रिक्तियों को भरने के आदेशानुसार 3 लाख से अधिक नौकरियां प्रक्रियाधीन करवाई और तीसरे चरण के लिए विज्ञापित एक लाख सशिक्षकों की भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया।
**-तेजस्वी यादव, राजद नेता**

### अच्छा लगेगा



मेरे दोस्त सतीश कौशिक के घर जाकर शशि और उनकी बेटी (मेरी भी) वंशिका से मिलना हम तीनों को अच्छा लगता है।बातों और चाय पानी के अलावा वंशिका के साथ एक रील भी बनाना हम दोनों का पर्सनल रूटीन है। आप भी देखिए।आपको भी अच्छा लगेगा। **-अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# पर्यावरण कार्यकर्ता टेरेसा को ग्रीन नोबल पुरस्कार



यूरोप के सबसे बड़े लगून के सरंक्षण के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने वालीं पर्यावरण कार्यकर्ता टेरेसा विसेंट ने गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार जीता है, जिसे 'ग्रीन नोबेल' के नाम से जाना जाता है। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए विसेंट कहती हैं कि उस समय वह स्पेन के मार मेनोर में बिल्कुल स्वच्छ पानी में तैरती थीं और समुद्री जीव उसमें साफ नजर आते थे लेकिन खनन और विकास कार्यों की वजह से होने वाले दीर्घकालिक प्रदूषण ने यूरोप के सबसे बड़े, खारे पानी के लगून को लगभग बर्बाद कर दिया। समुद्री तटों पर ज्वार की वजह से जब पानी की लहरें उठती हैं तो पानी तट पार कर आगे सूखे हिस्से में आ जाता है। लेकिन बाद में यह पानी भाटा के समय वापिस समुद्र में नहीं जाता। इस पानी के अवशोषण के कारण जमीन का यह भाग सतह से थोड़ा नीचे चला जाता है और झील बन जाती है जिसे लगून कहते हैं। वर्ष 2019 में बड़े पैमाने पर मछलियों की मौत ने दर्शनशास्त्र की प्रोफेसर विसेंट को लगून के सरंक्षण के लिए कार्य करने को प्रेरित किया। अगले कुछ वर्षों में 61 वर्षीय विसेंट ने क्षेत्र की पारिस्थितिकी की दृष्टि से अहम जलक्षेत्र लगून को खत्म होने से बचाने के लिए जमीनी स्तर के एक अभियान का नेतृत्व किया।

## ऑफ बीट

# क्या स्मार्टफोन ने 'चिंतित पीढ़ी' पैदा कर दी है?



सामाजिक मनोवैज्ञानिक जोनाथन हैडट की नई किताब द एनक्सियस जेनरेशन तत्काल कार्रवाई का आह्वान करती है। हैडट का तर्क है कि इस बात के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं कि किशोरों द्वारा स्मार्टफोन का व्यापक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य संकट का कारण बन रहा है। उनकी स्मार्टफोन पहुंच को सीमित करने के लिए व्यक्तिगत, सामूहिक और विधायी कार्रवाई की आवश्यकता है। हैडट ने अपनी पुस्तक की शुरुआत एक रूपक से की है। कल्पना कीजिए कि किसी ने आपको अपने दस वर्षीय बच्चे को मंगल ग्रह पर बड़ा होने का अवसर दिया है, इसमें दो राय नहीं हैं कि विकिरण और कम गुरुत्वाकर्षण स्वस्थ किशोरों के विकास को बाधित कर सकता है, जिससे दीर्घकालिक पीड़ा हो सकती है। निश्चित रूप से, जोखिमों को देखते हुए, आप प्रस्ताव को अस्वीकार कर देंगे। एक दशक पहले, माता-पिता अपने उत्साहित किशोरों को दिए जाने वाले चमकदार नए स्मार्टफ़ोन के भीतर छिपे खतरों को नहीं जान सकते थे। लेकिन इस बात के सबूत बढ़ रहे हैं कि जो बच्चे स्मार्टफोन के साथ बड़े हुए हैं वे परेशानी में हैं। हैडट 2010 से 2015 की अवधि को 'महान रीवायरिंग' कहते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पीएम मोदी ने कर्नाटक और महाराष्ट्र में कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर साधा निशाना

# कर्नाटक में कांग्रेस 'सरकार' नहीं, वसूली गैंग चला रही, देश को लूटने वाले इन भ्रष्टाचारियों को जेल की सलाखों में होना चाहिए



एजेंसी ▶▶ बागलकोट/ सोलापुर

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के चुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। पीएम नरेंद्र मोदी कर्नाटक के बागलकोट पहुंचे। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर्नाटक में वसूली गैंग चला रही है। पानी के लिए टैंकर माफिया वसूली कर रहे हैं और इसका भी कमीशन कांग्रेस के लोगों तक पहुंच रहा है। कांग्रेस इतने से संतुष्ट नहीं है। कांग्रेस 2जी स्कैम जैसे लाखों करोड़ का घोटाला करने का सपना देख रही है। 7 मई को कर्नाटक वाले को लूटने वाले को सजा मिलनी चाहिए। यह चुनाव भारत का भविष्य तय करेगा। इन चुनावों का लक्ष्य एक विकसित भारत, एक आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना और देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में बदलना है। पीएम ने कहा कि आज ये लोग एक झटके में गरीबी हटाने का दावा करते हैं, लेकिन इनकी 60 साल की सरकार, इनकी कई पीढ़ियों का काम गवाह है कि वंचित वर्ग के लिए इनकी मानसिकता क्या रही है? करोड़ों परिवार इस देश में जीवन की मूलभूत जरूरतों से वंचित थे।

### 7 मई को कर्नाटक को लूटने वालों को सजा मिलनी चाहिए, यह चुनाव भारत का भविष्य तय करेगा

### कांग्रेस ने कर्नाटक को भी लूट का एटीएम बनाया

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। कांग्रेस ने कर्नाटक को भी अपनी लूट का एटीएम बना लिया है। इतने कम समय में ही इन लोगों ने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया है। कांग्रेस का काम सिर्फ देश लूटना है। कांग्रेस कर्नाटक में सरकार नहीं, वसूली गैंग चला रही है।



**सोलापुर में कसा तंज**

### ईडी का 5 पीएम का फॉर्मूला फेल

महाराष्ट्र के सोलापुर में रैली में पीएमने शिवसेना और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस के पास तो 5 साल के लिए 5 प्रधानमंत्री हैं। वहीं, शिवसेना के बड़बोले नेताओं ने कहा है कि उनकी पार्टी में तो पीएम पद के कई चेहरे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे धन दौलत नहीं चाहिए मुझे ये कीर्ति नहीं चाहिए, मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए।

### फल विक्रेता मोहिनी के काम को सराहा

**बेंगलुरु।** पीएम उन वंचित लोगों से मिलना नहीं भूलते जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया हो। कन्नडा जिले के सिसरी इलाके में रैली करने पहुंचे पीएम मोदी ने तो हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से उतरते ही सबसे पहले वहां की स्थानीय बुजुर्ग महिला मोहिनी गौड़ा से मुलाकात की। वे अकोला में बस स्टैंड पर फल बेचती हैं। इनकी खासियत ये है कि वो अकोला बस स्टैंड पर फलों को पत्तों में लपेट कर बेचती हैं।

### मोदी की मां का स्केच लेकर पहुंची युवती, तस्वीर ली



पीएम बागलकोट में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। तभी एक युवती ने पीएम और उनकी मां का स्केच ऊपर की ओर उठाया। पीएम ने भीड़ में उसे देखा औरतस्वीर उन्होंने अपने पास मंगवा ली। पीएम ने कहा, एसपीजी वाले, ये बच्ची एक तस्वीर लेकर आई है। उसकी तस्वीर ले लीजिए।

**राजस्थान के सीएम शर्मा ने बंगाल में किया रोड शो**



### बंगाल की स्थिति खराब, तुष्टिकरण का बोलबाला

**हुबली।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के उत्तरपाड़ा में एक रोड शो किया। रोड शो के दौरान सड़कों के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग खड़े थे। श्रीरामपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कबीर शंकर बोस के समर्थन में यह नामांकन रोड शो आयोजित किया गया। शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार चरम पर है। मैं देख रहा हूं कि जिस तरह से युवाओं, महिलाओं में उत्साह है, हम कह सकते हैं कि बंगाल में इस बार पीएम मोदी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में हमें बहुत बड़ी जीत मिलने वाली है।उ न्होंने कहा कि बंगाल की स्थिति पहले से ही खराब है यहां तुष्टिकरण के आधार पर चलने वाली सरकार है।

**शाह ने मधुबनी में की जनसभा**

### मोदी को फिर पीएम बनाना... देश, बिहार से भ्रष्टाचार मिटाना

बिहार में मधुबनी जिले के झंझारपुर सीट से राजग गठबंधन के जदयू उम्मीदवार रामप्रीत मंडल के पक्ष में भाजपा नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी जनसभा की। उन्होंने कहा कि मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का मतलब है बिहार और देश से भ्रष्टाचार को पूरी तरह से खत्म करना। कांग्रेस ने कभी पिछड़ों का हित नहीं किया। राहुल गांधी आरक्षण के मामले में लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। गठबंधन के पास नेतृत्व ही नहीं है। शाह ने कहा कि बिहार के विकास के लिए मोदी सरकार ने अनेकोकाम किए हैं। यही वजह है कि आज देश और बिहार प्रदेश के लोगों को पीएम मोदी पर भरोसा है।



**'जातिवाद' खत्म होगा**

शाह ने कहा कि पीएम मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का मतलब है बिहार में 'जातिवाद' को खत्म करना और योग्यता के आधार पर राजनीति की शुरुआत करना। अगर ये 'घमंडिया गठबंधन' की जीत हुई, तो पीएम कौन बनेगा? क्या वे लालू यादव को प्रधानमंत्री बना सकते हैं, क्या स्टालिन या ममता बेनर्जी इस देश को संभाल सकते हैं, क्या आप 'राहुल बाबा' के बारे में भी सोच सकते हैं? शाह ने कहा कि इस देश ने तीन दशक तक अस्थिरता की कीमत चुकाई है। तीन दशक तक अस्थिर सरकार चली, निर्बल प्रधानमंत्री चले।

**विपक्ष पर नड्डा का हमला**

### इंडी गठबंधन के सभी लोग भ्रष्ट, ये जमानत पर हैं या जेल में



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार और परिवारवाद का गठबंधन है। ये परिवारों के बच्चों को बचाने में लगी हुई हैं। खम्मम लोकसभा क्षेत्र के कोठागुडेम में चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस, राजद, आम आदमी पार्टी और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता या तो जमानत पर हैं या जेल में हैं। राहुल गांधी जमानत पर हैं या नहीं?

**गुजरात में बोले राहुल**

### सरकार बनी तो आर्थिक सर्वे कराएगी कांग्रेस



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यदि केंद्र में उनकी सरकार बनती है तो वह प्राथमिकता के आधार पर पूरे देश में जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएगी। पाटण शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने कहा कि देश की 90 फीसदी आबादी एससी, एसटी और ओबीसी की है लेकिन उनको कॉर्पोरेट, मीडिया, निजी अस्पताल, निजी विश्वविद्यालयों या सरकारी नौकरशाही में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। राहुल ने भाजपा और आरएसएस पर संविधान बदलने की साजिश रचने का आरोप लगाया। हम सत्ता में आने के बाद सबसे पहले जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएंगे।



### रक्षामंत्री राजनाथ ने रोड शो किया, फिर परचा भरा

**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री और लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने रोड शो किया। इस दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और अन्य भाजपा के बड़े नेताओं ने रोड शो में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी और मजबूत रक्षा क्षेत्र की सराहना की।



**ममता बेनर्जी बोलीं**

### यूसीसी से हिंदुओं को कुछ फायदा नहीं होगा

**जंगीपुर।** बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने यूसीसी को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। सीएम ममता ने कहा कि चुनाव से पहले (यूसीसी) को एक राजनीतिक चाल के रूप में इस्तेमाल करने के लिए भाजपा ने इसे मुद्दा बनाया है। ममता ने कहा कि इससे हिंदुओं को कोई फायदा नहीं होने वाला है, ये बस भाजपा की भड़काने की राजनीति है।



**विक्रमादित्य ने दी चुनौती**



### बेकार शब्दों का प्रयोग कर रहीं कंगना

**मंडी।** क्षेत्र मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने एक बार भाजपा प्रत्याशी और एक्ट्रेस कंगना रनौत को उनकी शब्दावली को लेकर तंज कसा है। उन्होंने उनकी भाषा को टपोरी वाली बताया। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत टपोरी शब्दावली का प्रयोग कर रही हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### आप एमएलए रहमान को हाईकोर्ट का नोटिस



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के एक और विधायक की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने 2009 में एक सरकारी स्कूल की महिला प्रिंसिपल से मारपीट के मामले में आप विधायक अब्दुल रहमान एवं अन्य को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अब्दुल रहमान एवं अन्य को नोटिस जारी किया। अब 17 सितंबर की तारीख दी है।

### 14 साल की बच्ची के गर्भपात का आदेश पलटा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 14 साल की रेप विक्टिम को 30 सप्ताह की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन की इजाजत देने वाला फैसला पलट दिया है। कोर्ट ने 22 अप्रैल को अबॉर्शन की इजाजत दी थी। यह फैसला लड़की के माता-पिता के अनुरोध के बाद पलटा है। बलात्कार पीड़िता के माता-पिता ने बेटी के स्वास्थ्य की सुरक्षा के संबंध में चिंताएं जताई थी।

### अन्नामलाई की हेट स्पीच केस में रोक रहेगी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई को राहत मिली है। अदालत ने हेट स्पीच मामले में मुकदमे की कार्यवाही पर रोक जारी रहने का आदेश दिया है। अन्नामलाई पर आरोप है कि अक्टूबर 2022 में उन्होंने एक यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में ईसाइयों के खिलाफ घृणास्पद भाषण दिया था।

## *मुख्यमंत्री यादव सोमवार को अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी का नामांकन दाखिल कराने सुल्तानपुर पहुंचे, यदुवंशियों का आह्वान किया*

# श्रीकृष्ण ने धर्म की 'स्थापना' के लिए पूरा जीवन कुर्बान किया.. आज पुनः वही समय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को केंद्रीय मंत्री व अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी का नामांकन दाखिल कराने उत्तरप्रदेश के सुल्तानपुर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में यहां यदुवंशी रहते हैं। मैं सभी यदुवंशियों से कहना चाहता हूं आप सब भाग्यशाली हो, 5 हजार साल पहले भगवान श्री कृष्ण ने धर्म की स्थापना के लिए पूरा जीवन कुर्बान किया। आज हमारे सामने वही समय है।

> सीएम ने कहा कि मैं उस पार्टी से आता हूं, जो सबका साथ, सबका विकास सिर्फ कहती नहीं है, बल्कि करके भी दिखाती है, इसका प्रमाण मैं खुद हूं।

*सुल्तानपुर के गौरीगंज में तपती दोपहरी में भी बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता जनसभा में पहुंचे। रोड-शो के दौरान भारी जनसैलाब उमड़ा।*

- कांग्रेस जबरदस्ती प्रत्याशियों को ला लाकर परेशान है
- राम मंदिर के मुद्दे पर भी कांग्रेस ने हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया



### मथुरा वाले कृष्ण कन्हैया ने क्या बिगाड़ा है?

सीएम ने कहा कि चुनाव की बेला में बहन स्मृति 56 इंच के सीने वाले मोदी जी के साथ खड़ी हैं। अब जिम्मेदारी आप सभी की है कि पीएम का समर्थन करते हुए बहन स्मृति पर विश्वास जताएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जबरदस्ती प्रत्याशियों को ला लाकर परेशान है। कोई प्रत्याशी उनके साथ नहीं आ रहा है।

**कांग्रेस के युवराज अनाप-शनाप बोल रहे**

*डॉ. यादव ने कहा कि यहां के कई झंडाबरदारों ने कहा, वो कौन है? हम तो पहचानते नहीं। आप अपने घर वालों के अलावा किसी को वैसे भी पहचानते नहीं हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास यह कहने की नहीं, करने की बात है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके युवराज अनाप-शनाप कुछ भी बोल रहे हैं।*

**ईरानी ने रोड शो के बाद भरा नामांकन**

### *अमेठी से ऐसा बिगुल बजे कि इसकी गुंजन पूरे विश्व में हो*



**लखनऊ।** यूपी की अमेठी सीट से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। ईरानी सुबह दस बजे अमेठी के गौरीगंज में स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुंची और यहां से उन्होंने रोड शो करते हुए कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल किया है। ईरानी के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। ईरानी ने कहा कि आपने हम सबकी शोभा बढ़ाई है और अब आप अपना आशावार्द अमेठी से ऐसा बिगुल बजे की इसकी गुंजन पूरे विश्व में हो।

### बहन स्मृति ईरानी का भी सूर्य तिलक हुआ

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी के दिन ठीक 12 बजे भगवान राम का 500 साल बाद सूर्य तिलक हुआ है और आज भाजपा की प्रत्याशी हमारी बहन स्मृति ईरानी का भी सूर्य तिलक हुआ है। मध्यान्ह के समय में चमकते हुए सूर्य देवता आशीर्वाद दे रहे हैं कि भारतवासी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़े। भारत को शक्तिशाली बनाने और सनातन धर्म की जय-जयकार करते हुए, दुनिया में मानवता की पुनर्स्थापना और भारत का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए निश्चित रूप से भाजपा का जीतना जरूरी है।

**26 हजार शिक्षकों की भर्ती: फैसला 6 को**

## बंगाल शिक्षक भर्ती में सीबीआई जांच के आदेश पर 'सुप्रीम' रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उच्च न्यायालय के शिक्षक भर्ती घोटाले में बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय पीठपीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। बंगाल सरकार ने हाईकोर्ट के उस फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था। पीठ अब 6 मई को सुनवाई करेगी।



**चारधाम मार्ग पर वाहनों के लिए लोगों को मिलेंगी खास सुविधाएं**

## हर 30 किमी पर बन रहे 42 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**यात्रा देश-दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ स्वच्छता की भी अलख जगाएगी**

उत्तराखंड में शुरू हो रहे चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार ने श्री केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के धाम जाने में श्रद्धालुओं की मुश्किलों को कम करने के लिए खास प्रबंध किया जा रहा है। इस बार चारधाम यात्रा बेहद सुगम और आसान होगी। यात्रा देश-दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ स्वच्छता की भी अलख जगाएगी। उत्तराखंड राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अब चारधाम यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन फर्राटा भरेंगे। आरटीओ सुनील शर्मा ने बताया कि इस बार इलेक्ट्रिक वाहन चाहे वह कॉमर्शियल हों या निजी, उन्हें चारधाम आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए चारधाम यात्रा मार्ग पर चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था की जा रही है। चार्जिंग स्टेशन की संपूर्ण जानकारी लोग एप के माध्यम से ले सकेंगे।



### 10 मई से होगी यात्रा की शुरुआत

चार धाम यात्रा की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। 10 मई को गंगोत्री-यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा की विधिवत शुरुआत हो जाएगी। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को पहले से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य महकमे ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### यात्रा की शुरुआत के पहले चालू हो जाएंगे प्वॉइंट

चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले राज्य सरकार ने यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रही है। उत्तराखंड सरकार इन धामों के मार्ग में हर 30 किलोमीटर पर एक चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना है। मार्गों पर बैटरियों की क्षमता तय है।

### यात्रा की लंबाई करीब 900 किलोमीटर

विश्व प्रसिद्ध चारधाम रूट की लंबाई लगभग 900 किमी से ज्यादा है। इससे पहले चार्जिंग प्वाइंट न होने से इलेक्ट्रिक वाहन स्वामी और वाहन चालक लंबा सफर करने से हिचकते थे, अब चार्जिंग स्टेशन बनने से चारधाम की यात्रा सुगम और सरल होगी। मार्गों पर 42 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। इन स्टेशन की स्थापना के लिए गढ़वाल मंडल विकास निगम को कार्यदायी संस्था बनाया गया है।

- वैश्विक बाजारों में मजबूती का रहा असर
- बैंकों और ढांचागत शेयरों में रही तगड़ी खरीदी
- कंपनियों के तिमाही नतीजे सकारात्मक रहे

### निफ्टी 22,600 के स्तर से ऊपर पहुंच गया

# तगड़ी खरीदारी से शेयर बाजार में रौनक, सेंसेक्स 941 अंक उछला

एजेंसी ⏭ मुंबई

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 941.12 अंक यानी 1.28 प्रतिशत उछलकर 74,671.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 990.99 अंक तक बढ़कर 74,721.15 पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 223.45 अंक यानी एक प्रतिशत बढ़कर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ।

**वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंकों एवं ढांचागत कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी होने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स ने 941 अंक उछल गया जबकि एनएसई निफ्टी 22,600 के स्तर से ऊपर पहुंच गया।**



### बैंकिंग शेयरों को मिली रफ्तार

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में लगभग पांच प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। मार्च तिमाही में बैंक का समेकित शुद्ध लाभ 18.5 प्रतिशत बढ़कर 11,672 करोड़ रुपये हो जाने से इसके शेयरों को रफ्तार मिली।

### ये शेयर रहे लाभ में

इसके अलावा इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी बढ़त लेने में सफल रहे।

### इन शेयरों में रही गिरावट

हालांकि एचसीएल टेक्नोलॉजीज के तिमाही नतीजे निवेशकों का उत्साह जगाने में नाकाम रहे और कंपनी के शेयर करीब छह प्रतिशत गिर गए। इसके अलावा आईटीसी, विप्रो और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट का रुख रहा।

### अमेरिकी कंपनियों के नतीजे बेहतर आए

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया तिमाही नतीजों और बांड प्रतिफल में गिरावट आने से घरेलू स्तर पर बाजारों में तगड़ी उछाल देखी गई। बैंक निफ्टी ने चौथी तिमाही में अपने मजबूत प्रदर्शन से बाकी को पीछे छोड़ दिया।'

### एशियाई बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.51 प्रतिशत गिरकर 89.04 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### पश्चिम एशिया का तनाव नरम पड़ा

नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया का तनाव नरम पड़ने और कंपनियों के स्थिर तिमाही नतीजों से सकारात्मक धारणा को बल मिलने की उम्मीद है। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.97 प्रतिशत और स्मालकैप सूचकांक में 0.07 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

### बीएसई को 165 करोड़ का बिल, शेयर में बड़ी गिरावट

बीएसई के शेयरों में तेजी सोमवार को उस समय रुक गई जब बाजार नियामक सेबी ने एक्सचेंज को टर्नओवर के आधार पर रेगुलेटरी फीस का भुगतान करने के लिए कहा, न कि प्रीमियम टर्नओवर के आधार पर। बीएसई के शेयर सोमवार को 13.31 प्रतिशत गिरकर 2,783.00 रुपए के लेवल पर क्लोज़ हुए।

### जीएसटी का अतिरिक्त भुगतान हो सकता है

स्टॉक एक्सचेंज द्वारा की गई प्रारंभिक गणना से पता चलता है कि इससे 165 करोड़ रुपए और जीएसटी का अतिरिक्त भुगतान हो सकता है। ऑप्शन कॉन्ट्रैक्ट की अनुमानित वैल्यू पर विचार करते हुए वार्षिक कारोबार के आधार पर वित्त वर्ष 2006-07 से वित्त वर्ष 2022-23 तक कुल अंतर सेबी नियामक फीस लगभग 68.64 करोड़ रुपए प्लस जीएसटी होगा, जिसमें 30.34 करोड़ रुपए का ब्याज शामिल है। वित्त वर्ष 2024 के लिए सेबी रेगुलेटरी फीस लगभग 96.30 करोड़ रुपए प्लस जीएसटी हो सकता है।

# सरकारी बैंकों पर लुकआउट सर्कुलर का अध्ययन कर रहा वित्त मंत्रालय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय बंबई उच्च न्यायालय के हालिया आदेश का अध्ययन कर रहा है, जिसमें उसने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ 'लुकआउट' सर्कुलर या एलओसी जारी करने से रोक दिया है।

बंबई उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह आदेश दिया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। सूत्रों ने कहा कि वित्त मंत्रालय 26 अप्रैल के फैसले से

वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE
सत्यमेव जयते

अवगत है और वह आदेश का विस्तृत मूल्यांकन करेगा।

आदेश का अध्ययन करने के बाद आगे की कार्रवाई पर फैसला किया जाएगा। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों

*देश के आर्थिक हित बैंकों के हित से ऊपर : इसके तहत अगर किसी व्यक्ति का विदेश जाना देश के आर्थिक हित के लिए हानिकारक हो सकता है, तो उसे ऐसा करने से रोका जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि 'भारत के आर्थिक हित' वाक्यांश की तुलना किसी भी बैंक के 'वित्तीय हितों' से नहीं की जा सकती है।*

के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। अदालत ने यह भी कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो।

# घरेलू कंपनियों की राजस्व वृद्धि ढाई साल में सबसे कम: क्रिसिल

एजेंसी ⏭ मुंबई

घरेलू कंपनियों की राजस्व वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में चार-छह प्रतिशत तक सीमित रह सकती है जो कोविड महामारी के बाद की सबसे धीमी दर होगी। साख निर्धारण और विश्लेषण से जुड़ी क्रिसिल की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। यह रिपोर्ट 350 कंपनियों के विश्लेषण पर आधारित है। हालांकि इसमें वित्तीय सेवाओं और तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों को शामिल नहीं किया गया है। रिपोर्ट कहती है कि पिछले वर्षों में राजस्व में मजबूत वृद्धि के बाद यह नरमी आई है। कोविड महामारी के बाद सितंबर, 2021 में आर्थिक पुनरुद्धार का सिलसिला शुरू होने के बाद से लगातार तेजी ही देखी जा रही थी।

## इंडेजीन का आईपीओ छह मई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य से जुड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी इंडेजीन लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसका 1,842 करोड़ रुपये का आईपीओ (प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम) छह मई को खुलेगा। कंपनी ने आईपीओ के लिए कीमत का दायर 430-452 रुपये प्रति शेयर तय किया है। आईपीओ आठ मई को बंद होगा। कंपनी ने बताया कि एंकर निवेशकों के लिए बोली तीन मई को एक दिन के लिए खुलेगी। कंपनी आईपीओ के तहत 760 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम ला रही है। इसके अलावा मौजूदा शेयरधारकों 1,082 करोड़ रुपये का शेयर बिक्री पेशकश (ओएफएस) के अंतर्गत लाएंगे। इस तरह आईपीओ का कुल आकार 1,842 करोड़ है।

## क्रेडिट कार्ड से बिजली-पानी के बिल भरना पड़ेगा महंगा

**नई दिल्ली।** अगर आपको भी अपने बिजली और पानी समेत जरूरी बिल क्रेडिट कार्ड से भरने की आदत पड़ चुकी है तो एक बार फिर से सोचने की जरूरत पड़ेगी। एक मई से क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंक बिल भरने वालों से 1 फीसदी शुल्क लेने लगेंगे। ऐसे में आपको क्रेडिट कार्ड से बिल भरने की आदत महंगी पड़ने वाली है। इस शुल्क का ऐलान करने वालों में सबसे पहले यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शामिल हैं। यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने जानकारी दी है कि वह एक मई से यूटिलिटी बिल पेमेंट पर 1 फीसदी चार्ज लेंगे।

### कस्टमर्स को दी थोड़ी राहत

इसके चलते अगर आप 2000 रुपए का बिजली बिल क्रेडिट कार्ड से भरेंगे तो आपको 20 रुपए अतिरिक्त देने पड़ेंगे। हालांकि, इन बैंकों ने कस्टमर्स को फिलहाल थोड़ी राहत भी दी है। यस बैंक ने यूटिलिटी बिल पर 15,000 रुपए और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 20,000 रुपए तक फ्री यूसेज लिमिट भी दी है। इसके चलते आप यस बैंक से 15 हजार रुपए तक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से 20 हजार रुपए तक यूटिलिटी बिल का बिना कोई शुल्क दिए पेमेंट कर पाएंगे। इससे ऊपर पेमेंट करने पर 1 फीसदी चार्ज के साथ ही 18 फीसदी जीएसटी भी देनी होगी। यह फीस लगने के बाद यूटिलिटी बिल का पेमेंट करने के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करना महंगा हो जाएगा। अगर आप फिर भी क्रेडिट कार्ड से बिल पेमेंट करना चाहते हैं तो कई बैंक फीस माफ करने के ऑफर दे सकते हैं। इसके अलावा आप यूपीआई, डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग से भी यूटिलिटी बिल पेमेंट कर सकते हैं। इन तरीकों से पेमेंट करने पर आपको कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है।

# पूर्व भारत का सबसे बड़ा एचआर कॉन्क्लेव 'सोआ प्रॉक्सिमा-2024' समापन..

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा आयोजित पूर्व भारत के सबसे बड़े एचआर सम्मेलन सोआ प्रॉक्सिमा-2024' का शनिवार को समापन हुआ है । देश भर से चयनित पेशेवरों ने दो दिवसीय सम्मेलन के पांचवें संस्करण में भाग लिया और विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श सत्र आयोजित किए। एक छत के नीचे, देश भर के 100 से अधिक मानव संसाधन विशेषज्ञों, उद्योग विशेषज्ञों और अनुभवी पेशेवरों ने उन चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जिनका सामना वर्तमान में तकनीकी शिक्षा कर रही है और इसका सफलतापूर्वक सामना कैसे किया जा सकता है। सोआ द्वारा आयोजित इस कॉन्क्लेव में भाग लेने वाले अनुभवी विशेषज्ञों ने लगभग 4500 युवा तकनीकी प्रतिभाओं के साथ बातचीत की। सोआ यूनिवर्सिटी कैंपस 2 ऑडिटोरियम में आयोजित यह कॉन्क्लेव सोआ और उद्योग के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने में सफल रहा है। इस सम्मेलन ने छात्रों को बदलते विश्व और प्रौद्योगिकी के अनुकूल होने के बारे में मार्गदर्शन किया। यह सम्मेलन छात्रों की शंकाओं को दूर करने में बहुत मददगार रहा है। प्रो. टी जी सीताराम अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), सोआ प्रॉक्सिमा-2024 के उद्घाटन में सम्मानित अतिथि थे। समापन समारोह में श्री विजय कुमार साहू अध्यक्ष (मानव संसाधन) रिलायंस इंडस्ट्रीज, मुंबई ने भाग लिया। टाटा इंटरनेशनल के पूर्व प्रबंध निदेशक डॉ.



संदीपन चक्रवर्ती ने भी छात्रों को प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी प्रदान की। इसी तरह, कॉग्निजेंट के ओडिशा प्रमुख श्री सतीश कुमार प्रधान भी सम्मेलन में शामिल हुए। इस कॉन्क्लेव में एचसीएल टेक, कॉग्निजेंट, सिनोप्सिस, पीडब्ल्यूसी इंडिया, मास्टरकार्ड, डेलॉइट इंडिया, जेपी मॉर्गन, मारुति सुजुकी, कॉन्टिनेंटल ऑटोमोटिव, ब्रिटिश पेट्रोलियम, लेनोवो, महिंद्रा कॉमविवा, इमामी पेपर मिल्स और ग्रासिम के मानव संसाधन विशेषज्ञ शामिल हुए और चर्चा में भाग लिया। तकनीकी दिग्गज जल्द ही एक नई दुनिया का सामना करने जा रहे हैं इसलिए, उन्हें नई स्थितियों के अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर दो दिनों में विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने छात्रों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए और उनकी शंकाओं को दूर किया। सोआ के कुलपति प्रो. प्रदिप्त कुमार नंद ने समारोह की अध्यक्षता की और बताया कि कैसे सोआ विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति को महत्व दे रहा है।

## एबरलोर ने नसीरुद्दीन शाह के साथ प्रस्तुत किया 'दक्वेस्ट'

**गुरुग्राम।** एबरलोर द्वारा प्रस्तुत किए गए 'दक्वेस्ट' ने लोगों को कलात्मक प्रदर्शनों से जुड़ी जटिलताओं के सफर पर जाने का अनूठा अवसर दिया। अनुभवी फिल्म एवं थियेटर अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के साथ तीन शहरों की खोज मुंबई से शुरू होकर चंडीगढ़ से होती हुई कोरम क्लब, गुरुग्राम में संपन्न हुई। इस सफर में नसीरुद्दीन शाह ने चुनिंदा दर्शकों को प्रेमचंद की लोकप्रिय कहानी 'शतरंज के खिलाड़ी' पढ़कर सुनाई। इस कहानी में अवध दरबार के दो दरबारियों के बीच के शतरंज के खेल को प्रतीक के रूप में प्रयोग करते हुए दर्शाया गया है कि कैसे अंग्रेज भारतीय शासकों का प्यादों की तरह इस्तेमाल करते थे। शाह के पढ़ने के अंदाज से कहानी काव्यंग्य निखर कर सामने आया। कहानी पढ़ने के बादशाह और अभिनेत्री दिव्या दत्ता के साथ प्रेमचंद की कहानियों पर और साहित्यिक पात्रों को स्क्रीनया मंच पर उतारने में आने वाली जटिलताओं पर चर्चा हुई। शाह ने जुनून, मासूम, मिर्चमसाला जैसी कुछ क्लासिक फिल्मों और इस्मत चुगताई एवं सादत हसन मंटो के लिखे नाटकों में काम करने का अपना अनुभव भी साझा किया। विमर्श के दौरान श्याम बेनेगल जैसी हस्ती के साथ काम करने और ऐसे ही अन्य प्रकरण भी निकल कर सामने आए।

# सोने में 130 रुपए की गिरावट, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सराफा बाजार में सोमवार को सोना 130 रुपये की गिरावट के साथ 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,880 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 84,500 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित बनी रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली में हाजिर सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 130 रुपये कम है।

## हिंदुस्तान जिंक में बिक्री पेशकश पर फैसला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक में अपनी हिस्सेदारी बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिए बेचने के लिए प्रतिबद्ध है। खान सचिव वी एल कांता राव ने सोमवार को कहा कि इस बारे में बाजार की समीक्षा के बाद फैसला किया जाएगा। सरकार, हिंदुस्तान जिंक में सबसे बड़ी अल्पांश शेयरधारक है। उसके पास कंपनी में 29.54 प्रतिशत हिस्सेदारी है। राव ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'हम ओएफएस के लिए प्रतिबद्ध हैं।' खान मंत्रालय के हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की अलग इकाई बनाने की योजना को खारिज करने के बाद यह बयान आया है।

**PUBLIC NOTICE**

मैं, विमल पब्बी पुत्र हुकुमत राय पब्बी ने उनके बेटे पुनीत पब्बी पुत्र विमल पब्बी और उनकी पत्नी शाइनी चौधरी पत्नी पुनीत पब्बी के साथ उनके दुर्व्यवहार और बुरे रवैये के कारण सभी संबंध तोड़ लिए हैं और उन्हें सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है और उनके साथ सौदा करने वाला कोई भी व्यक्ति अपने जोखिम पर ऐसा कर सकता है।

North Macedonia 24 April 2024 presidential election 1st round 10000000% win to madam sister Gordana Siljanovska vmrodpmne.

8th May, 2nd round 100000000%.
If it is not come TRUE, I will stop my prediction.

He predicted 1000000% accuracy in the 1st round

predicted by
S ALEXANDER
Astrologer
Namakkal, Tamilnadu.
Mob: 8248126514

**जॉब**

☛ सुनहरा मौका वनविभाग ने निकाली सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10000 पदों पर) पद - वनरक्षक, क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी- 25670+35850/- आवेदन -10+12TH पास लड़के लड़कियां आवेदन हेतु- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो,मार्कसीट व्हाट्सएप /कॉल करें - 9046968782

# विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए स्थिर सरकार जरूरी: सीतारमण

**विशाखापत्तनम (भाषा)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्थिर सरकार जरूरी है। सीतारमण ने यहां गीतम यूनिवर्सिटी के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, /"हमारे प्रधानमंत्री ने लक्ष्य रखा है कि वर्ष 2047 तक हमें विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना है।/" उन्होंने कहा, /"इसके लिए हमें प्रयास करने होंगे, ताकि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़े और सभी लोगों तक लाभ पहुंचे। जीडीपी वृद्धि अपने-आप नहीं होती है, इसके लिए सूक्ष्म एवं व्यापक स्तर और जमीनी स्तर पर प्रयासों की जरूरत होती है।/"सीतारमण ने कहा कि जीडीपी की रैंकिंग के साथ देश की छवि भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय गणना के साथ ये सभी कारक भी मायने रखते हैं। उन्होंने कहा, /"जब तक जीडीपी नहीं बढ़ेगी, हम अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा नहीं कर पाएंगे। हमें निवेश एवं सेवाओं को बढ़ाने, शैक्षणिक संस्थानों और लोगों को घर खरीदने एवं कारोबार शुरू करने के लिए धन की जरूरत होती है।/" वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास की गति पर सवाल उठाने और भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को एक अंकगणितीय अपरिहार्यता बताने के लिए पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की आलोचना भी की।

## आरबीआई ने मौद्रिक नीति के बारे में सुझाव के लिए दो प्रमुख सर्वेक्षण शुरू किए

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण और उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण शुरू करने की घोषणा की। इन सर्वेक्षणों से द्विमासिक मौद्रिक नीति के लिए महत्वपूर्ण सुझाव मिलेंगे। अगली मौद्रिक नीति समीक्षा पांच-सात जून, 2024 को होगी। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण का मकसद गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ और तिरुवनंतपुरम सहित 19 शहरों में व्यक्तिगत खपत के आधार पर कीमतों में उतार-चढ़ाव और मुद्रास्फीति के प्रभाव का आकलन करना है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण (सीसीएस) का उद्देश्य सामान्य आर्थिक स्थिति, रोजगार परिदृश्य, मूल्य स्तर, परिवारों की आय और खर्च पर प्रतिक्रिया हासिल करना है। यह सर्वेक्षण अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंढीगढ़, चेन्नई और दिल्ली समेत 19 शहरों में किया जा रहा है। आरबीआई ने कहा कि सर्वेक्षण के नतीजे मौद्रिक नीति के लिए उपयोगी जानकारी प्रदान करते हैं।

## गुमशुदा लड़के की तलाश



रोहित गुप्ता

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम **रोहित गुप्ता** पुत्र प्रेमपाल गुप्ता स्थायी पता: 32 तेली घाट खुर्जा, नया गंज–2, जिला बुलन्दशहर, यूपी, वर्तमान पता: मकान नम्बर 3147, लाल दरवाजा, सीता राम बाजार, दिल्ली। आयु: 22 वर्ष, कद: 5'2" रंग गेहुंआ, शरीर सामान्य, चेहरा गोल पहचान के लिए दाँये हाथ पर माँ का टेटू बना हुआ है। मानसिक रूप से परेशान है जो नारंगी रंग की टी–शर्ट, नीले रंग की जींस तथा पैरों में नीले रंग की जूते पहने हुए दिनांक 02.04.2024 को अपने वर्तमान पते से लापता है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास करने के बावजूद भी इस लड़के के बारे में पता नहीं चल सका है। इस संदर्भ में डीडी संख्या 42ए दिनांक 04.04.2024 को थाना हौज काज़ी, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी व्यक्ति को इस लापता लड़के के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ईमेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-23011334
फोन नं.: 011-23014046, 23015218
DP/4433/CD/2024

थाना प्रभारी
थाना हौज काज़ी, दिल्ली
फोन: 011-23210414, 8750870425

## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म–कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान–पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह:** पठन–पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात–निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर–परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु:** रहन–सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान–पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।


**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान–पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन–सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## शब्द पहेली - 5497




**बाएँ से दाए-**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

**शब्द पहेली -5496 का हल**





## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
500 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर
1433 चौके
852 छक्के

## खबर संक्षेप



### हमेशा से बल्लेबाजों का खेल रहा है टी-20

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि टी20 प्रारूप हमेशा से बल्लेबाजों के अनुकूल रहा है और इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में तो यह एक कदम और आगे चला गया है। सनराइजर्स को चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को 78 रन से हराया। आईपीएल के इस सत्र में छह बार 250 से अधिक का स्कोर बन चुका है और 200 रन बनाकर भी जीत की गारंटी नहीं है। इससे पहले आईपीएल के इतिहास में दो ही बार 250 से अधिक का स्कोर बना था।

### लाहौर, कराची, रावलपिंडी में होंगे चैंपियंस ट्रॉफी के मैच



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। पिछली बार इंग्लैंड में 2017 में हुई चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी मार्च में हो सकती है। भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है तो। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा। पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाइब्रिड मॉडल पर किया गया था।

### ओलंपिक क्वालीफायर टीम में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने नए ट्रायल के लिए समय की कमी के कारण अगले महीने इस्तांबुल में अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए लगभग उसी टीम का चयन किया है जिसने बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में भाग लिया था। इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर में एशियाई क्वालीफायर की टीम में शामिल तीन पहलवानों 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और अंडर 23 विश्व चैंपियन रितिका (76 किग्रा) को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि इन्होंने पिछले महीने बिश्केक में कोटा स्थान पक्का कर लिया था।

# सिंधू-लक्ष्य और प्रणय समेत सात बैडमिंटन खिलाड़ी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

### साई मीडिया ने एक्स पर पोस्ट कर दी जानकारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के सात बैडमिंटन खिलाड़ियों ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ये सात खिलाड़ी चार अलग-अलग श्रेणी के हैं। साई मीडिया ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की है। इन सभी खिलाड़ियों ने रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

ओलंपिक इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक खेला जाएगा। इन सात खिलाड़ियों में से हाल में क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन हैं। इन दोनों ने पुरुष एकल वर्ग में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। वहीं, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू ने महिला एकल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। वह इस वर्ग में भारत की अकेली प्रतिद्वंद्वी हैं। सिंधू ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक और 2021 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। इससे पहले सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पहले ही पुरुष युगल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। दोनों की मौजूदा वर्ल्ड रैंकिंग तीन है। वहीं, महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीशा क्रास्तो की जोड़ी ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। इन सातों खिलाड़ियों के हाथों में बैडमिंटन में भारत को पदक दिलाने की जिम्मेदारी होगी।

## थॉमस कप : भारत ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह, इंग्लैंड को 5-0 से रौंदा



*चेंगडू। गत चैंपियन भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस कप बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने पहले मैच में थाईलैंड को 4-1 से हराया था। एच एच प्रणय ने हैरी हुआंग को 21-15, 21-15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बेन लेन और सीन वेंडी को युगल मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-15 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 से बढ़त दिला दी। दूसरी युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। आखिरी मैच में किरण जॉर्ज ने चोलान कायान को 21-18, 21-12 से मात दी। भारत का सामना आखिरी ग्रुप मैच में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया से होगा।*

### आईपीएल: फिल की फिफ्टी, वरूण ने झटके 3 विकेट

# चक्रवर्ती-सॉल्ट ने नाइट राइडर्स को दिल्ली पर 7 विकेट से जीत दिलाई

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



वरूण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट के तूफानी अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट हराकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। दिल्ली के 154 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने सॉल्ट की 33 गेंद में पांच छक्कों और सात चौकों से 68 रन की पारी की बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 157 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सॉल्ट ने सुनील नारायण (15) के साथ पहले विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी भी की। कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 33) और वेंकटेश अय्यर (नााबद 26) ने चौथे विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस जीत से नाइट राइडर्स के नौ मैच में छह जीत से 12 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर है। दिल्ली की टीम 11 मैच में 10 अंक के साथ छठे स्थान पर है। दिल्ली ने इससे पहले चक्रवर्ती (16 रन पर तीन विकेट), हर्षित राणा (28 रन पर दो विकेट) और वैभव अरोड़ा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुलदीप यादव (26 गेंद में नाबाद 35, पांच चौके, एक छक्का) दिल्ली की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे जबकि उनके अलावा कप्तान ऋषभ पंत (20 गेंद में 27 रन, दो चौके एक छक्का) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स को सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। उन्होंने लिजाड विलियम्स की पहली गेंद पर चौके से खाता खोला और फिर इसी ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। नारायण ने भी इसी ओवर में चौके से खाता खोला।

**दिल्ली-153/9 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| पृथ्वी साव का सॉल्ट बो अरोड़ा | 13 |
| जेक का अय्यर बो स्टार्क | 12 |
| अभिषेक पोरेल बो राणा | 18 |
| शाई होप बो अरोड़ा | 06 |
| पंत का श्रेयस अय्यर बो चक्रवर्ती | 27 |
| अक्षर पटेल बो नारायण | 15 |
| स्टब्स का सॉल्ट को चक्रवर्ती | 04 |
| कुशाग्र का सॉल्ट बो चक्रवर्ती | 01 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 35 |
| सलाम का श्रेयस अय्यर बो राणा | 08 |
| लिजाड विलियम्स नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 13
कुल:20 ओवर में नौ विकेट पर:153 रन
विकेट पतन: 1-17, 2-30, 3-37, 4-68, 5-93, 6-99, 7-101, 8-111, 9-140
गेंदबाजी: स्टार्क 3-0-43-1, अरोड़ा 4-0-29-2, राणा 4-0-28-2, नारायण 4-0-24-1, चक्रवर्ती 4-0-16-3, रसेल 1-0-10-0

**केकेआर-157/3 (16.3)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिल सॉल्ट बो अक्षर | 68 |
| सुनील का फ्रेजर बो अक्षर | 15 |
| रिंकू का कुलदीप बो विलियम्स | 11 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 33 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 26 |

अतिरिक्त: 04
कुल:16.3 ओवर में तीन विकेट पर: 157 रन
विकेट पतन: 1-79, 2-96, 3-100
गेंदबाजी: विलियम्स 3-0-38-1, खलील 3-0-28-0, रसिक 2.3-0-30-0 अक्षर 4-0-25-2, कुलदीप 4-0-34-0

### भारतीय टीम के चयन से पहले लखनऊ-मुंबई के मुकाबले में नजरें राहुल पर

**लखनऊ।** टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिए दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। टी20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरुआत करते आए हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं। वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है। पंत की जगह टी-20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिए आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है। ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सकें। लखनऊ को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट से हराया था।

खास खबर

## तीरंदाज दीपिका टॉप्स में फिर हुई शामिल



**नई दिल्ली।** शंघाई में हाल ही में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को पेरिस ओलंपिक से पहले टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम में फिर शामिल किया गया है। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल पूरे सत्र में बाहर रही दीपिका ने हाल ही में वापसी की है और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा खेल रही है। तीन बार की ओलंपियन रिकर्व तीरंदाज दीपिका ने इस साल एशिया कप में भी पदक जीता। खेल मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स विकास ग्रुप में शामिल किया गया है जबकि प्रवीण जाधव को विकास से कोर ग्रुप में डाला गया है। पैरा पावरलिफ्टर अशोक को भी कोर ग्रुप में रखा गया है। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने 133वीं बैठक में स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह, अभय सिंह और वेलावन सेंथिल कुमार को भी टॉप्स विकास ग्रुप में रखा है ताकि वे 2028 लॉस एंजिलिस खेलों की तैयारी कर सकें।

### गेंदबाजों से एक कदम आगे रहते हैं यशस्वी



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी ने कहा कि गेंदबाजों से एक कदम आगे रहने की क्षमता के कारण ही ऋतुराज गायकवाड़ को आईपीएल के मौजूदा सत्र में इतनी सफलता मिली। पिछले मैच में नाबाद 108 रन बनाने के बाद चेन्नई के कप्तान गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 98 रन बनाए। हस्सी ने सनराइजर्स पर मिली जीत के बाद कहा, 'गायकवाड़ इतना शानदार खिलाड़ी है। मैं उससे पूछता रहता हूं कि उसके शानदार प्लेसमेंट का राज क्या है क्योंकि उसे हमेशा फील्डर के बीच में जगह मिल जाती है।'

## टी20 विश्व कप : न्यूजीलैंड टीम का ऐलान, विलियमसन को कमान

एजेंसी ▶▶| आकलैंड



**न्यूजीलैंड टीम :** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, ट्रेंट बोल्ट, मिशेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, लॉकी फर्ग्युसन , मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिम्मी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनेर, ईश सोढी, टिम साउदी। बेन सीयर्स (रिजर्व)।

केन विलियमसन चौथी बार टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की कमान संभालेंगे। अंगूठे की चोट से उबर रहे सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे को भी जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

कोंवे अंगूठे की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हैं। टीम में गेंदबाज मैट हेनरी और बल्लेबाजी हरफनमौला रचिन रविंद्र ही दो खिलाड़ी हैं जो पहले टी20 विश्व कप नहीं खेले हैं। विलियमसन छठी बार टी20 विश्व कप खेलेंगे। वहीं टिम साउदी का यह सातवां टी20 विश्व कप होगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रहने वाले ट्रेंट बोल्ट को पांचवीं बार टी20 विश्व कप टीम में जगह मिली है।

### बृजेश, सागर और सुमित के पदक पक्के



*अस्ताना। भारत के बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने एशियाई अंडर 22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के कर लिए। बृजेश (48 किलो) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया। दोनों मुक्केबाजों ने एक एक दौर जीता लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की। सागर (60 किलो) और सुमित (67 किलो) ने क्रमशः थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के होंग सियो जिन को 5-0 से हराया। जितेश को 54 किलोवर्ग में कजाखस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी।*

## सेंथिल कुमार ने जीता बाश ओपन स्क्वाश



**पेरिस।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन चैलेंजर टूर्नामेंट जीत लिया है जो प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन टूर पर उनका आठवां खिताब है। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार ने फ्रांस के मेलविल स्कियानिमानिको को 11-6, 11-9, 11-6 से हराया। सेंथिल ने जीत के बाद कहा, 'मेलविल ने बेहतरीन खेल दिखाया। मुझे शुरू ही से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पड़ा और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका।'

### दो साल के कार्यकाल में होने हैं तीन बड़े टूर्नामेंट

# आईसीसी ट्रॉफी जीतना है कर्स्टन का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए एक सामान्य लक्ष्य रखा है कि उसे अगले तीन साल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के तीन टूर्नामेंटों में से कम से कम एक ट्रॉफी जीतनी होगी। अब और 2026 के बीच होने वाली प्रमुख प्रतियोगिताओं में 2024 (अमेरिका और वेस्टइंडीज) और 2026 (भारत) में दो टी20 विश्व कप के साथ-साथ 2025 एकदिवसीय चैंपियंस ट्रॉफी भी शामिल है जिसकी मेजबानी पाकिस्तान करेगा। भारत की विश्व कप विजेता टीम के मुख्य कोच रह चुके कर्स्टन चाहते हैं कि बाबर आजम और उनकी टीम कम से कम एक टूर्नामेंट जीते। वर्तमान में आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मार्गदर्शक कर्स्टन को रविवार को वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज कर्स्टन के पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे से पहले 22 मई से अपनी नई जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। कर्स्टन से उनके कार्यकाल के दौरान उनके लक्ष्यों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पॉडकास्ट में कहा, 'अगर आप उन तीन आईसीसी प्रतियोगिताओं में से एक जीत सकते हैं तो यह एक शानदार उपलब्धि होगी, चाहे वह आगामी प्रतियोगिता हो या अब से दो साल बाद।'



### ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो

**लाहौर।** पाकिस्तान के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी जेसन गिलेस्पी चाहते हैं कि उनके 'प्रतिभाशाली' खिलाड़ी 'वास्तविक' बने रहें और किसी विशिष्ट पद्धति के अनुरूप अपने खेल में बदलाव नहीं करें। उनका कहना है कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रहने की जरूरत है। पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी को पुरुष टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया जबकि सफेद गेंद के प्रारूप में कोच की भूमिका दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सौंपी गई है।

## आर्सनल और सिटी जीते खिताब की दौड़ हुई रोचक

एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सनल ने टोटेनहम हॉट्सपर को 3-2 से हरा दिया जबकि गत चैंपियन मैनचेस्टर सिटी ने नॉटिंघम फोरेस्ट को 2-0 से शिकस्त देकर प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब की दौड़ को रोचक बना दिया है। आर्सनल ने एक बार 3-0 से बढ़त बना ली थी लेकिन आखिरी 20 मिनट में दो गोल गंवा दिए।

पियरे एमिली एच के आत्मघाती गोल और साका तथा केइ हेवटर्ज के गोल के दम पर आर्सनल को बढ़त मिली लेकिन दूसरे हाफ में क्रिस्टियन रोमेरो और सोन हियुंग मिन ने टोटेनहम के लिए गोल कर दिए। आर्सनल ने आखिरी



क्षणों में संयम बनाए रखकर बराबरी का गोल नहीं होने दिया। आर्सनल के अब दूसरे स्थान पर काबिज सिटी से एक अंक अधिक हैं लेकिन उसने एक मैच भी अधिक खेला है। एक अन्य मैच में बोर्नमाउथ ने ब्राइटन को 3-0 से हरा दिया।






400 टर्मिनल गेट और 5 रनवे की होंगी सुविधाएं

नाम है 'अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा'

एयरपोर्ट की 26 करोड़ यात्रियों तक की क्षमता

यह दुबई हवाई अड्डे के आकार से 5 गुना बड़ा

एयरपोर्ट बनाने का काम 2013 में हुआ था शुरू

# दुबई में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

एजेंसी ▶▶ काहिरा

बड़ी-बड़ी शानदार इमारतें बनाने वाला संयुक्त अरब अमीरात अब दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनाने जा रहा है। इसका नाम अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा। रविवार को दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल-मकतूम ने 128 बिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से एक नए यात्री टर्मिनल बनाने को मंजूरी दे दी है। इसमें पांच समानांतर रनवे और 400 विमान द्वार होंगे। दुबई का नया एयरपोर्ट विकास के नए द्वार खोलेगा और व्यापार और टूरिज्म के क्षेत्र में ये नया ग्लोबल सेंटर बनकर उभरेगा। बता दें कि इस एयरपोर्ट को बनाने का काम 2013 से ही शुरू कर दिया गया था।






## दुबई की स्थिति और होगी मजबूत

*दुबई की सरकारी स्वामित्व वाली एयरलाइन एमिरेट्स के अध्यक्ष शेख अहमद बिन सईद अल-मकतूम ने कहा कि यह हवाई अड्डा प्रमुख वाहक एमिरेट्स और उसकी कम लागत वाली एयरलाइन फ्लाईदुबई के साथ-साथ दुनिया को दुबई से जोड़ने वाले सभी एयरलाइन भागीदारों का नया घर साबित होगा। दुबई मीडिया कार्यालय ने दुबई एयरपोर्ट्स के सीईओ पॉल ग्रिफिथ्स के हवाले से कहा कि यह कदम विश्व मंच पर अग्रणी विमानन केंद्र के रूप में दुबई की स्थिति को और मजबूत करेगा।*

## डिजाइन में बदलाव से बढ़ी यात्रियों की संख्या

*बता दें कि इस एयरपोर्ट को बनाने का काम संयुक्त अरब अमीरात ने 2013 में शुरू किया था। रिपोर्ट के मुताबिक इस एयरपोर्ट की क्षमता बढ़ाने के लिए नई तकनीक की मदद से इसे दोबारा डिजाइन किया जा रहा है। पुराने डिजाइन के मुताबिक इस एयरपोर्ट की क्षमता करीब 10 करोड़ यात्रियों की बताई गई थी, जबकि अब इसे 26 करोड़ तक बढ़ाया गया है।*

## इसी वर्ष 8.82 करोड़ यात्री आने की उम्मीद

*दुबई एयरपोर्ट के सीईओ पॉल ग्रिफिथ्स के मुताबिक, वह ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस एयरपोर्ट में निवेश बढ़ाने के बारे में सोच रहे हैं। एक पूर्वानुमान के मुताबिक, 2024 में इस हवाई अड्डे से 8.82 करोड़ और 2025 में 9.38 करोड़ यात्रियों के यात्रा करने की उम्मीद है।*

---

सीडीएस जनरल चौहान एक सप्ताह की फ्रांस यात्रा कर लौटे भारत

# सशस्त्र बलों की क्षमताओं के निर्माण पर फ्रांसीसी रक्षा कंपनियों से... 'बड़ी डील'



*जनरल चौहान ने लगभग एक सप्ताह लंबी फ्रांस यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और उनकी यह यात्रा शनिवार को संपन्न हुई।*

**दासॉल्ट एविएशन, सफरान और नेवल ग्रुप सहित कई फ्रांसीसी रक्षा कंपनियों से मिले**

**भारत और फ्रांस साझेदारी ने समय के साथ गति पकड़ी**

**उच्च-स्तरीय दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर जोर**

**यात्रा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत किया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की क्षमताओं के निर्माण के उद्देश्य से दासॉल्ट एविएशन, सफरान और नेवल ग्रुप सहित कई फ्रांसीसी रक्षा कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत की। जनरल चौहान ने लगभग एक सप्ताह लंबी फ्रांस यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और उनकी यह यात्रा शनिवार को संपन्न हुई। बता दें कि भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी ने समय के साथ महत्वपूर्ण गति पकड़ी है, अब यह और भी करीबी और बहुआयामी रिश्ते में विकसित हो गई है जो सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों तक फैली हुई है।

### सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर चर्चा

सीडीएस जनरल चौहान की फ्रांसीसी सशस्त्र बल मंत्रालय में सिविल एवं मिलिट्री कैबिनेट के निदेशक पैट्रिक पैलौक्स और सशस्त्र बल मंत्रालय में सैन्य कैबिनेट के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल विंसेंट जिराउड के साथ शीर्ष स्तर पर बातचीत हुई।
सीडीएस जनरल चौहान ने अपने समकक्ष जनरल थिएरी बर्कहार्ड के साथ भी बातचीत की। दोनों ने सामान्य हितों और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के क्षेत्रों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।
यात्रा के दौरान उच्च-स्तरीय दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों के आदान-प्रदान को बढ़ाने के लिए फ्रांस के आयुध महानिदेशालय में विचार-विमर्श किया गया, जिसके बाद फ्रांसीसी रक्षा उद्योग के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत हुई। इसमें डसॉल्ट, सफरान, नौसेना समूह और थेल्स एलेनिया स्पेस भी शामिल रहे।

### यात्रा से रणनीतिक साझेदारी को मिलेगा बल

सीडीएस ने इस क्षेत्र में शांति बढ़ाने की दिशा में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान पश्चिमी मोर्चे पर लड़ने वाले भारतीय अभियान बल के सैनिकों की असाधारण बहादुरी के लिए न्यूवे-चैपल और विलर्स-गुइस्लैन के युद्ध स्मारकों पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने फ्रांस की विस्तृत यात्रा पूरी की। इस यात्रा ने भारत और फ्रांस के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक साझेदारी की पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत किया है।

### द्विपक्षीय प्रशिक्षण को मिलेगा बढ़ावा

ज्ञात हो, फ्रेंच लैंड फोर्सेज कमांड, फ्रेंच स्पेस कमांड और स्कूल ऑफ मिलिट्री स्टडीज में आदान-प्रदान ने सुरक्षा चुनौतियों पर भारत का दृष्टिकोण प्रदान करते हुए अंतरिक्ष में रक्षा सहयोग बढ़ाने, आधुनिकीकरण की पहल और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के अवसर भी प्रदान किए हैं।

### खनिज शिखर सम्मेलन का लक्ष्य उत्पादन बढ़ाना

शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन, ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद और भारतीय सतत विकास संस्थान के सहयोग से खान मंत्रालय 29 से 30 अप्रैल तक नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में महत्वपूर्ण खनिज शिखर सम्मेलन: लाभकारी और प्रसंस्करण क्षमताओं को बढ़ाना" विषय पर शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि सम्मेलन का लक्ष्य उद्योग जगत से स्टेकहोल्डर्स को सीआरएम के घरेलू उत्पादन में तेजी लाने एवं भारत के आर्थिक विकास और सतत विकास से जुड़े उद्देश्यों का समर्थन करने के लिए आवश्यक ज्ञान, आपसी-जुड़ाव और उपकरणों की सुविधा प्रदान करना है।

# जयपुर और गोवा समेत कई हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है, ऐसे में सोमवार को देश के दो बड़े हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि जयपुर और गोवा हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। सभी हवाई अड्डों की गहन जांच की जा रही है। जयपुर एयरपोर्ट पर अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।




### सुबह मिली हवाई अड्डे पर बम की सूचना

दक्षिण गोवा के डाबोलिम हवाई अड्डे पर बम पर बम होने की सूचना मिली। हवाई अड्डे के निदेशक एसवीटी धन्मजय राव ने कहा कि उनके कार्यालय को सुबह हवाई अड्डे पर बम होने के बारे में एक ईमेल मिला। हम अब अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। हवाईअड्डे पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बम निरोधक दस्ता भी एयरपोर्ट पर मौजूद है। हम निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार काम कर रहे हैं।

### एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन को अज्ञात व्यक्ति ने भेजा ई-मेल

जयपुर एयरपोर्ट पर बम की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त रूप से गहन जांच की। एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के एसएचओ मोती लाल ने कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एयरपोर्ट अधिकारियों को बम विस्फोट की धमकी वाला एक ईमेल भेजा गया था। हालांकि जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने कहा कि इसी तरह की धमकी 26 अप्रैल को भी दी गई थी।




## मंगल गृह पर मकड़ियां... तस्वीर से दुनिया हैरान



*लंदन। मंगल ग्रह के दक्षिणी ध्रुव पर हजारों मकड़ियां देखी गई हैं। इन मकड़ियों की तस्वीर यूरोपियन स्पेस एजेंसी के एक्सोमार्स ट्रेस गैस ऑर्बिटर में लगे कलर एंड स्टीरियो सरफेस इमेजिंग सिस्टम ने ली है। इस तस्वीर ने दुनिया भर के वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। दरअसल, वंसत के मौसम में जब सूरज की किरणें मंगल ग्रह के दक्षिणी ध्रुव पर पड़ती हैं, तब वहां सर्दियों में जमा हुई कार्बन डाईऑक्साइड (सीओ2) इस तरह की मकड़ियों जैसा आकार ले लेती हैं। सूरज की रोशनी कार्बन डाईऑक्साइड की निचली परत को पिघलाती है, तो ऊपर की परतें इस तरह से आकृतियां बनाती हैं, जैसे मकड़ी हो। हर साल सर्दियों के बाद मंगल पर ये मकड़ियां दिखती हैं।*

### देश में दाल-रोटी चलाने के लिए पाक पीएम ने आईएमएफ के सामने फैलाया हाथ

**इस्लामाबाद।** पड़ोसी देश पाकिस्तान अपने हालात से उबर नहीं पा रहा। महंगाई और गरीबी से जूझ रहे देश के प्रधानमंत्री एक बार फिर पैसा मांगने पहुंचे हैं। इससे पहले भी पाकिस्तान 23 बार कर्जा मांग चुका है। पीएम शहबाज शरीफ ने आईएमएफ की प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा से मुलाकात की और नए ऋण कार्यक्रम पर चर्चा की। यूएई के रियाद में विश्व आर्थिक मंच की एक बैठक से इतर शरीफ ने 3 अरब अमेरिकी डॉलर (24 हजार करोड़ रुपए) की अतिरिक्त व्यवस्था हासिल करने में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक जॉर्जीवा का शुक्रिया अदा किया तथा आगे के लिए और सहायता मांगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109